दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 219 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 2 सितम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल शर्मा की अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक, पंजाब के मुख्यमंत्री से भी की बात

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी विभागों के बड़े अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक का आयोजन किया

**अनेक विषयों को लेकर चर्चा की और अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में कई जिलों में भारी बरसात का दौरा जारी है कई जगहों पर बाढ़ और जल भराव के हालात भी बने हुए हैं ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश की जनता को राहत पहुंचाने के लिए सरकारी स्तर पर हर संभव ज्यादा से ज्यादा कोशिश कर रहे हैं इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस, आपदा राहत विभाग और एनडीआरएफ से जुड़े बड़े अधिकारियों से लगातार बाढ़ और जल भराव से निपटने के लिए क्या-क्या प्रयास किया जा रहे हैं और किस तरह से लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है इन सब के बारे में नियमित रूप से फीडबैक ले रहे हैं सोमवार को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के सभी संभाग के आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिला कलेक्टर जिला, पुलिस अधीक्षक, पुलिस कमिश्नर सहित अन्य सभी सरकारी विभागों के बड़े अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बातचीत की और पंजाब सरकार को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया क्योंकि पंजाब में इन दोनों राजस्थान से भी ज्यादा बाढ़ के हालात बने हुए हैं और पंजाब के कुछ जिले राजस्थान की सीमा से जुड़े हुए हैं इसलिए पड़ोसी होने के नाते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगे बढ़कर पंजाब के मुख्यमंत्री से बातचीत की और प्रदेश के पंजाब के सीमावर्ती जिलों में बाढ़ से पीड़ित लोगों की मदद के लिए हर तरह से सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही है और इसके लिए बाकायदा प्रदेश के चिकित्सा विभाग से जुड़े अधिकारियों को पंजाब में एक मेडिकल की टीम भेजने के लिए कहा गया है तथा अन्य जरूरतमंद सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भी राजस्थान के अधिकारियों को कहा गया है यह भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता का ही उदाहरण है कि उन्होंने पंजाब सरकार से आगे बढ़कर बातचीत की और मानवता के नाते पंजाब के लोगों की तकलीफों को दूर करने के लिए राजस्थान से भी हर संभव मदद यह जाने का भरोसा दिलाया। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है लेकिन संकट के समय भजन लाल शर्मा ने पंजाब के मुख्यमंत्री से बातचीत करके उन्हें हर संभव मदद देने की बात कही है वह काबिले तारीफ है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जो बैठक अधिकारियों के साथ आयोजित की उसमें बाढ़ और जल भराव से जो नुकसान हुआ है उसके बारे में तो सवाल जवाब अधिकारियों से किया इसके अलावा फसल खराबी की रिपोर्ट जल्दी से जल्दी तैयार करने और संकट की इस घड़ी में हर तरह से जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं और एक-एक जिले की वस्तु स्थिति के बारे में उन्होंने जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और पुलिस के अधिकारियों से पूरा फीडबैक लिया है इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बजट घोषणाओं, राइजिंग राजस्थान के समझौता के क्रियान्वयन, राजस्थानी प्रवासी दिवस, राइजिंग राजस्थान के तहत दिसंबर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर भी मुख्यमंत्री ने चर्चा की, मुख्यमंत्री ने आगामी दिवाली त्योहार को देखते हुए सफाई व्यवस्था स्ट्रीट लाइट और अन्य विषयों को लेकर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए, केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की फीडबैक के बारे में भी मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से सवाल जवाब की है और पूरा फीडबैक लिया।

## अवैध खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को नोटिस भेजा, चार सप्ताह में देना होगा जवाब



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में अवैध खनन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान राजस्थान सरकार को नोटिस भेजा है इस नोटिस का जवाब कर सप्ताह में प्रस्तुत करने के लिए सरकार को कहा गया है। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में बजरी ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन की ओर से याचिका प्रस्तुत की गई थी जिसमें कहा गया था कि राजस्थान में अवैध खनन की वजह से बजरी ट्रक ऑपरेटर यूनियन से जुड़े वाहनों का धंधा पूरी तरह से चौपट हो गया है जिसकी वजह से ट्रक के मालिक की हालत तो काफी खराब हो ही गई है इसके अलावा रोजगार नहीं मिलने की वजह से ट्रक के चालक परिचालक और अन्य लोग जो इस धंधे से जुड़े हुए हैं उनकी रोजी-रोटी खतरे में पड़ गई है, यह याचिका नवीन शर्मा और अन्य की ओर से प्रस्तुत की गई थी जिसकी सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को नोटिस देकर चार सप्ताह में इसका जवाब देने को कहा गया है उल्लेखनीय है कि राजस्थान में अवैध खनन और अवैध बजरी संचालन के मामले अब से नहीं बल्कि कई सालों से सरकारों के लिए चुनौती बने हुए हैं चाहे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही हो या फिर कांग्रेस पार्टी के सरकार हर सरकार के समय राजस्थान विधानसभा में भी अवैध बजरी खनन और अवैध खनन के मामले विधानसभा के सदस्यों की ओर से लगातार उठाए जाते रहे हैं सरकारों ने अवैध खनन को रोकने के लिए अपनी ओर से कई तरह के प्रयास भी किए लेकिन अवैध खान कारोबार से जुड़े लोग निचले स्तर पर कहीं ना कहीं मिली भगत करके अपने कारोबार को बेधड़क संचालित करते नजर आए इसीलिए अब बजट ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका प्रस्तुत करके अपनी पीड़ा व्यक्त की है और इस मामले में न्याय की गुहार की है यह कटु सत्य है कि राजस्थान में अवैध खनन और अवैध बजरी संचालन में बड़े-बड़े राजनेता बड़े-बड़े पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग रहता है जिसकी वजह से प्रदेश में अवैध खनन के मामले कम होने की वजह लगातार बढ़ते रहते हैं इससे एक तरफ जहां राजस्थान सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान होता है तो दूसरी तरफ कई बार ऐसा भी देखने को मिला जब अवैध बजरी और अवैध खनन का कारोबार करने वाले लोग इस मामले में दबंगई दिखा देते हैं और अवैध खनन सामग्री से से भरी वाहन के चालक कई बार वन विभाग पुलिस विभाग और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी अपनी गाड़ियां चढ़ा देते हैं।

## अमित शाह के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग जयपुर में

**जयपुर (कासं.)**गृहमंत्री अमित शाह के विमान की जयपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई क्योंकि दिल्ली में मौसम खराब होने की वजह से उनका विमान दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग नहीं कर पाया इसलिए उनके विमान की इमरजेंसी लैंडिंग जयपुर एयरपोर्ट पर की गई है सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य सचिव सुधांशु और अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी जयपुर एयरपोर्ट परपहुंचे सूचना मिली है कि अमित शाह सोमवार की रात जयपुर विश्राम कर सकते हैं हालांकि उनके सड़क मार्ग से दिल्ली जाने का कार्यक्रम भी हो सकता है लेकिन बताया गया है कि अमित शाह जयपुर में ही रात्रि विश्राम करेंगे द्य जानकारी के अनुसार अमित शाह जम्मू और कश्मीर में बाढ़ का हालात की समीक्षा करने के लिए रविवार को गए थे सोमवार को जम्मू से दिल्ली से उनके विमान ने उड़ान भरी।

## पहले ही दिन विधानसभा में हंगामा, पक्ष विपक्ष में तीखी बहस

### विपक्ष के सदस्यों ने लगाई वोट चोर गद्दी छोड़ नारे लगाए तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने गाली बाज राहुल गांधी नारे लगाए, सदन की कार्रवाई बुधवार 11.00 तक स्थिति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार को आरंभ हुआ लेकिन विधानसभा के पहले ही दिन भारी हंगामा देखने को मिला सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी बहस हुई विपक्ष के सदस्य जहां वोट चोर,गद्दी छोड़ नारे लगा रहे थे तो सत्ता पक्ष के सदस्य गाली बाज राहुल गांधी नारे लगा रहे थे काफी शोरगुल और नारेबाजी को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दोनों ही पक्षों के सदस्यों को बार-बार संयम रखने की अपील की लेकिन उनकी अपील का कोई असर सदन में नहीं हुआ और नारेबाजी होती रही।

बार-बार अपील करने के बावजूद भी विपक्ष के सदस्य शांत नहीं हुए तो विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि सदन की गरिमा बनाई रखनी चाहिए उन्होंने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को इंगित करते हुए यह भी कहा कि उनकी भाषा का स्तर ठीक नहीं है और यह उचित नहीं माना जाएगा। कांग्रेस की ओर से नारेबाजी के जवाब में भाजपा विधायकों ने भी आक्रामक तेवर अपना लिए और वोट चोरी गद्दी छोड़ो नारे के जवाब में उन्होंने गाली बाज राहुल गांधी के नारे लगने लगे जिसकी वजह से सदन का माहौल और भी गर्म हो गया जिस पर वासुदेव देवनानी ने कहा कि सदन को सुचारू रूप से चलना है और इसे किसी बाजार या चौराहे का मंच नहीं बनने दिया जाएगा द्य हंगामा के बीच ही दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई और श्रद्धांजलि देने के बाद विधानसभा की कार्रवाई को बुधवार 11.00 तक स्थगित कर देने की घोषणा वासुदेव देवनानी कर दी सदन के शोरगुल के बीच एक और महत्वपूर्ण विषय भी सामने आया जब निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने सदन में खेजड़ी संरक्षण को लेकर बोलने लगे उनके हाथ में एक पोस्टर था उन्होंने सरकार से जल्दी से जल्दी खेजड़ी संरक्षण कानून लागू करने की मांग की भाटी ने चेतावनी भी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कदम नहीं उठा तो वह इस मुद्दे पर आंदोलन करेंगे। निर्दलीय विधायक लंबे समय से प्रदेश के पश्चिमी जिलों में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों की ओर से जो प्रोजेक्ट संपादित किया जा रहे हैं उनमें खेजड़ी के पेड़ों को बड़ी संख्या में काटा गया है जिसको लेकर वहां के नागरिक रविंद्र सिंह भाटी की अगुवाई में आंदोलन भी कर रहे हैं सोमवार को विधानसभा में रविंद्र सिंह भाटी ने खेजड़ी के संरक्षण कानून को लागू करने की पुरजोर मांग की।



### कांग्रेस के सभी विधायक विशेष शर्ट पहने थे जिस पर वोट चोर गद्दी छोड़ अंकित था

सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र में शामिल होने आए कांग्रेस पार्टी के सभी विधायक विशेष टी-शर्ट पहने हुए थे इस टीशर्ट पर वोट चोर गद्दी छोड़ नर अंकित था सभी विधायक प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के नेतृत्व में सामूहिक रूप से विधानसभा के मुख्य दरवाजे से अंदर दाखिल हुए सचिन पायलट भी अगली पंक्ति में थे उनकी शर्ट भी नारा लिखा हुआ था बातचीत के दौरान सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी ने जो मुद्दा उठाया है वह देश का मुद्दा है किसी एक स्टेट का मुद्दा नहीं है हर व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार है उसे मतदान से वंचित नहीं रखा जा सकता इसलिए मतदाता के अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी देश की जनता के साथ खड़ी है और राहुल गांधी को पूरे देश का समर्थन मिल रहा है राजस्थान विधानसभा के पहले दिन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा नजर नहीं आए कांग्रेस के इन दोनों बड़े नेताओं का विधानसभा सत्र के पहले ही दिन सदन में नहीं आना राजनीति गलियों में चर्चा का विषय बना रहा पिछले विधानसभा के सत्र में भी गोविंद सिंह डोटासरा अपनी नाराजगी की वजह से उपस्थित नहीं दिख रहे थे उस समय कहा जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के बीच आपस में नहीं बन पा रही इसकी वजह से कहीं ना कहीं डोटासरा नाराज हैं इसीलिए सदन की बैठक में भी नहीं आए अब जिस तरह से सोमवार को डोटासरा सदन में नहीं आए उसके बाद लोगों में अब भी चर्चा है कि क्या डोटासरा की नाराजगी अभी दूर नहीं हुई है हालांकि डोटासरा ने पत्रकारों से पिछले दिनों कहा था कि राजस्थान विधानसभा में सरकार के नाक में नकल डालकर मजबूर कर देंगे

## बीजेपी वालों तैयार हो जाओ मैं हाइड्रोजन बम छोड़ रहा हूं- राहुल गांधी

**पटना की रैली में बोले राहुल गांधी जिन लोगों ने महात्मा गांधी की हत्या की वह अब अंबेडकर के संविधान की हत्या कर रहे हैं**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पटना में अपनी मतदाता अधिकार यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित सभा में भारतीय जनता पार्टी को ललकारा और कहा कि बीजेपी वालों तैयार हो जाओ मैं अब हाइड्रोजन बम छोड़ने वाला हूं और यह बम छोड़ने के बाद नरेंद्र मोदी को सत्ता छोड़कर भागना पड़ेगा राहुल गांधी ने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि आपने एटम बम के बारे में सुना है मैं एटम बम से भी बड़ा हाइड्रोजन बम छोड़ रहा हूं मैंने वोट चोरी की सच्चाई पूरे देश के सामने रखी है अब इस हाइड्रोजन बम से नरेंद्र मोदी को सत्ता छोड़कर भागना पड़ेगा राहुल गांधी ने सभा में जोर देकर कहा कि बिहार एक क्रांतिकारी प्रदेश है और उनकी इस यात्रा को बिहार में बच्चे युवा और बुजुर्ग सभी ने पूरा समर्थन किया बिहार के लोगों ने उनकी इस यात्रा के माध्यम से पूरे देश की जनता को वोट चोरी के बारे में संदेश दिया है और पूरा देश अब वोट चोरी को समझ चुका है। उन्होंने सभा में लोगों से कहा कि भाजपा की सरकार आपका राशन कार्ड और अन्य सुविधाओं को हड़प कर अडानी अंबानी को दे देगी आपके पास कुछ भी नहीं बचेगा यह पूंजी पतियों की सरकार है सिर्फ पूंजी पतियों के हितों की रक्षा करने में जुटी हुई है इसलिए पूंजी पत्तियों की सरकार को देश से भागना ही पड़ेगा। सभा में तेजस्वी यादव ने सोमवार को फिर कहा कि बिहार के वर्तमान सरकार नकलची सरकार है बिहार के वर्तमान सरकार उन योजनाओं को ही लागू कर रही है जिन लोगों को उन्होंने लागू किया था उन्होंने कहा कि हमने युवा बोर्ड बनाने की घोषणा की अब बिहार की सरकार युवा बोर्ड बनाने की बात कहती है हमने किसानों को फ्री बिजली देने की बात कही अब बिहार सरकार किसानों को फ्री बिजली देने की बात कह रही है उन्होंने कहा कि मैं आगे आगे चल रहा हूं और मेरे पीछे-पीछे भाजपा की सरकार चल रही है उन्होंने लोगों से कहा कि आपको नकलची मुख्यमंत्री चाहिए या फिर असली मुख्यमंत्री यह अब आपको तय करना है यानी तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से सोमवार को राहुल गांधी की उपस्थिति में ही खुद को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में घोषित किया इससे पहले भी उन्होंने आरा में आयोजित सभा में खुद को राहुल गांधी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में बताया था द्य सोमवार को राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा का समापन हो गया इससे पहले पटना के गांधी मैदान पर सभा आयोजित की गई और फिर राहुल गांधी के नेतृत्व में सभा में आए लोगों ने गांधी मैदान से अंबेडकर सर्किल तक पैदल मार्च किया सभा में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनीउपस्थिति दर्ज करवाई राहुल गांधी ने पिछली 17 अगस्त को बिहार के सासाराम से अपनी इस यात्रा का शुभारंभ किया था यह यात्रा बिहार के 25 जिलों में कई विधानसभा क्षेत्र को कर करते हुए सोमवार को पटना पहुंची और पटना में एक बड़े पैदल मार्च का आयोजन करके इस यात्रा का समापन किया गया इस मौके पर गांधी मैदान में बड़ी सभा का आयोजन किया गया जिसमें तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे इसके अलावा कई बड़े नेता इस कार्यक्रम में नजरआए बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव इस पूरी यात्रा के दौरान साथ-साथ नजर आए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भी इस यात्रा को पूरा समर्थन मिला पटना में आयोजित जनसभा में अखिलेश यादव ने भी अपनी उपस्थिति दिखाई।

## मोदी -पुतिन बात करते रहे, पाक प्रधानमंत्री शाहाबाद हाथ बांधे खड़े रहे

**नरेंद्र मोदी को अपनी गाड़ी में बिठाने के लिए 10 मिनट तक इंतजार करते रहे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीनी यात्रा काफी अच्छी कहीं जा सकती है इस यात्रा में एक बार फिर से रूस और भारत की जिगरी दोस्ती उजागर हुई है, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नरेंद्र मोदी को अपनी गाड़ी में बिठाकर ले जाने के लिए करीब 10 मिनट तक मोदी का इंतजार करते रहे बाद में मोदी को अपनी गाड़ी में बिठाकर शिखर सम्मेलन स्थल से होटल तक लेकर गए मोदी और पुतिन के बीच गाड़ी में तो विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई इसके अलावा दोनों नेताओं के बीच अलग से भी बातचीत हुई। मोदी और पुतिन के बीच ऊर्जा, आर्थिक, व्यापार और वित्तीय जैसे मामलों में व्यापक चर्चा हुई और व्लादिमीर पुतिन नरेंद्र मोदी को प्रिय मित्र कहकर संबोधित भी किया पुतिन और मोदी ने पाक प्रधानमंत्री शाहाबाद को देखा तक नहीं-जिस जगह पर शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा था वहां पर फोटो सेशन से पहले और फोटो सेशन के बाद नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों काफी देर तक आपस में बातचीत करते रहे लेकिन इन दोनों नेताओं ने वाहन मौके पर खड़े पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहाबाद को देखा तक नहीं शाहाबाद मोदी और पुतिन को बात करते देखते रहे, फोटो सेशन के दौरान ही चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग, पुतिन और नरेंद्र मोदी तीनों के बीच भी बातचीत हुई लेकिन शाहाबाद हाथ बांधकर चुपचाप खड़े रहे। चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ नरेंद्र मोदी की अलग से बैठक भी हुई है जिसमें बॉर्डर और व्यापार को लेकर विस्तार से बातचीत हुई है। मोदी की चीन की इस यात्रा के बाद निश्चित रूप से चीन और भारत के रिश्तों में काफी सुधार आएगा शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहाबाद की उपस्थिति में पाकिस्तान को जोरदार लताड लगाई और यह भी कहा कि आतंकवाद पर दोहरा मापदंड कुछ देश अपना रहे हैं जो ठीक नहीं है मोदी ने शिखर सम्मेलन में पहलगाम आतंकवाद हमले का जिक्र करते हुए कहा कि यह हमला भारत पर नहीं बल्कि उन देशों पर भी हुआ है जो मानवता में विश्वास रखते हैं उन्होंने कहा कि आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए चुनौती है इसके लिए दोहरा मापदंड नहीं अपनाना चाहिए द्य शिखर सम्मेलन में मोदी की ओर से आतंकवाद के विषय पर उठाए गए मुद्दों को प्रमुखता से जगह भी मिली डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति पर मोदी का यह चीन का दौरा काफी भारी पढ़ने वाला है क्योंकि इस चीन के दौर में नरेंद्र मोदी ने एक तरफ जहां चीन को इस मामले में विश्वास में लेने का प्रयास किया तो दूसरी तरफ व्लादिमीर पुतिन ने जिस तरह से नरेंद्र मोदी के प्रति अपना व्यवहार प्रकट किया उससे यह साफ जाहिर है कि रूस भारत का पक्का दोस्त है और रूस भारत के साथ हमेशा एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा इसलिए मोदी अब चीन रूस जापान जैसे देशों की मदद से डोनाल्ड ट्रंप को बहुत जल्दी ही बैक फुट पर धकेल देंगे।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
2 सितम्बर, 2025


## नेत्रदान पखवाडे के अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि नेत्रदान पखवाडे के अवसर पर राजकीय नर्सिंग कॉलेज में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रेजिडेन्ट चिकित्सकों, जीएनएमटीसी, बीएससी नर्सिंग, एएनएमटीसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में नर्सिंग छात्रा पूजा यादव का प्रथम पुरस्कार, मोनिका यादव का द्वितीय पुरस्कार एवं खुशी का तृतीय पुरस्कार हेतु चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. शिवानी थरेजा ने नेत्रदान के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान डॉ. मधुस्वरूव सक्सेना, डॉ. दीपा जैन, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## अतिवृष्टि से अलवर एवं राजगढ तहसीलों में क्षतिग्रस्त परिसम्पतियों की मरम्मत हेतु 691.52 लाख रूपये की राशि के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाए

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर ने बताया कि मानसून समय में एक दिन में 90 एमएम एवं 48 घण्टों में 100 एमएम से अधिक वर्षा होने के कारण सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत परिसम्पतियों के क्षतिग्रस्त होने पर एसडीआरएफ नॉर्म्स अंतर्गत सहायता राशि का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस मानसून समय में अलवर एवं राजगढ तहसीलों में एसडीआरएफ नॉर्म्स अंतर्गत क्षतिग्रस्त परिसम्पतियों की मरम्मत हेतु कुल 691.52 लाख रूपये की राशि के तात्कालिक मरम्मत के प्रस्ताव जिला स्तरीय कमेटी से अनुमोदन पश्चात राज्य सरकार को भिजवाए गए हैं, जिनमें 218 विद्यालयों हेतु 436 लाख, 45 आंगनबाडी केंद्रों हेतु 109.50 लाख, 8 स्वास्थ्य केंद्रों हेतु 16 लाख, 35 सडकों हेतु 83.62 लाख, 22 पंचायत भवनों हेतु 41 लाख एवं 9 पुलियाओं हेतु 5.40 लाख रूपये के प्रस्ताव शामिल है। राज्य सरकार स्तर पर स्वीकृत होने पर इन परिसम्पतियों की मरम्मत की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि 7 निजी आवासीय भवनों के नुकसान के प्रकरणों में नियमानुसार जांच कराकर प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी कठूमर एवं रैणी को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 24 घण्टे में 90 एमएम एवं 48 घण्टों में 100 एमएम बारिश होने पर मकान क्षतिग्रस्त होने, पशुहानि, जनहानि या अपंगता होने पर एसडीआरएफ नॉर्म्स अंतर्गत सहायता राशि के प्रावधान हैं। उन्होंने बताया कि विगत 2 दिवसों में थानागाजी तहसील में भी एसडीआरएफ नॉर्म्स अनुसार अधिक वर्षा होने के कारण क्षतिग्रस्त सार्वजनिक व निजी परिसम्पतियों के प्रस्ताव सहायता राशि हेतु उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से तैयार करवाए जा रहे हैं।

## 50 वर्ष बाद रूपा नदी का जलभराव, पैतृक गांव मानपुरा में ग्रामीणों के साथ भागीरथ चौधरी ने की पूजा-अर्चना

### केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने संसदीय क्षेत्र स्थित अपने पैतृक गांव मानपुरा में पांच दशक बाद रूपा नदी में बारिश का भरपूर पानी आने पर ग्रामीणों के साथ की पूजा अर्चना



जयपुर टाइम्स

**मानपुरा, (पुष्कर/अजमेर)** संसदीय क्षेत्र अजमेर के पुष्कर विधानसभा क्षेत्र में स्थित मानपुरा गांव से होकर बहने वाली ऐतिहासिक रूपा (रूपन) नदी लगभग 50 वर्षों के बाद मानसून की अच्छी वर्षा के कारण पूरे वेग से भरी। सोमवार को नदी के ताजगी भरे प्रवाह ने पूरे इलाके को उत्साह और उल्लास से सराबोर कर दिया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने अपने पैतृक गांव मानपुरा पहुँचकर ग्रामीणों के साथ नदी में पूजा-अर्चना की और ग्रामीणों के साथ जल में अठखेलियाँ कीं। उनके साथ नरवर, मानपुरा की ढाणी, निम्बोकिया की ढाणी, टिडानिया की ढाणी, भावनीखेड़ा और टिडाणा समेत आस-पास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान हर चेहरे पर मुस्कान और खुशी का माहौल देखने को मिला। रूपा नदी का उद्गम कायड़ के फूलसागर तालाब से होता है। यह नदी मानपुरा, सलेमाबाद और रूपनगढ़ होते हुए सांभर झील में समाहित होती है। स्थानीय मान्यता और लोकजीवन में इस नदी का विशेष महत्व है। पिछले पाँच दशकों से सूखी पड़ी इस नदी के प्रवाह को देखकर ग्रामीणों ने इसे ईश्वर की कृपा और समृद्धि का संकेत माना। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि रूपा नदी केवल जलधारा ही नहीं, बल्कि हमारे लोकजीवन और परंपराओं की जीवनरेखा है। 50 साल बाद इसे भरा हुआ देखना आनंद और आस्था का विषय है। यह हमें जल संरक्षण और प्रकृति के साथ संतुलन की महत्ता का संदेश देती है। पूरे क्षेत्र में नदी के बहाव को लेकर उत्सव जैसा वातावरण रहा। महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग सभी नदी तट पर पहुँचकर पूजा-अर्चना और हर्षोल्लास में शामिल हुए।

## मतदान दिवस पर रहेगा सवैतनिक अवकाश

**जयपुर (कासं.)**राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बुधवार 03 सितंबर 2025 को नगर निगम जयपुर हैरिटेज के वार्ड संख्या 63 के रिक्त पद के लिए उपचुनाव आयोजित होंगें। जिला निर्वाचन अधिकारी (म्युनिसिपल) डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आदेश जारी कर नगर निगम जयपुर हैरिटेज के वार्ड संख्या 63 के उप चुनाव के लिये संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कामगारों (आकस्मिक कामगारों सहित) को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देय होगा।

# जिला कलक्टर ने ली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखण्ड अधिकारियों की बैठक

### राजस्थान संपर्क पोर्टल व अन्य माध्यमों से प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित व गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें - जिला कलक्टर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखण्ड अधिकारियों की बैठक लेकर ई-गिरदावरी, सम्पर्क पोर्टल एवं एनएफएसए के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने बिन्दुवार समीक्षा कर उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) 2022 के अन्तर्गत शेष लम्बित आवेदनों का निस्तारण आगामी 15 दिवस में करना सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के पोर्टल ओपन होने के संबंध में भी आमजन को अवगत कराया जाए, ताकि पात्र व्यक्ति नए आवेदन कर सके। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार गिव अप अभियान के तहत अधिकाधिक सक्षम लोगों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना में से नाम हटवाने को प्रेरित करें। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आमजन की परिवेदनाओं का समाधान त्वरित गति से गुणवत्ता के साथ किया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतिदिन संबंधित अधिकारी पोर्टल का अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं के जल्दी निस्तारण में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई मॉनिटरिंग सिस्टम व अन्य जनसुनवाई से प्राप्त परिवेदनाओं का भी गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण किया जावे। जिला कलक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में नियमानुसार निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि ई-गिरदावरी व एफआरसी में जिले में अच्छी प्रगति हुई है। लम्बित 95 हजार गिरदावरी कार्यों में से 86 हजार कार्य 15 दिवस में निस्तारित कर दिए गए हैं, शेष 9 हजार गिरदावरी कार्य को आगामी दो दिवस में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि अतिवृष्टि के कारण होने वाले फसल खराबे की स्थिति में काश्तकारों की भूमि की समयबद्ध ई-गिरदावरी कराना सुनिश्चित करें। झ्र उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में भारी वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि जलाशयों, बांध, पहाड़ो, जोहड़, झरनों, नदियों के बहाव क्षेत्र एवं बरसाती नालों आदि स्थानों पर सुरक्षात्मक उपाय पुख्ता रखे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि असुरक्षित व जर्जर भवनों का किसी भी गतिविधि में उपयोग नहीं किया जावे। इस दौरान जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज, प्रशिक्षु आईएएस एश्वयर्म प्रजापति, डीएसओ विनोद जुनेजा सहित वीसी के माध्यम से समस्त उपखण्ड अधिकारी जुडे।

## झालावाड में छत गिरने से सात बच्चों की मौत पर सरकार की संवेदनहीनता कि विधानसभा में बच्चों को श्रद्धांजलि तक नसीब नहीं हुई- नेता प्रतिपक्ष जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर शोकाभिव्यक्ति से पूर्व ''व्यवस्था के प्रश्न'' के माध्यम से 27 जुलाई को झालावाड में स्कूल की छत गिरने से 7 मासूम बच्चों की दर्दनाक मृत्यु के विषय को उठाया और सदन की कार्य-सूची में शोकाभिव्यक्ति के माध्यम से मृतकों को श्रद्धांजलि दिये जाने वालों की सूची में उन्हें सम्मिलित नहीं किये जाने पर दुख व्यक्त किया। जूली ने बताया कि इससे प्रदेश की संवेदनहीन सरकार के मुखिया और उनके मंत्रियों की दलित और बच्चों के प्रति संवेदनहीनता उजागर होती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अभी तक अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम विद्यालय के फेर में पडी है लेकिन मनोहरथाना की दुखांतिका को याद करने से भी इनकी रूह कांपती है, क्योंकि इससे सरकार की लापरवाही उजागर होती है। प्रतिपक्ष के नेता जूली ने बताया कि जब यह घटना घटित हो गई, तब विभागों को निर्देशित किया जा रहा है, जर्जर इमारतों का सर्वे करवाया जा रहा है। सरकार के मुखिया की संवेदनहीनता देखिये वे मृतकों के पीडित परिवारों से मिलने तक नहीं गये और न ही घटनास्थल पर पहुंचे। शायद वे इसीलिये नहीं गये कि मामला अनुसूचित जनजाति के बालक-बालिकाओं का था, मुख्यमंत्री का दलितों के प्रति यह रवैया निन्दनीय है। जूली ने बताया कि मनोहरथाना दुखान्तिका के समय शिक्षा मंत्री दो द्विवसीय दौरे पर भरतपुर में थे, जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो वे बोले कि मैं अविल ब दौरा रद्द करके घटनास्थल पर पहुंच रहा हूं, लेकिन बडी दुखद बात है कि वे अगले दिन शाम को भरतपुर में मालाएं पहनकर स्वागत करवाते नजर आये, और इससे भी बडे दुख की बात है कि उन्हें विधान सभा की कार्य-सूची तक स्थान नहीं दिया गया, जबकि अन्य प्रदेशों में हुई दुखान्तिका के मृतकों की इस सदन में श्रद्धांजलि दी गई। जूली ने बताया कि जब सरकार की संवेदनहीनता की ओर सदन का ध्यान आकर्षित किया गया, तब उन्हें बोलने तक का अवसर नहीं दिया गया।

## प्रशासन के ध्यानार्थ प्रश्न भी ओर सुझाव भी

### तो आज जयसमंद में दुगना पानी होता

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अलवर में इन दिनों जबरदस्त बारिश होने के बाद भी जयसमन्द बांध में मात्र नो फीट ही पानी आ पाया है। इसका सबसे बड़ा कारण जयसमन्द झील में 10 फीट से ज्यादा सिल्ट जमा है ओर सैकड़ों अंडर ग्राउंड बोर भी चालू हालत में है। बार बार प्रशासन ओर मंत्री भूपेंद्र यादव, संजय शर्मा तथा जिला कलक्टर डॉ. आर्तिक शुक्ला को कई बार आग्रह किया लेकिन प्रशासन ने हमेशा नजरअंदाज किया, जिसका नतीजा है भारी बारिश के बाद भी जयसमन्द में पानी नहीं रुक रहा है। ये तो रेगुलर बारिश हो रही है अन्यथा ये पानी भी जमींदोज हो जाता। आज जयसमंद का दस फीट सिल्ट निकल जाता तो आज जयसमंद में दुगना पानी होता। ये अलवर का दुर्भाग्य है कि जिला प्रशासन ओर यूआईटी अलवर सिटी में पानी रिचार्ज के कॉम में लाखों रुपए का बजट खर्च करने में तो लगे है लेकिन उसकी कोई गारंटी भी नहीं है कि पानी रिचार्ज हो। आखिर वह कहावत सही होगी कि अब पस्ताए होते क्या जब चिडय़िा चुग गई खेतः- जयसमंद बांध में पानी की कमी के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ कमियां ये हैं कि सिल्ट जमा होना, जयसमंद झील में 10 फीट से ज्यादा सिल्ट जमा होने से बांध की जल संचयन क्षमता कम हो गई है। इससे पानी का स्तर बढने़ में परेशानी होती है, अंडरग्राउंड बोर, सैकड़ों अंडरग्राउंड बोर चालू हालत में होने से भी जल स्तर पर असर पड़ सकता है, बारिश की अनियमितता, अलवर में बारिश की अनियमितता भी एक कारण हो सकती है। इस साल अच्छी बारिश होने के बावजूद जयसमंद बांध में पानी की आवक कम हुई है, प्रशासनिक लापरवाही, आपके द्वारा बार-बार आग्रह करने के बावजूद प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से भी समस्या बढ़ सकती है जयसमंद बांध अलवर के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत है, और इसकी जल संचयन क्षमता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से सफाई और रखरखाव आवश्यक है। प्रशासन को इस समस्या का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

**अजय अग्रवाल, पूर्व सभापति, नगर परिषद अलवर**

## भाजपा नेता मोहित यादव विभिन्न कार्यक्रमों में हुए उपस्थित

### अंग प्रत्यारोपण जैसे कार्य समाज के लिए अमूल्य योगदान है - मोहित यादव





जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** भाजपा नेता मोहित यादव ने बहरोड़, कायसा और नीमराना क्षेत्र में आयोजित महत्वपूर्ण आयोजनों में अपनी उपस्थिति दर्ज की। बहरोड़ में कदम्ब डेवलेपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित वार्षिक दिवस समारोह 2025 एवं निःशुल्क अंग प्रत्यारोपण वितरण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर मोहित यादव ने संस्था के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोपण जैसे कार्य समाज के लिए अमूल्य योगदान हैं और ऐसे प्रयासों से मानवता को नई दिशा मिलती है। इसके बाद कायसा में श्री चित्था बाबा गौशाला समिति के भव्य उद्घाटन समारोह में मोहित यादव ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है और ऐसी समितियाँ ग्रामीण समाज को सशक्त बनाती हैं। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव की अनुशंसा पर कायसा में विधायक निधि से 10 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है। तीसरे कार्यक्रम के अंतर्गत नीमराना अंचल में माँ रेवती साधूराम लाइब्रेरी (सेवार्थ) निशुल्क 25 सीट का भव्य शुभारंभ भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मोहित यादव ने कहा कि पुस्तकालय समाज में ज्ञान, शिक्षा और नई पीढ़ी के भविष्य निर्माण का सबसे बड़ा साधन है और ऐसे प्रयास ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेंगे। इस अवसर पर मोहित यादव ने कहा कि समाज की असली ताक़त सेवा, संस्कृति, शिक्षा और विकास में निहित है। जब हम स्वास्थ्य, शिक्षा और परंपरा तीनों को साथ लेकर चलते हैं तभी क्षेत्र का संतुलित विकास संभव होता है। इस अवसर पर उनके साथ सीताराम यादव नगर परिषद सभापति, एडवोकेट प्रशान्त यादव मण्डल अध्यक्ष बहरोड, डॉ. जगत यादव, अनिल सरपंच, अर्जुन सरपंच, नवरत्न सरपंच, कर्मवीर यादव, अनिल बोहरा व पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ऑनलाईन साईबर फ्रॉड करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल व सिम बरामद

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** शिवाजीपार्क थाना पुलिस ने साईबर संग्राम के तहत ऑनलाईन साईबर फ्रॉड करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 एन्ड्रोड मोबाईल व 4 सिम बरामद की हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले मे ऑनलाईन ठगी, सैक्सटोर्शन, ओएलएक्स आदि फ्रॉड के विरुद्ध विनोद सामरिया पु.नि. थानाधिकारी शिवाजी पार्क के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर ऑनलाईन ठगी करने वालों (साईबर अपराध) के विरुद्ध साईबर फ्रॉड प्रभावित गावों में दबिश देकर 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया एंव 04 एन्ड्रोड मोबाईल व 04 सिम कार्ड बरामद किये गये। एसपी ने बताया कि ईलाका थाना शिवाजी पार्क विनोद सामरिया पु.नि. गठित टीम द्वारा साईबर फ्रॉड के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आसूचना तंत्र व तकनीकी साधनों की सहायता से दबिश देकर कार्यवाही करते हुए। विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम व विभिन्न अंजान लोगों से मोबाईल नंबरो पर कॉल व्हाट्सअप पर चैट के माध्यम से ऑनलाईन साईबर फ्रॉड करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं 04 एन्ड्रोड मोबाईल व 04 सिम कार्ड बरामद किये हैं। जिस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ताजिम खान निवासी खेडाबास कैथवाडा पुलिस थाना कैथवाडा जिला डीग तथा मौह मद युसुफ निवासी खेडा बास कैथवाडा पुलिस थाना कैथवाडा जिला डीग शामिल है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल करने वाली गठित पुलिस टीम में जहां विनोद सामरिया पु0नि0 थानाधिकारी, दयाराम स0उ0नि0, महेन्द्र कुमार कानि0 2038, रिन्कू कानि. 2534, मूलचन्द कानि0 975 पुलिस थाना शिवाजी पार्क जिला अलवर शामिल रहे।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु चिकित्सा अधिकारियों को दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, सम्भावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने पिछली जनसुनवाई में आए परिवादों में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का आगामी सात दिवस में निस्तारण करने के निर्देश दिए, जिला स्तरीय जनसुनवाई के प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना सहित विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को विधानसभा के दौरान विभागीय कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए साथ ही बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग रमेश धहमीवाल, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग जेपी बैरवा, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# भविष्य को देखते हुए लाया गया है धर्मानांतरण संबंधी कानून: मदन राठौड़

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)** राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश और देश में कई जगहों पर जबरन धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के मामले निरंतर सामने आ रहे हैं इसकी वजह से जबरन धर्म परिवर्तन से लोग मानसिक और शारीरिक रूप से आहत होते हैं कई भोले वाले लोगों और अनपढ़ लोगों को गलत तरीके से जाल में फंसा कर और प्रलोभन देकर उन्हें अपने जाल में फंसा कर उनका धर्म परिवर्तन करवा रहे हैं बाद में उन्हें काफी कष्ट भी झेलना पड़ता है इसलिए इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए और भविष्य में इस तरह की घटनाएं ना हो इसके लिए नए संशोधनों के साथ में धर्मांतरण संबंधी कानून लाया गया है मदन राठौड़ से पत्रकारों ने जब यह पूछा कि कितने मामले लव जिहाद और धर्मानांतरण के हैं तो उन्होंने कहा कि आप इस तरह का सवाल क्यों पूछ रहे हो आपने खुद फील्ड में जाकर देखा उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाएं हो रही है तभी तो यह कानून लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अगर अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन करता है तो उस पर कोई पाबंदी नहीं लेकिन कोई षडयंत्र पूर्वक, प्रलोभन देकर या फिर किसी की इच्छा के विरुद्ध कोई धर्म परिवर्तन करवाता है तो यह जगन्य अपराध है इसीलिए यह कानून लाया गया है । राठौड ने एक अन्य सवाल के जवाब में यह भी कहा कि अगर कोई संस्था या संगठन किसी बिल्डिंग में दफ्तर खोलकर गलत तरीके से जबरन धर्म परिवर्तन करवाएं तो जाहिर सी बात है उस बिल्डिंग पर भी कार्रवाई तो होगी ही क्योंकि बिल्डिंग भी अपराध में सहयोग तो कर ही रही है इसलिए जो अपराध में सहयोग करता है वह भी अपराधी होता है । एक अन्य अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि चुनाव आयोग अब से नहीं बल्कि हर साल मतदाता सूची के पुन निरीक्षण के काम को अंजाम देता है जिसमें जो 18 साल का हो जाता है उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाता है और जिनका निधन हो जाता है उसका नाम मतदाता सूची से हटाया जाता है या फिर किसी का एक जगह से दूसरी जगह मतदाता सूची में नाम जोड़ना यह सारे काम हमेशा हर साल होते रहे हैं बिहार में जो मतदाता सूची की जांच प्रक्रिया चल रही है वह कोई नई बात नहीं है लेकिन कांग्रेस पार्टी अवैधबांग्लादेशी और रोहिंग्या मतदाताओं के दम पर चुनाव जीतना चाहती है इसलिए वह बिहार में चुनाव आयोग की कार्रवाई का विरोध कर रही है पत्रकारों से बातचीत के दौरान मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को ना तो राजस्थान में और ना ही हिंदुस्तान में कोई मुद्दा मिल रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है भारत का विकास कांग्रेस पार्टी के नेताओं की आंखों में खटक रहा है इसलिए अगर वह कोई मुद्दा खोजना भी चाहे तो उन्हें कोई मुद्दा नहीं मिलता इसीलिए बेवजह के विषय और मुद्दे उछलकर लोगों को भ्रमित करने में लगे हुए हैं लेकिन हिंदुस्तान के लोग सब जानते हैं, पहले भी समय आने पर हिंदुस्तान के लोगों ने कांग्रेस को आइना दिखाया है और आगे भी आईना दिखाएंगे एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजस्थान में सत्ता और संगठन दोनों मिलकर अच्छा काम कर रहे हैं।

## *कुमार विश्वास की पत्नी मंजू शर्मा ने आरपीएससी मेंबर पद से इस्तीफा दिया*



**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)** पिछली गहलोत सरकार में राजस्थान लोकसभा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्ति पाने वाली मंजू शर्मा ने अपने पद से सोमवार को इस्तीफा दे दिया मंजू शर्मा प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास की पत्नी है और अजमेर की रहने वालीहैं पिछले दिनों हाईकोर्ट ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के दौरान दिए गए निर्णय में राजस्थान लोक सेवा आयोग के कुछ सदस्यों को लेकर भी टिप्पणी की थी इसके बाद से ही यह मांग उठने लगी थी कि जब हाईकोर्ट ने इस तरह की टिप्पणी कर दी है तो फिर सदस्यों को आगे बढ़कर इस्तीफा दे ही देना चाहिए अब मंजू शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन कहा जा रहा है कि हाई कोर्ट की ओर से की गई टिप्पणियों को मंजू शर्मा की ओर से डबल बेंच में चुनौती दी जा सकती है अभी आने वाला समय बताया कि इस मामले को लेकर मंजू शर्मा आगे क्या कदम उठा सकती हैं, लेकिन फिलहाल उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया और कहा कि संविधानिक संस्थाओं के प्रति भरोसा बना रहे और संवैधानिक पदों की मान मर्यादा के लिए उन्होंने इस्तीफा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपने जीवन में ऐसा कोई कार्य नहीं किया जो लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ हो और हमेशा निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया है उल्लेखनीय है की प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास और मंजू शर्मा के बीच अलवर में उस समय मुलाकात का सिलसिला शुरू हुआ था जब मंजू शर्मा अलवर के कॉलेज में पढ़ा करती थी उस समय कुमार विश्वास किसी कॉलेज में लेक्चरर पद पर नियुक्त हुए थे बाद में दोनों के बीच प्यार का रिश्ता शादी तक पहुंच गया मंजू शर्मा व्याख्याता है और राजस्थान विश्वविद्यालय से उन्होंने पीएचडी की हुई है पिछली गहलोत सरकार के समय कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में कुमार विश्वास को बुलाया गया था उसके बाद यह माना जा रहा था कि कुमार विश्वास और कांग्रेस के बीच नजदीकी बढ़ गई है बाद में मंजू शर्मा को गहलोत सरकार ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य पद पर नियुक्त करने के लिए राज्यपाल को सिफारिश भेजी गई थी पूर्व में एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से ई ओ भर्ती परीक्षा गड़बड़ी मामले में मंजू शर्मा से पूछताछ की गई थी हालांकि पूछताछ के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने मंजू शर्मा को क्लीन चिट दे दी थी शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा था कि कांग्रेस नेता गोपाल केसावट और अनिल कुमार ने मंजू शर्मा के नाम पर उससे पैसे लिए थे इसी मामले में प्रशासन निरोधक ब्यूरो ने मंजू शर्मा से पूछताछ की थी।

# जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में बारिश से निपटने को जिला प्रशासन मुस्तैद

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले में लगातार हो रही बारिश और वर्षाजनित परिस्थितियों ने जनजीवन को प्रभावित किया है। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और राहत एवं बचाव कार्यों को मिशन मोड पर अंजाम दे रहा है। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं हालातों की निगरानी कर रहे हैं तथा फील्ड से प्राप्त सूचनाओं पर पल-पल नज़र बनाए हुए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. सोनी के निर्देश पर सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और राजस्व अधिकारी



वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इन दौरों के दौरान अधिकारियों ने कॉलोनियों, बस्तियों और ग्रामीण इलाकों में जलभराव, जर्जर भवनों की स्थिति और अन्य नुकसान का जायजा लिया। कई स्थानों पर तत्काल पंपसेट लगाकर पानी की निकासी करवाई गई, नालों की सफाई की गई और जहां यातायात अवरुद्ध था वहां मशीनरी लगाकर मार्गों को बहाल किया गया। आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया और मौके पर ही आवश्यक समाधान सुनिश्चित किया गया। प्रशासन ने विशेष रूप से निचले और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई है। जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री, पेयजल और आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा और चारे-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी ठोस कदम उठाए गए हैं। शिक्षा विभाग को विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयां, एम्बुलेंस और अन्य आपात सेवाओं की तत्परता बनाए रखने के आदेश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर डॉ. सोनी ने आमजन से अपील की है कि वे वर्षाजनित परिस्थितियों में अतिरिक्त सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत नियंत्रण कक्ष या स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके। साथ ही नागरिकों से आग्रह किया गया है कि बहते पानी की रपट या पुलिया को पार करने से बचें, बच्चों को जलभराव वाले क्षेत्रों और नालों से दूर रखें तथा जलस्रोतों के पास जाने से परहेज करें। प्रशासन द्वारा स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे सहायता उपलब्ध है। किसी भी आपात स्थिति में आमजन दूरभाष नंबर 0141-2204475 और 0141-2204476 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला कलेक्टर ने विश्वास दिलाया कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ हर नागरिक को राहत और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हाई कोर्ट में यूनिवर्सिटी ने कहा- चुनाव करवाना सरकार का क्षेत्राधिकार



**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)** छात्र संघ चुनाव के मामले में सोमवार को राजस्थान हाई कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से दिए गए जवाब में कहा गया कि छात्र संघ चुनाव करवाना राज्य सरकार का क्षेत्राधिकार है अगर सरकार रहेगी तो चुनाव करवा देंगे, जवाब में यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से कहा गया की नई शिक्षा नीति का हवाला देते हुए वर्ष 2023 में छात्र संघ चुनाव नहीं करवाए गए थे नई शिक्षा नीति में छात्र संघ चुनाव को लेकर कोई प्रावधान नहीं है जवाब में कहा गया कि छात्र संघ चुनाव करवाने से शैक्षणिक गतिविधियां बाधित होती हैं और कई तरह की गतिविधियों से स्टूडेंट वंचित रहते हैं हाई कोर्ट में यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से इस मामले में राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए एफिडेटेड का समर्थन भी किया उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो से राजस्थान में छात्र संघ चुनाव का मामला काफी गर्म है, एक तरफ जहां विभिन्न छात्र संगठन छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर सड़कों पर हैं तो दूसरी तरफ राजस्थान सरकार छात्र संघ चुनाव नहीं करवाने के मूड में नजर आ रही है यह मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है हाई कोर्ट ने इस मामले में राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रशासन और राजस्थान सरकार दोनों से जवाब प्रस्तुत करने को कहा था इसी मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से सोमवार को हाई कोर्ट में जवाब प्रस्तुत किया गया जिसमें राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रशासन ने यह पूरा मामला राजस्थान सरकार की झोली में डाल दिया और हाई कोर्ट में साफ कहा कि सरकार चाहे तो चुनाव करवा देंगे, छात्रसंघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर पिछले दिनों जयपुर के शहीद स्मारक पर एनएसयूआई की ओर से एक बड़ा विशाल प्रदर्शन किया गया था जिसमें सचिन पायलट ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई थी इसके अलावा विधायक मुकेश भाकर रामनिवास गावड़िया और अभिमन्यु पूनिया सहित सचिन पायलट के कई करीबी नेता और एनएसयूआई से जुड़े छात्र इसमें शामिल हुए थे इस मामले को लेकर पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता भी जोर-जोर से छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग कर रहे थे लेकिन अभी पिछले कुछ दिनों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संघ चुनाव को लेकर थोड़ा चुप बैठ गई है लेकिन एनएसयूआई इस मामले को अब भी जोर-जोर से उठाए हुए हैं द्य अब देखना यह है कि इस मामले में हाई कोर्ट क्या निर्णय करता है।

## सदन में माइक कर दिया बंद, जयपुर ग्रामीण, अलवर और कोटा सीट भी वोट चोरी से जीती टीकाराम जूली

**जयपुर टाइम्स**



**जयपुर(कासं.)** राजस्थान विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने सदन में माइक बंद करने का लगाया आरोप और कहा कि राजस्थान की जनता ने उन्हें सदन में विपक्ष की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी है इसलिए जनता की आवाज को माइक बंद करके दबा नहीं सकते जनता की आवाज को सुनना ही पड़ेगा । जूली ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बाढ़ और जल भराव से प्रदेश में जोरदार तबाही मची हुई है, बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है और फसल चौपट हो गई है लेकिन सरकार सदन में दिवंगत आत्माओं शांति के लिए सदन में शोक व्यक्त तक नहीं करना चाहती थी जबकि हम यह चाहते थे कि दिवंगत आत्माओं के लिए सदन में शोक प्रकट किया जाए उन्होंने कहा कि झालावाड़ हादसे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज तक मृतक के परिजनों के घर पर सांत्वना देने के लिए नहीं गए यहां तक की विधानसभा अध्यक्ष कोटा तक कार्यक्रम में चले गए लेकिन उन्होंने झालावाड़ जाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देना मुनासिब नहीं समझा उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मामला राजस्थान महाराष्ट्र बिहार उत्तर प्रदेश गुजरात तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरी देश से जुड़ा मामला है वोट चोरी से भाजपा ने केंद्र में और कई राज्यों में सरकारी बनाई है उन्होंने कहा कि जयपुर ग्रामीण अलवर और कोटा लोकसभा सीट भी भारतीय जनता पार्टी ने वोट चोरी करके ही जीती है इसीलिए आज कांग्रेस पार्टी ने वोट चोरी के मामले को सदन में उठाना चाहा लेकिन सत्ता पक्ष इस मामले पर चर्चा करना ही नहीं चाहता टीकाराम जूली ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि धर्मांतरण संबंधी कानून पहले से ही राज्य में लागू है अब इसका नया स्वरूप क्या है जब यह चर्चा के लिए सदन में आएगा तब इसको देखेंगे पत्रकारों से बातचीत के दौरान टीकाराम जूली ने कहा कि बिहार में चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने जानबूझकर गलत तरीके से लाखों मतदाताओं के नाम हटा दिए हैं और लाखों नए नाम जोड़े गए हैं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने प्रमाण के साथ वोट चोरी का मामला उठाया लेकिन चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के इस मामले पर कुछ भी कार्रवाई नहीं की यह लोकतंत्र और संविधान की महान मर्यादा के लिए ठीक नहीं कहा जा सकता।

## राज्यपाल की रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी पर शुभकामनाएं

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी (2 सितम्बर) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल बागडे ने कहा कि लोक देवता रामदेवजी और तेजाजी का जीवन लोक कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने रामदेव जी और तेजाजी के बताए आदर्श मार्ग को अपनाते हुए दीन- दुखियों की सेवा और प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखते कार्य करने का आह्वान किया है।

# पूरा देश वोट चोर,गद्दी छोड़ का नारा लगा रहा है- गोविंद सिंह डोटासरा

## पूर्व मंत्री ममता भूपेश ने समारोह पूर्वक कार्यभार संभाला, कई बड़े नेता रहे मौजूद

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)**राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की नव-नियुक्त अध्यक्ष पूर्व मंत्री ममता भूपेश ने सोमवार को समारोह पूर्वक कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर तोतूका भवन, जयपुर में आयोजित समारोह में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम, कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्तागण शामिल हुए।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि आज दोहरी खुशी का अवसर है कि पूर्व मंत्री ममता भूपेश ने



प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग का कार्यभार ग्रहण किया है और विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम भी इस अवसर पर मौजूद है। उन्होंने कहा कि इसी स्थान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि राजस्थान में कांग्रेस का सबसे अच्छा संगठन बना है और यह संगठन आज जो सैकड़ो की संख्या में सामने कांग्रेस के योद्धा खड़े हैं जो हमेशा पार्टी के लिए संघर्ष करते हैं, यह संगठन उनके कारण बना है। उन्होंने कहा कि आज देश में जो माहौल है वह सभी ने देखा है लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने संविधान बदलने की बात की थी और हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी को आईना दिखा दिया कि संविधान कोई नहीं बदल सकता है, क्योंकि संविधान लोगों की आत्मा है और हमारा देश इस संविधान के आधार पर ही चलता है, केंद्र सरकार मनमर्जी से संविधान बदलने का कार्य नहीं कर सकती। इसी मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी को केवल 240 सीटों पर ही रोकने का काम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने किया था। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए राहुल गांधी "वोटर अधिकार यात्रा" निकाल रहे हैं और पूरा देश "वोट चोर-गद्दी छोड़" का नारा लगा रहा है क्योंकि जिस वोट की आजादी हमारे संविधान में दी थी उसे बचाने के लिए और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आज संघर्ष करना पड़ रहा है। जब तक आम आदमी स्वतंत्रता से अपना वोट नहीं देगा अपने विचार व्यक्त नहीं कर सकेगा तब तक देश तरक्की नहीं कर सकेगा। डोटासरा ने कहा कि ममता भूपेश किसी परिचय की मोहताज नहीं है। मंत्री के रूप में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा में माकूल जवाब देने का कार्य किया। सदन में कभी भारतीय जनता पार्टी के विधायक हावी नहीं हो सके ऐसी कुशल नेत्री को अनुसूचित जाति विभाग की जिम्मेदारी सौंपना फक्र की बात है इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम साधुवाद के पात्र है कि उन्होंने प्रदेश कांग्रेस से सलाह कर ममता भूपेश को अनुसूचित जाति विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि अब ममता भूपेश की जिम्मेदारी है कि प्रदेश भर में गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर लोगों के दु:ख, दर्द में शामिल होकर पार्टी की बेहतरी के लिए कार्य करते हुए जो जिम्मेदारी मिली है उस पर खरा उतरे और पार्टी में लम्बे समय से कार्य कर रहे और सक्रिय कार्यकर्ताओं को अपनी टीम में जगह देकर अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि 2014 में जब पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए के प्रत्याशी के रूप में आए थे तो बड़े-बड़े वादे किए थे, उन्होंने कहा था कि प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देंगे, काला धन लाएंगे, 15-15 लाख रुपये सभी के खातों में डाले जाएंगे लेकिन जब दूसरा चुनाव आया तो 70 साल का हिसाब मांगने वालों ने अपने 5 साल का हिसाब नहीं दिया और सेना के शौर्य के पीछे छुपकर सत्ता हथिया ली और तीसरे चुनाव में 10 साल का हिसाब देने की बजाय केवल वोट चोरी और संविधान बदलने की बात की और मुश्किल से सत्ता में बैठे। वोट चोरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनता के सामने उजागर कर दिया है और अब पूरे देश में वोट चोर-गद्दी छोड़ का नारा लग रहा है। उन्होंने कहा कि वह सौभाग्यशाली है कि उन्हें एक ऊर्जावान और कांग्रेस के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं की टीम मिली है। अनुसूचित विभाग प्रदेशभर में कार्य कर सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को अपने विभाग के माध्यम से आगे लाने का कार्य करें। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के सहयोग के लिए हमेशा खड़ी मिलेगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा संविधान की रक्षा के लिए बनाए गए नियमों की रक्षा के लिए अनुसूचित जाति वर्ग हमेशा तैयार एवं तत्पर रहा है और संविधान की रक्षा के लिए कोई भी कुर्बानी देने के लिए तैयार रहता है। कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ता आम लोगों के बीच जाकर आम जनता की बेहतरी के लिए और दुख तकलीफ को दूर करने के लिए कार्य करेंगे। इसमें कोई संकोच नहीं होगा कि 3 वर्ष के पश्चात कांग्रेस पार्टी प्रदेश में भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश के दलित और पिछड़ों की एक आवाज पर उनके दु:खों और तकलीफों को दूर करने के लिए उनके साथ खड़ी मिलेगी।

# ट्रंप रूपी आपदा को अवसर में बदलें



*चूंकि सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय कंपनियां एच-1बी वीजा के जरिये ही अपने प्रशिक्षित कर्मचारी अमेरिका भेजती हैं, इसलिए ट्रंप सरकार इसी पर अंकुश लगाना चाहती है। हालांकि खुद ट्रंप के कारोबार में एच-1बी वीजा पर आए पेशेवर काम करते हैं, पर उनके वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस को एच-1बी वीजा की व्यवस्था घोटाला नजर आती है। गवर्नर डेसेंटिस ने तो यहां तक कहा है कि भारत ने इसे अमेरिकी व्यवस्था का दोहन करने का कुटीर उद्योग बना रखा है। ट्रंप सरकार अंतरराष्ट्रीय छात्रों के एफ वीजा और एक्सचेंज छात्रों के जे वीजाओं पर भी कड़ी समय सीमाएं लगाने जा रही है। ग्रीन कार्ड की जगह भी 50 लाख डालर से मिलने वाले गोल्ड कार्ड शुरू किए जा रहे हैं जिनके सहारे ट्रंप अमेरिका के कर्ज को उतारना चाहते हैं। व्यापार और आप्रवासन को लेकर ट्रंप सरकार का यह रवैया भले नाटकीय लगे, लेकिन अप्रत्याशित नहीं है। उनके पहले कार्यकाल के कामों*

पंचतंत्र की कथा है। एक तालाब में तीन मछलियां रहती थीं-अनागतविधाता, प्रत्युत्पन्नमति और यद्भविष्य। अनागतविधाता आने से पहले उपाय कर लेती थी। प्रत्युत्पन्नमति समस्या आने पर कुछ करती और यद्भविष्य भाग्य के भरोसे रहती थी। चीन को आप अनागतविधाता मान सकते हैं और भारत को प्रत्युत्पन्नमति, जो संकट सिर पर आने पर ही अपने हाथ-पांव मारता है। हम आजाद तो गांधी जी के स्वावलंबन के नारे के साथ हुए थे, मगर अन्न की आत्मनिर्भरता के लिए हरित क्रांति पर काम तब तक शुरू नहीं किया गया जब तक भयंकर अन्न संकट से दो-चार नहीं हुए। आर्थिक सुधार तब तक नहीं किए, जब तक 1991 में देश संरक्षणवाद और लाइसेंस राज की वजह से दिवालिया होने के कगार पर नहीं जा पहुंचा। इसी तरह उद्योगों में आत्मनिर्भरता की बात हमें तब तक याद नहीं आई जब तक कोविड महामारी ने आर्थिकी को ठप नहीं कर दिया। अब ट्रंप की अप्रत्याशित नीति ने विदेश व्यापार और विदेश नीति के मोर्चे पर हमारे लिए संकट खड़ा कर दिया, जिसके समाधान के लिए आत्मनिर्भर भारत की बात दोहराई जा रही है। टैरिफों को अपनी ही केंद्रीय अदालत द्वारा अवैध ठहराने के बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप ने 25 वर्षों के सामरिक और आर्थिक संबंधों को ताक पर रखते हुए भारत पर लगाए टैरिफ को 25 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। यही नहीं, भारत के सेवा क्षेत्र को निशाना बनाने वाले मोर्चे भी खोले जा रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस हर साल प्रशिक्षित पेशेवरों के लिए 65 हजार और उच्च शिक्षा के लिए 20 हजार वीजा देती है जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत वीजा भारतीय पेशेवर और छात्र हासिल करते हैं। चूंकि सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय कंपनियां एच-1बी वीजा के जरिये ही अपने प्रशिक्षित कर्मचारी अमेरिका भेजती हैं, इसलिए ट्रंप सरकार इसी पर अंकुश लगाना चाहती है। हालांकि खुद ट्रंप के कारोबार में एच-1बी वीजा पर आए पेशेवर काम करते हैं, पर उनके वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस को एच-1बी वीजा की व्यवस्था घोटाला नजर आती है। गवर्नर डेसेंटिस ने तो यहां तक कहा है कि भारत ने इसे अमेरिकी व्यवस्था का दोहन करने का कुटीर उद्योग बना रखा है। ट्रंप सरकार अंतरराष्ट्रीय छात्रों के एफ वीजा और एक्सचेंज छात्रों के जे वीजाओं पर भी कड़ी समय सीमाएं लगाने जा रही है। ग्रीन कार्ड की जगह भी 50 लाख डालर से मिलने वाले गोल्ड कार्ड शुरू किए जा रहे हैं जिनके सहारे ट्रंप अमेरिका के कर्ज को उतारना चाहते हैं। व्यापार और आप्रवासन को लेकर ट्रंप सरकार का यह रवैया भले नाटकीय लगे, लेकिन अप्रत्याशित नहीं है। उनके पहले कार्यकाल के कामों से और चुनाव प्रचार से इसके स्पष्ट संकेत मिल चुके थे। भारत की ऊंची आयात-शुल्क दरों और एच-1बी वीजा के मामले पर ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भी तनातनी हुई थी। भावी और अत्याधुनिक तकनीक को लेकर उनका संरक्षणवादी रवैया भी नया नहीं है, मगर भारत ने समय रहते इनसे निपटने के लिए कोई तैयारी नहीं की। क्रयशक्ति, उपभोग और आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिरता की दृष्टि से अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण मंडी है। उसमें मिले प्रवेश का भारतीय व्यापारियों ने सामर्थ्य के हिसाब से पूरा लाभ उठाया, लेकिन क्या हम ऐसी वैकल्पिक मंडी तैयार कर पाए जहां भारतीय व्यापारी अमेरिका में राजनीतिक या आर्थिक अड़चनें खड़ी होने पर अपना माल बेच सकें। यूरोपीय संघ की मंडी अमेरिका का एक अच्छा विकल्प बन सकती थी। चीन ने मौजूदा हालात का पूर्वानुमान करते हुए यूरोप के साथ अपना व्यापार अमेरिका से भी अधिक बढ़ा लिया, परंतु भारत पिछले तीन साल से यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर अटका हुआ है। चीन ने अपना व्यापार आसियान की मंडियों में भी फैलाया। इसीलिए जब ट्रंप ने टैरिफ की धमकी दी तो चीन ने वाक् युद्ध में न उलझते हुए पहले बराबर का टैरिफ लगाकर और फिर उच्च प्रौद्योगिकी के लिए आवश्यक दुर्लभ खनिजों और चुंबकों के निर्यात को रोककर ट्रंप को झुकने पर मजबूर कर दिया। भारत भी अब यूरोप, जापान, दक्षिण कोरिया, रूस, आस्ट्रेलिया जैसे देशों में व्यापार बढ़ाने और रक्षा, ऊर्जा, चिकित्सा, सेमीकंडक्टर और एआइ जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने मई 2020 में इसी के लिए 20 लाख करोड़ के पैकेज की घोषणा की थी, पर क्या उससे कुछ प्रगति हुई? प्रत्युत्पन्नमति मछली की तरह संकट मंडराने पर जरूर हम कुछ सुधार करते हैं। कुछ के नाम लेते हैं, पर संकट टलने के बाद भूल जाते हैं। जरूरत उन्हें जारी रखने की है। प्रधानमंत्री ने जापान में उद्योगपतियों से कहा 'कम, मेक इन इंडिया,' लेकिन क्या उसके लिए हम जरूरी आर्थिक सुधार, भूमि सुधार, श्रम सुधार और कार्यसंस्कृति के सुधार करने के लिए तैयार हैं? जापान में हड़तालें न के बराबर होती हैं और तोड़फोड़ नहीं होती। क्या भारत में ऐसी कार्यसंस्कृति संभव है? सुधारों की जरूरत कृषि और सार्वजनिक क्षेत्रों में भी है। चीन ने अपने इंजन बनाकर छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान तैयार कर लिए हैं। जबकि हमें विदेशी इंजन लगाकर भी तेजस को बनाते-बनाते 40 बरस बीत गए हैं। चीन अपना सामान बनाने में स्वचालन, एआइ या यंत्रबुद्धि और प्रशासन की निगरानी में इष्टतम प्रक्रिया का प्रयोग करता है। दुनिया की मंडियों में उसके माल से प्रतिस्पर्धा के लिए भारत को उससे भी कुशल उत्पादन प्रक्रिया अपनानी होगी। आर्थिक सुधारों को 35 साल हो रहे हैं, पर क्या हम एक भी ऐसा ब्रांड बना पाए हैं जो अमेरिका, जापान, जर्मनी और कोरिया के ब्रांडों की तरह वैश्विक हो?


सम्पादकीय

## अमेरिकी शुल्क को निष्प्रभावी करने की कोशिश



शुल्क संघर्ष बढ़ने के बीच भारत और जापान ने अपने विशेष रणनीतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने के वास्ते अगले दस वर्षों के लिए साझेदारी का एक नया खाका तैयार किया है। इसमें रक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा, दूरसंचार, दवा, महत्त्वपूर्ण खनिज, उभरती प्रौद्योगिकी और आर्थिक सुरक्षा ढांचा शामिल हैं। इसके तहत कई द्विपक्षीय समझौते हुए हैं, जिनमें न केवल साझा हित निहित हैं, बल्कि वैश्विक कारोबार में भी दोनों देशों की साख मजबूत होगी। खासकर, अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क से निपटने के उपायों की तलाश के बीच जापान से यह साझेदारी और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। भारत व्यापार के वैकल्पिक रास्ते खोजने में जुटा है और जापान के साथ समझौतों को इसी कड़ी का एक हिस्सा माना जा रहा है। अमेरिका की शुल्क नीति से जापान भी अछूता नहीं है और ऐसे में वह भी भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। अमेरिकी शुल्क को निष्प्रभावी करने की कोशिशों के तहत भारत ने चालीस देशों के साथ व्यापारिक संवाद का अभियान शुरू किया है। जापान भी उनमें से एक है। विभिन्न समझौतों के तहत जापान ने भारत में एक दशक के भीतर दस हजार अरब येन (करीब 60,000 करोड़ रुपए) के निवेश का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच आपसी कामगारों को एक-दूसरे के यहां आसानी से आने-जाने एवं काम करने का मौका देने को लेकर भी एक कार्ययोजना बनी है। माना जा रहा है कि इससे पांच लाख भारतीय प्रशिक्षित कामगारों के जापान जाने का रास्ता खुलने की उम्मीद है। एक समझौता भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एअरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजंसी के बीच चंद्रमा के लिए संयुक्त अन्वेषण मिशन में सहयोग को लेकर हुआ है। दरअसल, भारत-जापान की साझेदारी न केवल दोनों देशों के लिए, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी महत्त्वपूर्ण है। मजबूत लोकतंत्र एक बेहतर दुनिया को आकार देने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसमें दोराय नहीं कि जापानी तकनीक और भारतीय प्रतिभा का संयोजन अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक नए आयाम को आकार दे सकता है। रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग परस्पर आत्मनिर्भरता के लिए भी महत्त्वपूर्ण है। दोनों देशों ने पेरिस समझौते के तहत कार्बन क्रेडिट व्यापार पर एक साथ काम करने के लिए भी समझौता किया है। इस कदम से भारत को अपने जलवायु लक्ष्यों के लिए धनराशि और प्रौद्योगिकी हासिल करने में मदद मिल सकती है। जापान के साथ व्यापार, नवोन्मेष और उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। नवउद्यम, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी परस्पर लाभकारी हो सकते हैं। इस तरह की संभावनाओं को तलाशना इसलिए भी जरूरी है, ताकि अमेरिकी शुल्क नीति जैसे और कोई दबाव भविष्य में भारत पर असर न डाल सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब चीन की यात्रा पर हैं और उम्मीद है कि वहां भी द्विपक्षीय व्यापार को लेकर सार्थक बातचीत होगी। वैसे तो भारत-चीन के रिश्ते परंपरागत रूप से ज्यादा अच्छे नहीं रहे हैं, लेकिन अमेरिकी शुल्क के मुद्दे पर दोनों देश एक मंच पर आ गए हैं और इस मसले पर रूस भी भारत के साथ है। माना जा रहा है कि इन तीनों आर्थिक शक्तियों का आपसी संवाद वैश्विक उथल-पुथल के बीच नए समीकरणों को आकार दे सकता है।


## एनसीईआरटी की पहल पर आपत्ति क्यों?




इतिहास की घटनाएं वर्तमान को दिशा देती हैं और वर्तमान उनसे सबक लेकर भविष्य की सुदृढ़ नींव रखता है। दुर्भाग्य से हमारे विद्यालयों में पढ़ाए जाने वाले इतिहास और पाठ्यपुस्तकों में घटनाओं और तथ्यों को प्रायः यथार्थ से काटकर मिथ्या आदर्शों, भावुक नारों और दलगत पूर्वाग्रहों के आधार पर प्रस्तुत किया गया। जब भी इतिहास को प्रामाणिक और वस्तुपरक ढंग से लिखने या पढ़ाने का प्रयास हुआ, उसे अनावश्यक विवाद और शोर-शराबे का सामना करना पड़ा। सुधारों की इसी पृष्ठभूमि में एनसीईआरटी ने विभाजन की विभीषिका और उससे उपजी त्रासदी को निष्पक्ष दृष्टि से समझाने के उद्देश्य से कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए दो विशेष पूरक शैक्षिक माड्यूल जारी किए हैं। इन्हें अनिवार्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया जाएगा, बल्कि चर्चा के माध्यम से तत्कालीन परिस्थितियों की सूक्ष्म और गहन समझ विकसित की जाएगी। इन माड्यूल में मोहम्मद अली जिन्ना, लार्ड माउंटबेटन और कांग्रेस को विभाजन का जिम्मेदार बताया गया है। कौन नहीं जानता कि जिन्ना की अंधी महत्वाकांक्षा, पद-लोलुपता और पृथक पहचान की राजनीति ने भारतीय मुसलमानों में पनप रही सांप्रदायिक भावना को भड़काने में निर्णायक भूमिका निभाई। विभाजनकारी राजनीति के बीज पहले से ही सर सैयद अहमद खान, मोहम्मद इकबाल, चौधरी रहमत अली, मोहम्मद इस्माइल जैसे नेताओं के विचारों में मौजूद थे। उनका सोच उस राजनीतिक इस्लाम से पोषित था, जो गैर-मुसलमानों के साथ स्थायी या समान संबंध की संभावना को सिद्धांततः नकारता था। इनका मानना था कि जिस इस्लाम की सदियों तक भारत में हुकूमत रही हो, उसे मानने वाले मुसलमान बहुसंख्यक आबादी वाले पंथनिरपेक्ष भारत में कैसे रह सकेंगे? 20वीं शताब्दी के प्रारंभिक वर्षों में मुसलमान नेताओं के लिए पृथक देश की मांग के छिटपुट स्वर ही सुनाई पड़ते थे, किंतु मार्च 1940 के लाहौर प्रस्ताव के बाद मुस्लिम लीग के नेतृत्व में विभाजन की मांग को व्यापक जनसमर्थन मिलने लगा। 16 अगस्त 1946 को जिन्ना द्वारा घोषित 'डायरेक्ट एक्शन डे' ने विभाजन की दिशा लगभग तय कर दी। केवल कलकत्ता (कोलकाता) में ही कई हजार लोग मारे गए, जबकि नोआखाली (बंगाल) में 10 अक्टूबर 1946 को गुलाम सरवर हुसैनी के नेतृत्व में निर्दोष-निःशस्त्र हिंदुओं का पूर्व नियोजित नरसंहार हुआ। उस समय बंगाल में मुस्लिम लीग की अंतरिम सरकार थी और हुसैन सुहरावर्दी मुख्यमंत्री पद पर आसीन थे। नोआखाली का नरसंहार किसी आकस्मिक उन्माद का परिणाम नहीं, बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र था। जिन्ना और मुस्लिम लीग की धमकी-बंटा भारत या बर्बाद भारत' के समक्ष तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व ने घुटने से टेक दिए। जिन्ना मुसलमानों के बड़े तबके को यह विश्वास दिलाने में सफल रहे कि मत-मजहब, संस्कृति, रीति-रिवाज, इतिहास और जीवन-दृष्टि जैसे सभी आधारों पर वे हिंदुओं से स्थायी रूप से भिन्न हैं। यही कारण था कि 1946 के संविधान-सभा के चुनाव में मुस्लिम लीग ने मुसलमानों के लिए आरक्षित 78 में से 73 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुस्लिम लीग को मद्रास, बांबे प्रेसीडेंसी और उड़ीसा में करीब सौ प्रतिशत, बंगाल में 95 प्रतिशत, मध्य भारत में 93 प्रतिशत, असम में 91 प्रतिशत, अविभाजित पंजाब में 86 प्रतिशत, बिहार में 85 प्रतिशत और संयुक्त प्रांत में 82 प्रतिशत सीटें प्राप्त हुईं। जिन तमाम मुसलमानों ने मजहब के आधार पर पृथक देश की मांग का समर्थन किया, उनमें से बड़ी संख्या में विभाजन के बाद भी भारत में ही रह गए, जबकि पाकिस्तान से भारत आए लगभग डेढ़ करोड़ हिंदू, सिख और सिंधी अपने ही देश में शरणार्थी बनकर दर-दर भटकते रहे। विभाजन से उपजी हिंसा में लगभग दस लाख से अधिक निर्दोष लोग मारे गए, लाखों परिवार अपने पुरखों की जमीन-जायदाद से उजाड़ दिए गए और माताओं-बहनों के विरुद्ध हुए अत्याचारों ने पाशविकता और अमानुषिकता की सारी सीमाएं पार कर दीं। मानव इतिहास का यह सबसे बड़ा विस्थापन किसी प्राकृतिक आपदा या बाहरी आक्रमण से नहीं हुआ। इसके लिए अपने ही लोग मुख्य रूप से जिम्मेदार थे। 1942 के क्रिप्स मिशन और 1946 के कैबिनेट मिशन में विभाजन का कोई प्रस्ताव नहीं था, फिर भी 3 जून 1947 को माउंटबेटन योजना तुरंत क्यों स्वीकार की गई

## वैज्ञानिक नजरिए की जमीन

**विज्ञान शिक्षण का एक अहम आयाम यह भी है कि छात्र किसी घटना पर समालोचनात्क ढंग से सोचें। सामाजिक मान्यताओं पर विमर्श करें, उन पर सवाल उठाएं। नीतिगत स्तर पर हम आज विज्ञान शिक्षण को लेकर काफी ऊपर उठ चुके हैं, मगर क्रियान्वयन के स्तर पर पीछे छूटते जा रहे हैं। हमारी शिक्षा व्यवस्था विज्ञान को एक प्रक्रिया न समझते हुए सीधे-सीधे जानकारियां परोस कर नींव को कमजोर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ती। विज्ञान की कक्षाओं में जिन अवधारणाओं पर छात्र काम करते हैं**



अट्ठाईस फरवरी को देश के शैक्षणिक संस्थानों में विज्ञान को लेकर एक खास प्रकार की हलचल दिखाई देती है। यही वह दिन है, जब प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन ने प्रकाश के प्रकीर्णन का रहस्य खोजा था, जो 'रमन प्रभाव' के नाम से जाना जाता है। रमन की खोज देशज उपकरणों के जरिए एक अनवरत प्रक्रिया का परिणाम थी। वे पहले भारतीय वैज्ञानिक थे, जिन्हें भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला। भारत में सन 1986 से हर साल सीवी रमन की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। हमारे शैक्षिक संस्थान चाहे वे स्कूल हों या महाविद्यालय-विश्वविद्यालय, रमन और उनके कार्य को एक औपचारिक कार्यक्रम के तहत याद करते हैं। पर दिवस की मानसिकता से परे जाकर बेशक अब समीक्षा करने और सबक लेने का वक्त है कि देश को वैज्ञानिक नजरिए से लैस करने के लिए क्या रणनीति अपनाई जाए। स्कूलों में माध्यमिक कक्षाओं के स्तर से ही विज्ञान शिक्षण एक अनिवार्य अंग है। विडंबना कहें कि हमारे देश में स्कूली स्तर पर 'कथनी और करनी' में काफी फर्क दिखाई देता है। एक तरफ हम रमन को याद करते हैं वहीं अगले ही पल उनके वैज्ञानिक नजरिए, पद्धति और विज्ञान शिक्षण संबंधी विचारों को हाशिए पर पटक कर दकियानूसी रास्ते पर चलने लगते हैं। आजादी के बाद हमारे यहां विज्ञान शिक्षण में विज्ञान के लोकव्यापीकरण की बातें तो काफी की गईं, मगर वे मुख्यधारा शिक्षा का अहम हिस्सा नहीं बन पाईं। बच्चे स्कूलों में विज्ञान को रट कर पढ़ने पर मजबूर हैं। विज्ञान की तासीर है कि बच्चे अपने आसपास की दुनिया में अवलोकनों, प्रयोगों और खोजबीन को माध्यम बना कर विज्ञान सीखें। विज्ञान शिक्षण का एक अहम आयाम यह भी है कि छात्र किसी घटना पर समालोचनात्क ढंग से सोचें। सामाजिक मान्यताओं पर विमर्श करें, उन पर सवाल उठाएं। नीतिगत स्तर पर हम आज विज्ञान शिक्षण को लेकर काफी ऊपर उठ चुके हैं, मगर क्रियान्वयन के स्तर पर पीछे छूटते जा रहे हैं। हमारी शिक्षा व्यवस्था विज्ञान को एक प्रक्रिया न समझते हुए सीधे-सीधे जानकारियां परोस कर नींव को कमजोर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ती। विज्ञान की कक्षाओं में जिन अवधारणाओं पर छात्र काम करते हैं, उनकी रोशनी में प्राकृतिक घटनाओं और समाज में व्याप्त सहज मान्यताओं (जिनमें धार्मिक मान्यताएं भी शामिल हैं) की व्याख्या की जानी चाहिए। मगर हमारी कक्षाओं में ऐसा नहीं हो पा रहा है। यह स्वाभाविक ही है कि विद्यार्थियों को स्थापित ज्ञान का उपभोक्ता बनाने के बदले विज्ञान में ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया में संलग्न किया जाए। ज्ञान निर्माण का अर्थ है कि बच्चे उन मान्यताओं पर चर्चा करें, उनको लेकर खोजबीन करें। विज्ञान शिक्षा के जरिए वैज्ञानिक नजरिया विकसित करने में सिर्फ इतना काफी नहीं होगा कि विज्ञान को कुछ अमूर्त सिद्धांतों या बढ़िया प्रयोगों के रूप में पढ़ा दिया जाए। ऐसा भी नहीं कि हर स्कूल को सूक्ष्मदर्शी, टेलीस्कोप, कंप्यूटर और तमाम तकनीकी चीजों से समृद्ध कर दिया जाए, तो वैज्ञानिक नजरिए को हम स्थापित कर सकेंगे। बल्कि विज्ञान के उन सिद्धांतों को सामाजिक और धार्मिक मान्यताओं से जोड़ना होगा। हमारे सामने स्कूली विज्ञान शिक्षा को लेकर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यहां बच्चों को इसे रटना पड़ता है। दूसरी बड़ी समस्या शिक्षकों की पेशेवर तैयारी की है। विडंबना है कि हमारे यहां स्कूली विज्ञान शिक्षकों में से अधिकतर विज्ञान के डिग्रीधारी नहीं हैं। इन्होंने हाई स्कूल तक विज्ञान की शिक्षा पाई है। ऐसे में देश के शिक्षा जगत के सामने यह बड़ी चुनौती है कि विज्ञान शिक्षण के लिए शिक्षकों को सशक्त रूप से उन्मुखीकृत किया जाए। इसके साथ ही मैदानी स्तर पर शिक्षकों के लिए समर्थन तंत्र तैयार करना होगा, जो रोजमर्रा की शैक्षिक-व्यवस्थागत समस्याओं का हल कर सके। इस मामले में विचार करने की जरूरत है कि आखिर विज्ञान शिक्षण को देशव्यापी स्तर पर कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। इस विचार को पैना करने और अमली जामा पहनाने के लिए हमारे पास ठोस देशज उदाहरण हैं। सत्तर के दशक में मध्यप्रदेश में सरकारी स्कूली शिक्षा में विज्ञान शिक्षण की तस्वीर बदलने की एक कोशिश हुई, जिसे 'होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम' के नाम से जाना जाता है। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय ख्याति मिली।



## सलमान के साथ एक्शन फिल्म करना चाहते थे सूरज बड़जात्या

फिल्म डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने कहा है कि सुपरस्टार सलमान खान के लिए ऐसा काम करना जो आज के समय में रिलेवेंट और नया लगे, हमेशा एक बड़ी चुनौती रहती है। बड़जात्या सलमान के साथ एक एक्शन फिल्म बनाने की तैयारी में थे, लेकिन उन्होंने यह आइडिया छोड़ दिया क्योंकि वह सलमान के लिए सही कैरेक्टर नहीं बना पाए। बड़जात्या ने कहा, कुछ विषय ऐसे होते हैं जिन्हें आगे नहीं बढ़ा पाते। कभी क्लाइमैक्स नहीं मिलता, कभी कैरेक्टर नहीं बनता। जब तक सब चीजें साथ नहीं आतीं, फिल्म बनाना समझदारी नहीं है। मैंने अब तक सात फिल्में बनाई हैं। मेरा यही फैसला है कि जब तक खुद को यकीन न हो, फिल्म नहीं बनाऊंगा। मुझे खुशी है कि सलमान भाई मेरे साथ हैं। आज उनकी उम्र में उनके लिए कुछ नया और रिलेवेंट बनाना और बड़ी चुनौती है। सूरज बड़जात्या और सलमान ने मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन..! , हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्मों में काम किया है। सूरज बड़जात्या और सलमान ने मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन..! , हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्मों में काम किया है।

### सलमान की बहुत बड़ी वापसी होगी



सलमान खान के करियर को तीन दशक से ज्यादा हो गए हैं। वह लगातार ब्लॉकबस्टर देने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन हाल ही कुछ सालों में उनकी सिकंदर, किसी का भाई किसी की जान, राधे, और रेस 3 उस तरह खास प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। इसके बावजूद बड़जात्या सलमान के करियर को लेकर पॉजिटिव हैं। उन्होंने कहा,यह सबकी जिंदगी में होता है। फर्क सिर्फ इतना है कि वह सेलिब्रिटी हैं, इसलिए उन पर ज्यादा ध्यान जाता है, लेकिन हर किसी को गलती करने और सीखने का मौका मिलना चाहिए। हमें एक-दूसरे को आगे बढ़ने देना चाहिए। सलमान बहुत अच्छे इंसान हैं और काफी मजबूत भी हैं। वह बहुत बड़ा कमबैक करेंगे। इस समय दोनों अपने-अपने नए प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या एक फैमिली ड्रामा पर काम शुरू करने वाले हैं, जिसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी नजर आएंगे। वहीं, सलमान खान ने फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग शुरू कर दी है।



# नोरा फतेही ने लॉस एंजिल्स में डांस वर्कशॉप में मचाई धूम

ग्लोबल स्टार नोरा फतेही चार्ट्स और डांस फ्लोर, दोनों पर आग लगा रही हैं! लॉस एंजिल्स में, नोरा ने एक हाई-एनर्जी डांस वर्कशॉप में हिस्सा लिया, जहाँ उन्होंने फैन्स और डांसर्स के साथ मिलकर ओ मामा! टेटेमा कोरियोग्राफी में शानदार प्रदर्शन किया। नोरा सिर्फ दर्शक बनकर नहीं रहीं — उन्होंने खुद डांस फ्लोर पर उतरकर युवा डांसर्स और कलाकारों को अपनी जोशीली एनर्जी से प्रोत्साहित किया। पूरा माहौल जोश और उत्साह से भर गया, फैन्स ने नोरा के हर मूव को कैमरे में कैद किया, जब वह सभी को प्रोत्साहित कर रही थीं। यह वर्कशॉप सिर्फ एक इवेंट नहीं बल्कि एक उत्सव बन गया — संगीत, डांस और कम्युनिटी का उत्सव — जिसे नोरा हमेशा आगे बढ़ावा देती रही हैं। इस बीच, उनका नवीनतम ट्रैक ओह मामा! टेटेमा दुनिया भर में नई ऊँचाइयों को छू रहा है। यह गाना स्पॉटिफाई के ग्लोबल वायरल सॉन्ग्स चार्ट पर 29वें स्थान पर पहुँच गया है और भारत में चौथे स्थान पर पहुँच गया है, जिससे इसके क्रॉसओवर प्रभाव का प्रमाण मिलता है।

इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, नोरा ने प्रशंसकों के साथ अपना उत्साह साझा किया- दोस्तों, मैं बहुत एक्साइटेड हूं। आज सुबह उठते ही मुझे एक जबरदस्त खबर मिली। ओ मामा! टेटेमा स्पॉटिफाई के ग्लोबल वायरल चार्ट्स में नंबर 29 पर है। ग्लोबल चार्ट्स, समझे? ये पागलपन है! और हम इंडिया में नंबर 4 पर हैं। तो हम सच में आ रहे हैं आप सभी के लिए! मुझे लगता है ये गाना 2025 का समर एंथम बनने वाला है। और ये बस यू ही चलता ही रहेगा। मुझे ये गाना बहुत पसंद है, और मुझे पता है आप सबको भी बहुत पसंद है। मुझे लगता है हम इंस्टाग्राम पर एक मिलियन रील्स छूने वाले हैं। हर कोई इस पर डांस कर रहा है — ये पागलपन है! हर तरफ सिर्फ रील्स ही रील्स हैं। ये एक स्पेशल मोमेंट है, ठीक है? एक सिंगर और म्यूजिकल आर्टिस्ट के रूप में ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं आप सबको बहुत प्यार करती हूं।

जहाँ एक ओर 'ओ मामा! टेटेमा' ग्लोबल चार्ट्स पर छा गया है, वहीं नोरा 'कांचना 4' और कई अन्य फिल्मों के साथ स्क्रीन पर भी दस्तक देने को तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'उफ्फ ये सियापा' जल्द ही रिलीज होने वाली है। लेकिन एलए की उस वर्कशॉप में जिन फैन्स ने उनके साथ डांस किया, हँसे और वो पल जिए — उनके लिए असली जादू सिर्फ संगीत में नहीं था, बल्कि उस स्टार के विनम्र स्वभाव में था, जो हमेशा अपने चाहने वालों पर अपनी चमक बिखेरना कभी नहीं भूलती। प्लेलिस्ट्स पर राज करने से लेकर दुनियाभर में डांस फीवर जगाने तक, नोरा फतेही एक बार फिर साबित कर रही हैं कि वह एक सच्ची ग्लोबल सेंसेशन क्यों हैं।




# अजुल को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर आए गुरु रंधावा

भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के बड़े सिंगर गुरु रंधावा अपने नए गाने 'अजुल' को लेकर इन दिनों विवादों में हैं। एक तरफ जहां गाना रिलीज होते ही ट्रेंडिंग लिस्ट में छा गया, वहीं अब सोशल मीडिया पर इसके कंटेंट को लेकर एक बड़ा वर्ग आपत्ति जता रहा है। आरोप है कि म्यूजिक वीडियो में स्कूल गर्ल्स की छवि के साथ खिलवाड़ किया गया है और उनकी तुलना शराब ब्रांड्स से की गई है। इसी के लिए अब सिंगर को लोगों की तरफ से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

### गाने को कंटेंट को लेकर उठे सवाल

'अजुल' में गुरु रंधावा एक फोटोग्राफर बने हैं, जो एक गर्ल्स स्कूल में क्लास फोटो खींचने पहुंचते हैं। यूजर्स की मानें तो जहां गाने में मासूमियत और सादगी दिखाई जानी चाहिए थी, वहां उन्हें अश्लीलता और भड़काऊ विजुअल्स दिखाई दिए। वीडियो में दिख रही सभी महिलाएं व्यस्क हैं, लेकिन उन्हें स्कूल की लड़कियों के रूप में दिखाया गया है। यही बात दर्शकों को खटक गई और आरोप लगा कि इस तरह के सीन युवाओं पर गलत असर डाल सकते हैं।

### ट्रोलर्स के निशाने पर आए सिंगर

सोशल मीडिया पर 'अजुल' को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है। एक यूजर ने लिखा, अजुल का वायरल होना अजीब है, जबकि लोग इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि गुरु रंधावा ने स्कूली लड़कियों की तुलना शराब से की। पीडोफिलिया को बढ़ावा देना सिर्फ अजीब बात नहीं, बल्कि घिनौना है। फिर भी, वह दूसरों को नीचा दिखाते हुए खुद बहुत ऊंचे और ताकतवर बन जाते हैं। वहीं एक और यूजर ने सिंगर की क्लास लगा दी। उन्होंने वीडियो जारी करते हुए कहा, ये देखकर हैरानी हुई कि 2025 में भी लोग सोशल मीडिया के प्रभाव को गंभीरता से नहीं लेते। बच्चे इसे देखकर क्या सोचेंगे? कितनी आसानी से पीडोफाइल बर्ताव को नॉर्मल बनाया जा रहा है।

### गुरु रंधावा ने साधी चुप्पी

गाने के ट्रेंडिंग में आने पर जहां सिंगर ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया वहीं उन्होंने इस मामले को लेकर फिलहाल कुछ नहीं कहा है। इन आरोपों पर उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# क्या कावेरी कपूर को भारत के सबसे मुश्किल रियलिटी शो के लिए किया गया है अप्रोच?

उभरती स्टार, बहुप्रतिभाशाली कावेरी कपूर को कथित तौर पर एक ऐसे रियलिटी शो के लिए अप्रोच किया गया है जिसे हाल के टेलीविज़न इतिहास के सबसे मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रियलिटी शोज़ में से एक माना जा रहा है। शो की थीम के अनुसार प्रतिभागियों को ऐसे पावर डायनामिक्स और सामाजिक समीकरणों से गुजरना होगा, जहाँ उनके प्रभाव और स्थिति लगातार उनके फैसलों और रिश्तों के आधार पर बदलते रहेंगे। जिससे एक ऐसा माहौल बनता है जो भाग लेने के लिए पर्याप्त साहसी लोगों के लिए रोमांचक और भावनात्मक रूप से थका देने वाला दोनों हो सकता है।

कावेरी, जो अपने करियर को बहुत सोच-समझकर आगे बढ़ा रही हैं, उनके लिए यह एक बड़ा मौका हो सकता है — जहाँ वह अपनी पर्सनालिटी, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को देश के सामने रख सकती हैं। हालांकि, कावेरी या उनकी टीम से संपर्क करने की कोशिशें अब तक बेनतीजा रही हैं। इस शो की प्रतिष्ठा ही ऐसी है कि इसे कमज़ोर दिल वालों के लिए नहीं कहा जाता है — ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कावेरी इसमें हिस्सा लेने के लिए हाँ कहती हैं या नहीं। कावेरी, जो पहले ही अपनी कविताओं, गीत लेखन, संगीत, और बॉलीवुड डेब्यू 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' के जरिए पहचान बना चुकी हैं, इस रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रखकर एक नया मोड़ ले सकती हैं। हालांकि यह उनके लिए एक अनदेखा और अनजाना सफर होगा, लेकिन उनकी मौजूदगी यकीनन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इसके साथ ही उनके पास 'मासूम 2' जैसी फिल्म भी है, जिससे ये साफ है कि कावेरी की झोली में कई बड़ी संभावनाएँ हैं। दर्शक बेसब्री से यह जानने का इंतज़ार कर रहे हैं कि कावेरी अगला कदम क्या उठाएंगी।



# सोनाक्षी सिन्हा की 'जटाधरा' में हुई इस एक्ट्रेस की एंट्री

सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की मच अवेटेड फिल्म 'जटाधरा' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का टीजर सामने आने के बाद इसको लेकर लोगों की उत्सुकता और भी बढ़ गई थी। अब फिल्म का नया पोस्टर सामने आया है, जिसमें फिल्म में एक नई एक्ट्रेस की एंट्री हुई है।

मेकर्स ने फिल्म 'जटाधरा' से अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर का लुक जारी कर दिया है। फिल्म में शिल्पा का स्वागत करते हुए मेकर्स ने उनके किरदार के बारे में भी जानकारी दी है। शिल्पा फिल्म में शोभा नाम का किरदार निभाएंगी। उनके किरदार में बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने बताया कि 'वह सिर्फ लालच से प्रेरित नहीं है, बल्कि वह उसे परिभाषित भी करती है।' मेकर्स की ओर से जारी किए गए पोस्टर में शिल्पा काली साड़ी पहने हवन कुंड में जलती हुई आग के पास बैठी हैं। इस दौरान वो आग की ओर चीखते हुए जीभ निकाले हुए हैं। उनके आस-पास कई सारे कंकालों की खोपड़ी भी नजर आ रही है। साथ ही पीछे कई दीए जल रहे हैं। उनके लुक को देखकर ऐसा लगता है कि वो कोई तंत्र या पूजा वगैरह कर रही है।





# मराठी आना फायदेमंद है, मगर इसके लिए हिंसा का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए

**इंस्टाग्राम पर अपने कॉमिक कॉन्टेंट के कारण कास्टिंग डायरेक्टर की निगाह में आए कॉन्टेंट क्रिएटर आदित्य ठाकरे को पहली बार के ऑडिशन में ही धड़क 2 जैसी फिल्म में अहम भूमिका मिल गई। मुंबईचा मुलगा आदित्य यहां अपने सफर पर बात करते हैं।**

### पिता का सपना पूरा किया

कॉन्टेंट क्रिएटर से एक्टर बनने के सफर के बारे में वे कहते हैं, मैं खुशकिस्मत हूं कि आज के दौर में पैदा हुआ, जब आज हमारे पास सोशल मीडिया और इंटरनेट है। आप अपना मौका खुद पैदा कर सकते हैं, जैसे मैंने किया। वरना मेरे पिताजी ने भी अभिनेता के रूप में काफी संघर्ष किया। वे भी अनगिनत ऑडिशन का हिस्सा रहे, मगर उन्हें मेरी तरह मौका नहीं मिला। वे ऑफिस से हाफ डे की छुट्टी लेकर ऑडिशन के लिए जाया करते थे। आज मैंने अपने पिता का सपना पूरा किया है। आपको शायद सुनकर अजीब लगे मगर मेरे पिता मेरी फिल्म 25-30 बार देख चुके हैं, थिएटर में जाकर। मेरे लिए यह गर्व की बात है।

### मुझे जातिगत भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ा

जातिगत भेदभाव पर वे कहते हैं, मुझे अपनी जाति का पता ज़िंदगी में दो ही बार चला था, जब मैंने टेंथ और ट्वेल्थ का फॉर्म भरा था। मुझे लगता था कास्ट सिस्टम होता ही नहीं। मगर ये फिल्म करने के बाद मैं इन मुद्दों को जान पाया और मैं इश्यूज के प्रति और संवेदनशील हुआ हूं। हमने जब उनसे पूछा कि मुंबई में मराठी भाषा को लेकर जो दबाव बनाया जा रहा है, उसके बारे में उनका क्या कहना है? कई विडियोज में तो इसके लिए हिंसा का सहारा भी लेते हुए दिखाया गया है, तो आदित्य बोले, देखिए, जोर तो नहीं दिया जाना चाहिए। हम सभी वायलेंस के सख्त खिलाफ हैं। मगर किसी भाषा का आना आपके लिए ही फायदेमंद होता है। अगर आपको फ्रांस जाना होता है, तो आपको वहां फ्रेंच का एग्जाम देना पड़ता है। इससे आपको काम के और मौके मिलेंगे। जो लोग महाराष्ट्र में हैं, उन्हें अगर मराठी नहीं आती, तो थोड़ी बहुत सीख लें, उन्हीं का फायदा होगा। जहां तक इस मुद्दे पर इंटरनेट पर आने वाले विडियोज की बात है, तो 30 सेकंड्स की रील पर क्या भरोसा किया जा सकता है, मगर इतना जरूर कहूंगा कि इस मामले में हिंसा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

### पहले ऑडिशन में ही फिल्म मिल गई

बॉलिवुड में कई कलाकारों के लिए ऑडिशन का दौर बहुत लंबा होता है, मगर इस मामले में आदित्य ठाकरे भाग्यवान रहे। वे कहते हैं, मैं दोपहर में सो रहा था और मुझे एक ऑडिशन के लिए कॉल आया। ऑडिशन के बाद तीसरा दिन था और हम लोग गणपति विसर्जन के लिए जा रहे थे कि तभी कॉल आई कि करण जौहर के ऑफिस से बोल रहे हैं और आप चुन लिए गए हो। पहले तो मुझे लगा कि कोई प्रैंक कॉल है, मगर बाद में जब अहसास हुआ कि ये सच है, तो मैंने जोर से नारा लगाया, गणपति बप्पा मोरिया सबसे बड़ी बात ये है कि ये मेरा पहला ऑडिशन था, जो कास्टिंग डायरेक्टर उत्सव नरूला के जरिए हुआ और मैं पहले ही ऑडिशन में चुन लिया गया। फिल्म थी, धड़क और मेरा रोल था वासु का, जो फिल्म में नायक सिद्धांत चतुर्वेदी का दोस्त का था। तृप्ति और सिद्धांत दोनों ने मुझे हर तरह से सपोर्ट किया।



# कार्यालय नगर पालिका मण्डल नवलगढ़ (झुन्झुनूं)

## रेलवे स्टेशन रोड़, प्रेमप्रकाश टॉकीज के पास नवलगढ़

क्रमांक: न.पा.न./2025-26/2465-2470 e-mail-navalgarh.jaipur@gmail.com दिनांक- 1/9/2025


राजकुमार सैनी
चेयरमैन

## केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाऐंः-


विक्रम सिंह जाखल,
विधायक नवलगढ़

1. प्रधानमंत्री आवास योजनाः नगरीय क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 2.50 लाख रूपये की अनुदान राशि उपलब्ध करवायी जाती है ।

2. मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारन्टी योजना :- नगरीय क्षेत्र में निवासरत पात्र लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा वर्ष में 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाता है ।

3. मुख्यमंत्री स्वनिधि योजनाः- नगरीय क्षेत्र में निवासरत पात्र लाभार्थियों को 80 हजार रूपये की ऋण राशि 3 चरणों में उपलब्ध करवायी जाती है ।

4. प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजनाः- नगरीय क्षेत्र में निवासरत अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को ऋण राशि पर 50' अनुदान राशि या अधिकतम 50 हजार रूपये की अनुदान राशि उपलब्ध करवायी जाती है ।

5. श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना :- कोई भूखा ना सोये जरूरतमंद व्यक्तियों को 08 रूपये में दोपहर / रात्रि का शुद्ध, ताजा एवं पोष्टिक भोजन उपब्लध करवाया जाता है ।


6. जन्म - मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन पालिका में अवश्य करवाये।

7. नगरीय ठोस अपशिष्ट का शत-प्रतिशत वैधानिक प्रबन्धन में सहयोग प्रदान करें ।

8. स्वच्छ भारत का सपना साकार, प्लास्टिक मुक्त हो बाजार ।



8. स्वच्छ भारत का सपना साकार, प्लास्टिक मुक्त हो बाजार ।



9. सफाई अपनाओं बिमारी भगाओ ।

10. आज ही आदत डालो सुखा एवं गीला कचरा अलग-अलग डालो।

11. आज ही संकल्प ले प्लास्टिक का उपयोग बन्द करे।

## देश तभी होगा महान, जब स्वच्छ रहेगा हिन्दुस्तान





### श्री रामदेवजी महाराज का लक्खी मेला-2025 नगर पालिका नवलगढ़

**(राजकुमार सैनी)**
अध्यक्ष
नगरपालिका नवलगढ़

**(कंवरपाल सिंह)**
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका नवलगढ़

# बेड़ा नदी में डूबने से युवक की मौत

## बड़ी मशक्कत बाद शव को निकाला बाहर

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** लगातार बारिश से नदी,नाले, कुंओ का जल स्तर बढ़ गया है,इसके चलते कई हादसे हो रहे हैं। बाली के बेडा नदी के किनारे एक कुंए पर भेस चराते युवक का पैर फिसलने से नदी मे गिर गया। प्राप्त सूत्रों की जानकारी के अनुसार बेड़ा नदी मे पानी का तेज बहाव होने के कारण युवक आगे जाकर अटक गया जिससे उसकी मौत हो गई । यह घटना गत रविवार 4 बजे की बताई जा रही हैं। इस हादसे की सुचना पुलिस को दी गई जहां पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम पाली को दी गई। उनकी मदद एवं प्रकाश वाल्मिकी, हरिराम मेघवाल गोताखोर सुमेरपुर भी मौके पर पहुंचे जहां कडी मशक्कत के बाद सोमवार दोपहर 1 बजे शव को बाहर निकाला गया। मृतक का नाम दिवान सिह पुत्र तेज सिह चौहान निवासी बेडा का होना बताया है । इस मौके पर पुलिस थाना नाणा के पास बेड़ा चौकी के पुलिस कर्मी एवं बाली उपखण्ड अधिकारी जितेन्द्र सिंह,ग्राम पंचायत बेडा के समस्त अधिकारी एवं जनसेवा संगठन अध्यक्ष राजु माली सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# बाबा काल भैरव के दरबार में भक्तों की होती है मनोकामना पूरी - बाबा नरसी भगत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** जिले के गांव झंडे सिंह का पुरा महुआ खेड़ा में इन दिनों एक अद्भुत चमत्कार देखने को मिल रहा है। यहां पर काल भैरव बाबा द्वारा लोगों का इलाज किया जाता है। झंडेसिंह का पुरा महुआ खेड़ा बाबा के मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में दूर दराज आसपास के भक्तों की भीड़ समस्या निवारण के लिए जात करते है बाबा के भक्ताई आशीर्वाद से लोगों को खुशियां मिलती हैं माता बहनों की झोली बढ़ती है उनके दुख दर्द संकट का निवारण होता है। भक्तोंने बताया कि इस स्थान पर आने से उनके जीवन की दुख-दर्द और पीड़ाएं दूर हुई है । कुछ श्रद्धालुओं ने कहा कि जिनके घर पुत्र नहीं था उन्हें भी बाबा की कृपा से पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। नरसी भगत बताया कि यह मंदिर सन् 1998 में निर्मित हुआ था। यहां पर काल भैरव बाबा ओर रतिराम भूमिया बाबा की मूर्ति स्थापित है। श्रद्धालुओं का मानना है कि काल भैरव की कृपा और नरसी भगत जी के आशीर्वाद से भक्तों के सभी बिगड़े काम बन रहे हैं। झंडेसिंहकापुरा पोस्ट महुआखेड़ा तहसील बाड़ी जिला धौलपुर राज्य राजस्थान अब आसपास के क्षेत्रों में आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां दूर-दराज़ से लोग अपनी मनोकामनाओं के लिए पहुंच रहे हैं।

# लाडनू रोड़ जाम कर लोगों ने किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लाडनूं रोड पर रहने वाले लोगों ने जलभराव के कारण आक्रोशित होकर सड़क मार्ग जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि लोगों के घरों से 10-10 होने को आए हैं और पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। ऐसे में प्रशासन के सारे इंतजाम फैल हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर कांटे डाले और लाडनूं विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाओं ने काफी आक्रोश व्यक्त किया। करीब एक घंटे के बाद डीएसपी विक्की नागपाल मौके पर पहुंचे और समझाइश की। लेकिन लोग नहीं माने। बाद में एसडीएम, तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया कि हम लोग यहीं बैठे हैं और जनरेटर से पानी निकासी शुरू करवाई जायेगी, आप रोड़ तो खाली कीजिये। जिस पर जनरेटर हाथों हाथ ही मंगवाये जाने की सहमति बनने के बाद सड़क खाली की गई और यातायात बहाल हो पाया। लोगों के प्रदर्शन के कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कत हुई। लोगों का आक्रोश और दुःख इस कदर है कि बरसती बारिश में भी सड़क जाम नहीं खुल पाया। महिलाएं अपने बच्चों को लेकर सड़क पर बैठ गई। कुछ लोग तो अपना दर्द बताते हुए रोने लग गए।

# भर्तृहरि बाबा के भंडारे का हुआ आयोजन

**विराटनगर(निसं.)।।** कस्बे के निकटवर्ती बागावास अहिरान के तलियारा में स्थित भरतरी जी महाराज का दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत रविवार को रात्रि विशाल जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वहीं सोमवार को विशाल भंडारे कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस दौरान आसपास सहित दूर दराज के लोगों ने बाबा के प्रसादी पाकर अमन चैन की कामना की,वहीं आयोजनकर्ता गोपी राम स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आनेको खास लोगों ने भी हिस्सा लिया,वही कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़ ,विराटनगर पूर्व प्रधान सुवालाल यादव, पूर्व सरपंच बागावास अहिरान रमेश चंद्र यादव, हरिद्वार स्वामी, केरली प्रशासक रामजीलाल यादव,युवा नेता सत्तार खान,पार्षद प्रतिनिधी राजेश यादव,जयमल थालौड़,विकास ,श्रीराम,रामप्रसाद, छीतरमल स्वामी, पूर्व,चंदाराम स्वामी,घनश्याम स्वामी,ब्रजमोहन यादव,शिम्बुदयाल यादव, रामसिंह गल्डवाल,अशोक मीणा,रोहिताश स्वामी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्मणगढ़ की यातायात व्यवस्था हुई बेहाल, प्रशासन की नहीं खुल रही नींद

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से चरमराई हुई नजर आ रही है। मुख्य मार्गों पर बेतरतीब खड़े वाहन, प्राइवेट टैक्सियों की अव्यवस्थित पार्किंग और अस्थाई अतिक्रमण ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। खासकर पक्की प्याऊ से कबूतरिया और बजाज भवन की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। ये मार्ग शहर के प्रमुख और व्यस्ततम मार्गों में गिने जाते हैं, लेकिन इन पर खड़े निजी वाहन और टैक्सियां लगातार जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं।जिसकी वजह से पैदल जाने वाले राहगीरों सहित स्थानीय निवासियों का भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके प्रशासन की कुंभकर्णी नींद टूटने का नाम नहीं ले रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से कई बार तो जाम को खुलने में आधे घंटे से ज्यादा का समय लग जाता है। इससे न केवल राहगीरों को परेशानी होती है, बल्कि जिनके घर इन मार्गों पर स्थित हैं, वे भी अपने घरों में कैद होकर रह जाते हैं। वाहन उनके दरवाजों के सामने खड़े रहते हैं जिससे उनका घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है। शहर के चौपड़ बाजार से लेकर घंटाघर तक की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। यहां अस्थाई अतिक्रमण ने यातायात को और भी जटिल बना दिया है। यह मार्ग सामान्यतः 5 मिनट में पार किया जा सकता है, लेकिन अस्थाई अतिक्रमण के चलते यहां से गुजरने में 30 मिनट या उससे अधिक का समय लग रहा है। दुकानदारों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर लेने से राहगीरों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है।वहीं, पुराने बस स्टैंड की हालत भी चिंताजनक है। यह स्थान अब पार्किंग जोन में तब्दील हो चुका है जहां दोपहिया वाहन चालक मनमर्जी से अपने वाहन खड़े कर देते हैं। इससे यात्रियों और आसपास के व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लोगों का आरोप है कि नगरपालिका प्रशासन की निष्क्रियता के कारण लोगों में आक्रोश भी बढ़ रहा है। देखते है कि शहर की बिगड़ी यातयात व्यवस्था और अस्थाई अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए प्रशासन नींद से कब जागता है और कब शहर की जनता को उक्त समस्या से राहत दिलाई जाती है।

# नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भरतपुर के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण 5 रजत और 2 कांस्य पदक जीते"

जयपुर टाइम्स



इण्डियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन के तत्वावधान में 29 अगस्त से 1 सितंबर तक लुधियाना (पंजाब) में आयोजित 47वीं नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भरतपुर के खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण, 5 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक जीते। जूनियर बालक वर्ग में समीर चाहर ने 70 कि.ग्रा.भार में स्वर्ण पदक जीता एवं 65 कि.ग्रा.भार वर्ग में सत्यम ऊंदरा, 75 कि.ग्रा. भार वर्ग में दुष्यंत एवं जूनियर बालिका वर्ग के 45 कि.ग्रा.भार वर्ग में शिवानी फौजदार, 50 कि.ग्रा. भार वर्ग में मनीषा गुर्जर एवं पायल सिनसिनी ने रजत पदक जीते इनके अलावा 55 कि.ग्रा. भार वर्ग में विराज चाहर और 60 कि.ग्रा.भार वर्ग में सैनिक स्कूल चित्तौडगढ के छात्र अधिराज राकेश चाहर ने कांस्य पदक जीते। 47वीं नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में राजस्थान आर्म रेसलिंग संघ सचिव एवं इण्डियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन उपाध्यक्ष लोकेश चाहर मुख्य तकनीकी अधिकारी रहे। इस नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भरतपुर के ग्यारह पुरुष एवं चार महिला खिलाड़ियों ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेड़म का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा

**धौलपुर(निसं.)।** गृह राज्य मंत्री एवं धौलपुर प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेड़म का जन्मदिन आज, डीग जिले के जडखौर धाम (सेऊ सुहैरा) में धूमधाम से मनाया जाएगा गृह राज्य मंत्री का जन्मदिन, धौलपुर भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के नेतृत्व में जन्मदिन स्थल के लिए सैकड़ों कार्यकर्ता हुए रवाना, प्रमुख रूप से भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, भाजपा नेता जयवीर पोसवाल, पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, पूर्व विधायक सुखराम कोली, वरिष्ठ भाजपा नेता रणवीर सिंह डंडोतिया, त्यागी समाज प्रदेश अध्यक्ष विजय त्यागी, पूर्व जिला मंत्री विनय परमार, मदन कोली, नवल राजपूत, धीर सिंह जादौन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता हुए रवाना।

# राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रिक्त रहे स्थानों सीधे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ

**भरतपुर(निसं.)।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भरतपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए तीन वर्षीय डिप्लोमा में इजीनियरिंग ब्रॉच प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष इंजीनियरिंग सीधे प्रवेश प्रक्रिया के पश्चात् रिक्त रही सीटों के लिये 1 से 3 सितम्बर को रात्रि 12 बजे तक पर आवेदन कर सकते हैं। प्रधानाचार्य राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पल्लवी सिंह ने बताया कि नॉन इंजीनियरिंग में प्रथम वर्ष शाखाओं की केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया के पश्चात् रिक्त रहे स्थानों पर संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि 1 से 3 सितम्बर को रात्रि 12 बजे तक पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 1 से 4 सितम्बर को प्रातः 11 बजे तक प्रत्येक दिन प्रवेश दिया जायेगा।

# चाकसू गरूडवासी ढूंढ नदी रपट पर यातायात पूरी तरह बंद रहा

## दूर दराज से आने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा

जयपुर टाईम्स



**चाकसू(निसं.)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र में लगातार तेज़ बारिश के बाद नदी व नाले उफान पर शुरू हो गए। ऐसे में सोमवार को चाकसू लालसोट सड़क मार्ग पूरी तरह बंद रहा। वहीं ग्रामीणों ने बताया है कि रविवार देर रात को नदी में पानी का बहाव अधिक बढ़ने के कारण दुर्घटना से बचाव को लेकर प्रशासन द्वारा गरूडवासी ढुंढ नदी रपट पर दोनों और कटे हुए बबूल रखकर रास्ते को बंद किया गया। ऐसे में कोई बड़ा हादसा नहीं हो। वहीं राहगीरों ने बताया कि लालसोट, झापदा कलां, श्यामपुरा, देहलाला, बासड़ा, ठिकरिया गुजरान सहित सैकड़ों गांवों के लोग छान्देल ढूंढ नदी की रपट से होते हुए चाकसू, जयपुर के लिए निकलना पड रहा है। ऐसे में सोमवार को 10 से 15 किलोमीटर लम्बा फेरा लगाकर लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। वहीं छान्देल कलां ढुंढ नदी रपट पर सुबह 9 बजे के आसपास पानी का अधिक बहाव आने से यातायात प्रभावित रहा। लेकिन सभी राहगीरों ने सावधानी व सर्तक रहकर निकलते हुए नजर आए है। सूचना मिलते ही वहीं सार्वजनिक विभाग द्वारा छान्देल ढूंढ नदी के नालों में जेसीबी मशीन द्वारा सफाई भी करवाई गई, जिससे रपट पर पानी कम होने से राहगीरों को निकलने में सहायता मिली।

# मुखर्जी नगर मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें बनी हुई हैं शोपीस

## रात्रि में अंधेरा छाए रहने से हो रहीं दुर्घनाएं

जयपुर टाईम्स

**भरतपुर(निसं.)।** शहर के मुखर्जी नगर के यूआईटी फ्लैट्स के सामने सड़क मार्ग पर रात्रि में अंधेरा छाए रहने से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है और अंधेरा छाए रहने से वाहन चालकों को कुछ दिखाई नहीं देता जिससे वाहन टकरा जाते हैं यहां तक की फिसल कर भी सड़क पर गिर जाते है । मार्ग पर लगे विधुत पोलो पर लगी लाइटों को सही कराने की नगर निगम से मांग की गई है । लोहागढ़ उत्थान मोर्चा के बरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार वशिष्ठ ,सदस्य भूपेंद्र शर्मा मनीष अग्रवाल, आशीष वर्मा, डॉ.हरीश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर बताया कि दूरसंचार कार्यालय से जिओ पेट्रोल पंप तक कई स्ट्रीट लाइट तो लगी हुई है लेकिन वह कई महीनों से बंद पड़ी हुई हैं ।दिन छिपते ही इस मार्ग पर अंधेरा छाया रहता है । जबकि 24 घंटे इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बना रहता है और पास ही यूआईटी के फ्लैट्स हैं । अंधेरा छाए रहने से आये दिन वाहन आपस मे टकरा जाते है और फिसल भी जाते हैं । अंधेरा होने से रोजाना घटनाएँ होने से लोग घायल तक हो जाते हैं । वशिष्ठ ने बताया कि बरसात के मौसम में सड़क पर पानी आ जाने तथा पम्प द्वारा बरसाती पानी को निकालने के लिये संवेदक द्वारा सड़क पर पाइप की सुरक्षा के लिये सड़क पर पत्थर डाल देने के कारण उनसे भी वाहन चालक असमंजस में टकराकर चोटिल हो जाते हैं । अंधेरा रहने से सड़क पर विचरण करने वाले आवारा पशु भी दिखाई नहीं देते और उनसे भी टकराकर लोग घायल हो जाते हैं । वहीं असमाजिक तत्वों को भी अंधेरे का फायदा मिलता है और वह भी किसी भी तरह की घटना को अंजाम देकर निकल जाते है । उन्होंने नगर निगम आयुक्त से आमजन की ज्वलन्त समस्या का निस्तारण कराने की मांग करते हुए कहा कि शहर के विकास में किये जा रहे कार्यों की श्रृंखला में स्ट्रीट लाइटों को भी ठीक कराया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लग पाए ।

# प्रदेश के राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर तक बढ़ाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने प्रदेश के राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों (विद्यालय-महाविद्यालय स्तरीय) और आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2025 तक बढ़ा दी है। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव श्री आशीष मोदी ने बताया छात्र छात्राओं की मांग और आवश्यकता को देखते हुए विभाग ने आवेदन तिथि को 15 सितंबर तक बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में स्वीकृत नवीन छात्रावासों में भी छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिल सकेगा। श्री मोदी ने विभागीय जिला स्तरीय अधिकारियों को तिथि बढ़ोतरी की सूचना का प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जितने अधिक से अधिक पात्र छात्र- छात्राओं का प्रवेश होगा उतनी ही योजना कारगर साबित होगी। गौरतलब है कि इससे पूर्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के सभी राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों (विद्यालय-महाविद्यालय स्तरीय) एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त, 2025 तिथि निर्धारित की गई थी

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की रामदेव जयन्ती एवं तेजा दशमी पर शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामदेव जयन्ती एवं तेजा दशमी ( 2 सितम्बर) के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि बाबा रामदेवजी और वीर तेजाजी ने अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित किया। उन्होंने समाज में व्याप्त जाति प्रथा, छुआछूत जैसी कुरीतियों व ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाया तथा मानव कल्याण को सर्वोपरि माना। उन्होंने कहा कि वीर तेजाजी ने गायों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनका बलिदान हमें पशु-पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोक देवताओं एवं संतों से जुड़े धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कर रही है तथा उन्हें धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। इससे हमारी नई पीढ़ी और प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को लोक दवताओं के जीवन एवं उनके कार्यों के बारे में जानने का अवसर मिल रहा है। शर्मा ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे बाबा रामदेवजी और वीर तेजाजी की शिक्षाओं व आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता स्थापित करने में अपना योगदान दें ताकि हमारा प्रदेश प्रगति के नए शिखर पर पहुंच सके।

# कस्बे में महाकालेश्वर मेले का आज दूसरा दिन

**सरमथुरा(निसं.)।** महाकालेश्वर मेले में आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम, उपखंड अधिकारी व प्रशासक अमन चौधरी एवं अधिशासी अधिकारी दीपक गोयल के नेतृत्व में हो रहा कार्यक्रमों का आयोजन, महाकालेश्वर मेला ग्राउंड में आज शाम 8 बजे से हास्य कलाकार 'चुटिया' की श्रोताओं को सुनने को मिलेगी कॉमेडी, भीड़ को देखते हुए मेले में 100 से ज्यादा पुलिस जवान किए गए हैं तैनात, थानाप्रभारी कृपाल सिंह के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों पर कैमरों से रखी जा रही नजर।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर**
महात्मा ज्योतिबा फुले मुख्य मंडी प्रागंण टर्मिनल मार्केट मुहाना, जयपुर

क्रमांक :- 1812 दिनांक :- 29/08/2025

**निविदा सूचना संख्या 13/2025-26**

मुख्य मण्डी प्रागंण (फल सब्जी) टर्मिनल मार्केट, मुहाना, जयपुर में कियोस्क नम्बर 04, 06 एवं मण्डी यार्ड के पालनागृह में निर्मित कैन्टीन जो सब्जी ब्लॉक में 03 कैन्टीन व फल ब्लॉक में 01 है। कुल 02 कियोस्क व 04 कैन्टीन को खुली बोली द्वारा मासिक किराया पद्धति पर दिये जाने हेतु खुली बोली द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मय शर्तों को कार्यालय से प्राप्त किया जाकर दिनांक 11.09.2025 तक दोपहर 01:00 बजे तक मण्डी समिति कार्यालय में जमा कराये जा सकेगें। खुली बोली प्रकिया दिनांक 11.09.2025 को दोपहर 2:00 बजे कार्यालय भवन में प्रारम्भ होगी। निविदा से सम्बंधित विस्तृत शर्ते एवं विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.rsamb/agriculture.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN – DAM2526SSRC00726
सचिव
राज.संवाद/सी/25/9220
कृ.उ.म.स. (फ.स.) जयपुर

**कार्यालय नगर परिषद् कोटपूतली (कोटपूतली - बहरोड़)**

क्रमाक- न.प.कोट./भूमि/ 2025 / 2740 दिनांक :-01/09/25

**प्रारूप - 10**
**(नियम 6 (7)**
**लोक सूचना**

आवेदनकर्ता श्री निशांत कुमार पुत्र श्री नरेश कुमार जाति अहीर निवासी कंवरपुरा, कोटपूतली इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (आवासीय) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली - बहरोड, कोटपूतली | श्यामनगर (कोटपूतली ) | 915/644 | 0.2500 है0 | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपरिषद कोटपूतली

**कार्यालय ग्राम पंचायत हबसपुरा समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)**

क्रमांकः- ग्रा.पं. हबसपुरा/निविदा/ लेखा / 2025-26/119 दिनांक- 27.08.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02 / 2025-26**

पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत हबसपुरा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणों की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एंव राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शि नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विर`ताओं, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपर मो से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नही है, ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्तें एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति / ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN No. - ZTP2526 GLOB 01460
TENDER ID - 2025 PRD_497595_1

सरपंच
ग्राम पंचायत हबसपुरा
सांभरलेक (जयपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हबसपुरा
सांभरलेक (जयपुर)

# जिला कलक्टर ने ग्राउण्ड जीरो पर उतरकर लिया जल निकासी प्रबन्धों का जायजा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ में जलभराव की आपात स्थिति के मध्यनजर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा खुद ग्राउंड जीरो पर उतर आए है। ठरडा रोड स्थित सिवरेज चैंबर्स पर जिला कलेक्टर खुद पानी निकासी करवाते दिखे और उन्होंने ठेकेदारों से कहा कि सीवरेज के चैम्बर्स में पाईप लगाए जायें और पानी की निकासी जल्द की जावे। कलेक्टर ने कहा कि पानी निकासी के लिए हर प्रयास करके अधिकारियों को 24 घंटे मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलक्टर ने बताया कि रविवार को फिर से 56 एमएम बारिश हो गई, जिसके कारण जल का स्तर फिर से पिछले रविवार के जैसा हो गया है। लेकिन फिर भी सभी जगहों पर पानी निकासी के लिए मशीनों, मोटरों, पम्पों और पीटीओ की व्यवस्था कर दी गई है, ताकि समस्या करा समाधान हो सके। गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बेदी ने बीमारियों से संरक्षण, जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान करने, सिवरेज के दोषियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की। जिला कलक्टर ने उन्होंने एसडीएम व नगरपरिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि सभी कार्मिकों का समुचित प्रबंधन करें व संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए। आमजन से किसी भी माध्यम से शिकायत, सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जल भराव स्थितियों पर प्रभावी नियंत्रण करें तथा संसाधनों को बढ़ाते हुए आमजन को राहत दें। पंप आदि को चालू रखते हुए मॉनीटरिंग करें। जिला कलक्टर सुराणा ने एफसीआई गोदाम का निरीक्षण कर कहा कि अतिरिक्त पंप लगाकर पानी निकास करें व गोदाम में मौजूद गेंहू को यथाशीघ्र से शिफ्ट करें। जिला कलक्टर ने सुजानगढ़ उपखंड मुख्यालय पर चापटिया तलाई, नाथो तालाब, एफसीआई गोदाम, हरिजन बस्ती, गैनाणी से पानी निकासी आउटलेट आदि सहित शहरी क्षेत्र में पानी भराव का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी तथा अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल सहित स्थानीय निवासियों ने समस्याओं और स्थितियों से अवगत करवाया। वाल्मिकी बस्ती के निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता गणेश मंडावरिया ने कहा कि आपने जिस आयुक्त को लगाया है, वो काम के प्रति गंभीर नहीं है और वो सुजानगढ़ के लायक नहीं हैं। इस दौरान एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, डीएसपी दरजाराम बोस, तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, नायब तहसीलदार असलम खान, आयुक्त मघराज डूडी, एईएन विक्रम जोरवाल, एईएन चारवी, नरेंद्र प्रजापत, रेंवतमल पंवार आदि मौजूद रहे।

### एफसीआई के गेहूं का करो निस्तारण

जिला कलक्टर ने पंचायत समिति में अधिकारियों की बैठक की और कहा कि आपदा जैसी परिस्थितियों के लिए संवेदनशील रहते हुए आमजन का सहयोग करें। पीएचईडी के अधिकारी उपलब्ध मोटरों व संसाधनों का उपयोग पानी निकासी में करें ताकि त्वरित जल निकास हो सके। डिस्कॉम के अधिकारी बिजली आपूर्ति व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी, कर्मचारी मशीनरी को एक्टिव रहें व प्रबंधन में अपेक्षित सहयोग करें। उन्होंने नगरपरिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि जल भराव से प्रभावित लोगों के रहने, खाने व पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र से शीघ्र एफसीआई के गेहूं को यहां से शिफ्ट किया जावे।

## शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निसं.)** कस्बे में रविवार रात को कपड़े की एक दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सुबह जब आगजनी का पता चला तो दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही सबकुछ जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार हनुमान टावर स्थिति साफा शेरवानी की एक दुकान में सुबह धुआं उठता हुआ दिखाई देने पर वहां से गुजर रहे लोगों ने दुकानदार शिवराज सिंह को जानकारी दी। बाद में दुकानदार सहित काफी लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस और दमकल की गाड़ी को भी सूचना दी गई। इसके बाद रानोली पुलिस और खाटूश्यामजी से दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर दुकान का शटर ऊंचा किया तब तक दुकान में सारा सामान जल चुका था। गनीमत रही थी आग आसपास की दुकानों में नहीं फैली अन्यथा आसपास की दुकानों में भी नुकसान हो सकता था। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## सांसद राहुल कस्वा ने ली अधिकारियों की बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानरगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला सांसद राहुल कस्वा गत शाम को पचांयत समिति पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक ली। इस दौरान आयुक्त से उन्होंने पूछा कि ऐसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कोई एसओपी आपकी नगरपरिषद के पास है क्या, जिस पर आयुक्त ने कहा कि ऐसा कुछ तो नहीं है। लेकिन लोगों को खाने और रहने की व्यवस्था दी जा रही है और अनेक स्थानों पर रहने की व्यवस्था की गई है। सांसद राहुल कस्वा ने जलदाय विभाग के एसई से बात कर अतिरिक्त पंप देने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक मनोज मेघवाल, उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, चारवी, कांग्रेस नेता विद्याधर बेनीवाल, सभापति प्रतिनिधि इदरीश गौरी, कांग्रेस नेता हितेश जाखड़, पार्षद विजय बटेसर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, पार्षद इस्माईल खां, बजरंग सेन, लियाकत खां, रामावतार शर्मा, मुकुल मिश्रा, विजयपाल चाहर अदि मौजूद रहे।

## कार सर्विस कारखाने में आग से लाखों का नुकसान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड़ की शक्ति माता मंदिर के पास स्थित एक कार सर्विस के कारखाने में रविवार की रात को अचानक आग लग गई। आग किन कारणों से लगी, ये जांच का विषय है। दूसरी ओर मौके पर पुलिस और दमकल पहुचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी जब एक बार खाली हो गई, तो उसे कारखाने के अंदर ही भरने का प्रयास किया गया। लेकिन सफलता नहीं मिली। थोड़ी देर की माथापच्ची के बाद वापस दमकल को पानी भरने के लिए भेजा गया और दमकल वापस भरकर आई और आग पर काबू पाया गया। दमकल जिस खाली हो गई थी, उस दरमियान लोगों ने बारिश के पानी से ही बाल्टियों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। लेकिन टीन शेड काफी बड़ा था। एक दो कारों को बाहर भी निकाल लिया गया था। लेकिन कुछ कारें, मशीनों और खुद टीन शैड को आग से क्षति पहुंची है, जिससे नुकसान लाखों में होने का अंदेशा है। बारिश ने आग बुझाने का कार्य काफी बाधित हुआ। फायर ऑफिसर रूपसिंह के नेतृत्व में दमकलकर्मियों ने आम लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया।

## लक्ष्मणगढ़ में चोरों के हौसले बुलंद, दो विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)** लक्ष्मणगढ़ उपखंड में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी वारदात को अंजाम देते हुए दो अलग-अलग स्थानों से विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया है, जानकारी के अनुसार एक ट्रांसफार्मर गोयनका विद्यालय के पास और दूसरा ट्रांसफार्मर घस्सू गांव के पास चोरी हुआ है। सोमवार सुबह जब चोरी की वारदात सूचना विद्युत विभाग को दी गई तब विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और लक्ष्मणगढ़ थाने में वारदात के संबंध में मामला दर्ज करवाया।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही विद्युत निगम के तार बेचने का मामला सामने आया था, जिसमें भी निगम प्रशासन की सक्रियता नहीं देखी गई। ऐसे में निगम की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं न केवल बिजली व्यवस्था पर असर डाल रही हैं, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही हैं तो वही सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त न होने से चोरों के हौसले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं।



## सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस, 17 घायल

### अखेपुरा टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा, जयपुर से पिलानी जा रही थी बस

जयपुर टाइम्स



**पलसाना(निसं.)।** रानोली थाना इलाके में पलसाना अखेपुरा टोल प्लाजा के पास एक रोडवेज बस आगे सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इस घटना में बस में सवार 17 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए नेशनल हाईवे की एंबुलेंस पलसाना हॉस्पिटल लेकर पहुंची। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। रानोली थानाधिकारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार के मुताबिक घटना पलसाना-अखेपुरा टोल प्लाजा के पास की है। रोडवेज बस जयपुर से पिलानी की तरफ जा रही थी। जो टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। घटना की सूचना मिलने के बाद घायलों को नेशनल हाईवे की एंबुलेंस के जरिए पलसाना अस्पताल पहुंचाया गया। घटना में मुकेश कुमार, सुनीता कुमावत, भंवरलाल, सुरेश कुमार सहित कुल 17 लोग घायल हुए। जिन्हें पलसाना हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के मुताबिक जिस ट्रक से रोडवेज बस टकराई। उसे ट्रक में किसी प्लांट के लिए भारी मशीनरी ले जाई जा रही थी। ट्रक ड्राइवर ने टोल प्लाजा के पास ट्रक को सड़क किनारे रोका हुआ था। जिसके चलते यह हादसा हो गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रत वाहनों को क्रेन के जरिए साइड में करवा दिया।

## जल भराव की समस्या से ग्रामीण परेशान, नही हो रहा समाधान

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ उपखंड के बगड़ी गांव में पानी भराव की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है और प्रशासन द्वारा भी उक्त जल भराव की समस्या का अभी तक कोई स्थाई समाधान नही किया गया है।गांव के निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता नेमीचंद बगड़ी ने बताया कि बगड़ी गांव के आमजन को बरसाती मौसम में जल भराव की समस्या से भारी मुसीबतों का समाना करना पड़ रहा है,उन्होंने बताया कि बरसाती पानी आम रास्ते में इकट्ठा होने से आमजन को बहुत परेशानी होती है, नेमीचंद ने बताया कि उक्त जल भराव की समस्या के बारे में पहले भी प्रशासन को अवगत करवाया गया है लेकिन अभी तक किसी प्रकार का कोई स्थाई समाधान प्रशासन की ओर से नहीं किया गया है और स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है,नेमीचंद ने बताया कि गांव के नन्हे बच्चों, बड़े बुजुर्ग और गांव की महिलाओं को इस बरसाती गंदे पानी से हो कर गुजरना पड़ता है जिसकी वजह से उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है,स्थानीय नेताओ एवं प्रशासन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आम जन की उक्त समस्या का जल्द से जल्द कोई स्थाई समाधान किया जाए जिससे की गांव के लोगो को उक्त समस्या से राहत मिल सके।

## चेक बाउंस मामले में 6 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के वार्ड 14 निवासी 48 वर्षीय गोविंद प्रसाद पुत्र रामदेव जांगिड़ को जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने वार्ड 14 से गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चुरु पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया है। हमारी टीम द्वारा लगातार लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही है। इसी कड़ी में वार्ड 14 निवासी 48 वर्षीय गोविंद प्रसाद जांगिड़ पुत्र रामदेव जांगिड़ जो पिछले 6 साल से चेक बाउंस मामले में फरार चल रहा था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने पहले भी जोधपुर व नागौर आदि जगहों पर काफी तलाश किया। आखिरकार पुलिस ने आरोपी को सरदारशहर के वार्ड 14 से गिरफ्तार किया है। वहीं अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## टेंट गोदाम में आग से हुए नुकसान पर मुआवजे की मांग

### टेंट व्यवसायियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस.)।** रामलीला मैदान स्थित टेंट व्यवसायी प्रकाश शर्मा (डब्बू) के गोदाम में 29 अगस्त की रात करीब 8.30 बजे भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ। इस घटना को लेकर टेंट यूनियन अध्यक्ष मूलसिंह भाटी के नेतृत्व में टेंट व्यवसायियों ने सोमवार को तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। ज्ञापन के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि आग से लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे व्यवसायी को गहरा आर्थिक आघात पहुंचा है। इस मौके पर पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी व मधुसूदन दायमा भी मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।ज्ञापन सौंपते समय यूनियन अध्यक्ष मूलसिंह भाटी के साथ कमल सुरोलिया, राजेन्द्र सैनी, ताराचंद कुमावत, मनीष सैनी, बाबूलाल पाराशर, पीन्टू सुरेका, विजय बागड़ी सहित अनेक व्यवसायी उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर प्रशासन से शीघ्र राहत दिलवाने की अपील की।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# बरसात में कठिन हुई राह, सड़क तालाब में तब्दील, बारिश होते ही शहर क्यों बन जाते हैं 'तालाब'

## जलभराव से करोड़ का नुकसान क्या है समाधान?

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** बरसात में सड़कों की हालत बिगड़ बेकाबू जिला मुखालय से ग्रामीण कस्बों तक की सड़कों पर राह चलना कठिन है। जलभराव के चलते तमाम जगहों पर सड़कें तालाब की शक्ल अख्तियार कर ली है। इसमें निमित्त गड्ढे पानी से लबालब भरे जिससे उनका अंदाजा नहीं लग पा रहा राहगीर अक्सर इन सड़कों पर गच्चा खा रहे हर दिन कोई न कोई अनहोनी का शिकार बन रहा है। हर मार्ग का हाल बेहाल हर जिले से जुड़ने वाली सड़क पानी में डूब गई पानी से लबालब भरा हुआ है। बरसात के बाद नपसी प्रशासनने सीकर शहर में सड़क पर गिट्टी जी उँट के मुह में जीरा जेसा डालकर छोड़ दिया जो पानी का बहाव होने से यह तितर-बितर हो गया है। कभी बिखरी गिट्टियों में पैर उलझ रहे तो कभी वाहनों के पहिए फंस जा रहे मोहल्लेवासियों का आवागमन बाधित है।लगातार भारी बारिश के कारण के निचले इलाकों में भारी जलभराव और सड़कें धंसने की घटनाओं ने शहर की व्यवस्थाओं को चरमरा दिया है, जिससे यातायात बाधित हुआ और लोगों को परेशानी हुई। नगर परिषद के दावों की पोल खुल गई और कई जगहों पर गहरे गड्ढे बन गए, जिससे बड़े हादसों का खतरा बढ़ गया है, खासकर तापडिया बगीची रेलवे स्टेशन और सूरजपोल जैसे इलाकों में।



**मुख्य सड़क टूटी**

बजाज रोड स्टेशन रोड शहर के गेटो में नया दुजोद गेट सूरजपोल के पास मुख्य सड़क टूट गई जलनिकासी की व्यवस्था न होने से बरसात का पानी यहां अक्सर भर जाता है। इन दिनों क्षतिग्रस्त सड़क पर जाम की समस्या खड़ी हो रही दुर्घटनाएं भी हो रही है। वहीं देवीपुरा रोड तक जाने वाली सड़क भी लगातार बारिश होने से क्षतिग्रस्त हो गई आना जाना मुश्किल हो गया है।

**जान जोखिम में डालकर हो रही यात्रा**

हर मार्ग पर राहगीर इन दिनों जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। सड़क में गड्ढे पानी से भर गए हैं। राहगीर आए दिन इन गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं। तमाम शहरों में बारिश होते ही जलभराव हो जाता है जिससे हाईवे व लोकल सड़कों पर जाम लगा रहता है। अक्सर अंडर ब्रिज में के रास्ते निकलना मुश्किल बन जाते कारों में भी पानी भर जाता है। आम लोगों का समय ऊर्जा और उत?पादकता भी बर्बाद होती है। आखिर इसकी वजह क्या है?

## तेजा दशमी पर आज होंगे धार्मिक आयोजन



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** कस्बे के वार्ड संख्या 18 के आदर्श नगर में स्थित तेजाजी धाम पर मंगलवार को तेजा दशमी के उपलक्ष पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर पुजारी भरता राम सारण और धन्नाराम बलौदा ने बताया कि तेजा दशमी पर तेजाजी महाराज का अभिषेक कर सजावट की जाएगी इसी के साथ महाआरती करके विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें अलवर के थानागाजी की सुप्रसिद्ध भजन मंडली द्वारा तेजाजी का गुणगान किया जाएगा। तेजा दशमी को लेकर मंदिर की विद्युत चालित यंत्रों सहित फूल मालाओं से भव्य सजावट की गई। कार्यक्रम को लेकर देर शाम तक सभी तैयारियां पूरी की गई। तेजा दशमी की पूर्व संध्या पर शिक्षक हरलाल सिंह दूधवाल, महेश जाखड़, एचएल चौधरी आदि के द्वारा तेजाजी की बिंदौरी निकाली गई।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** भाजपा नेता सचिन तुनवाल की अगुवाई में कई युवा मौर्चा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नगरपालिका में जाकर अधिशासी अधिकारी जैकीराम गोयल को वार्ड नं 23 मे नगेश कुमार तुनवाल के घर से ओमप्रकाश जी कुमावत के घर तक सड़क़ निर्माण कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा एवं अधिशासी अधिकारी ने शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने का आशवासन दिया।

## मुस्लिम अचीवर्स अवार्ड का में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** एक्सीलेंस नॉलेज सिटी फॉर गर्ल्स में उदय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित मुस्लिम अचीवर्स अवार्ड का आयोजन रविवार देर शाम हुआ जिसमे कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार राजिक फ़र्शीवाला शामिल हुए। निवर्तमान सभापति जीवण ख़ान, बी.के. ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अब्दुल रहीम ख़त्री, डिप्टी टाउन प्लानर अज़हर जाटू, युवा व्यवसायी इमदाद ख़ान, सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन आकाश गोठवाल, मेडिकल ऑफिसर डॉ. वसीम, श्रीराम ट्रॉमा सेंटर के निदेशक डॉ. अजय मिश्रा, हाजी फ़िरोज़ बहलीम, डॉ. सलीम सहित अनेक गणमान्य हस्तियाँ मौजूद रहीं।

## ड्राइवरों ने मनाया दिवस, अपनी मांगो का दिया ज्ञापन




जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** आज ड्राइवर ने अपने दिवस आल ड्राइवर बेलफेयर एसोसियस के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार के नेतृत्व में रौनक होटल सीकर में ड्राइवरों ने जश्न के साथ अधिवेशन आयोजित करके मनाया। ड्राइवरों के दिवस को विभिन्न तारीखों पर मनाया जाता है, और यह भारत में ड्राइवरों के प्रति सम्मान और जागरूकता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। कुछ स्रोत 24 जनवरी को नेशनल ड्राइवर डे के रूप में बताते हैं, जिसे ट्रांसपोर्ट बॉडीज द्वारा घोषित किया गया था। जबकि अन्य स्रोत 1 सितंबर को राष्ट्रीय चालक दिवस के रूप में मनाते हैं, और कुछ 17 सितंबर को भी ड्राइवर दिवस के रूप में उल्लेख करते हैं। ड्राइवर हितों के लिए कलेक्टर सीकर एवं पुलिस अधिक्षक को ज्ञापन भी दिया । इस अवसर पर एसोसियशन के जिला अध्यक्ष महावीर शेखावत, महासचिव जोगेन्द्र, सचिव जमनलाल, मिडिया प्रभारी योगेश सहित अनेक ड्राइवर उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं में ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण, एक पर शास्ति आरोपित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, ब्लॉक-झुंझुनूं द्वारा ई-गवर्नेंस सेवाओं में सुधार और अधिक वसूली की शिकायतों के निवारण हेतु अगस्त माह में उपखंड क्षेत्र झुंझुनूं में संचालित ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया गया। विभागीय ब्लॉक प्रोग्रामर विनोद कुमार सैनी ने बताया कि इस दौरान अलग-अलग टीमों ने कुल 45 कियोस्कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता और विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण एक कियोस्क पर शास्ति आरोपित की गई।

## दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जैन धर्म के दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म का विशेष आयोजन किया गया ।शहर के समस्त जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जिनेन्द्र प्रभु के अभिषेक शांतिधारा की , जिसके पश्चात नित्य पूजन के साथ उत्तम सत्य धर्म की पूजा की । भाद्रमाह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को दिगंबर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्यूषण दशलक्षण पर्व का पांचवां दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया जाता है। उत्तम सत्य धर्म को दस लक्षणों में सर्वोच्च गुण माना गया। यह केवल झूठ न बोलने का व्रत नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म से सत्य का पालन करने का संकल्प है। भगवान महावीर ने कहा था कि सत्य ही धर्म का मूल है। दशलक्षण के दौरान सत्य पर चिंतन आत्मा को विकारों से मुक्त करता है। दशलक्षण पर्व में उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, अकिंचन्य और ब्रह्मचर्य जैसे दस गुणों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। पर्व के दौरान जैन भक्त उपवास करते हैं। तपस्या, स्वाध्याय और प्रतिक्रमण करते हैं। मोक्ष की प्राप्ति संभव सत्य 'सत' शब्द से आया है जिसका अर्थ है वास्तविक होना । उत्तम सत्य धर्म सिखाता है कि आत्मा की प्रकृति जानने के लिए सत्य आवश्यक है।



## शोक सभाओं में 2300 पेड़-पौधे भेंट किये भंवरलाल जांगिड़ ने



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" एवं भजनलाल शर्मा सरकार की हरित क्रांति अभियान के तहत भाजपा नेता एवं समाजसेवी भंवरलाल जांगिड़ द्वारा माता-पिता के स्वर्गवास हो जाने पर पुत्र द्वारा उनके नाम एक पेड़ लगाकर श्रद्धांजली अर्पित करने तथा प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर उनके नाम पेड़ लगाने की मुहिम में अब तक शोक सभाओं में 2300 पेड़ पौधे भेंट किए गए हैं हरित श्रद्धांजलि अभियान जिले की 382 ग्राम पंचायतो में पिछले 1 साल से लगातार जारी है जागिङदुखद घड़ी में परिवार तक पहुंचकर संवेदना प्रकट करते हैं अपने जन्मदिन व माता-पिता के नाम प्रतिवर्ष एक पेड़ लगाकर पेड़-पौधो की देखभाल करने के लिए परिवारजनों को शपथ दिलाते है जांगिड़ ने बताया अपने माता पिता के नाम पर एक पेड़ लगाएं जिससे उनके प्रति सम्मान और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी दोनों प्रकट होंती है ।अभियान व्यक्तिगत भावनाओं को समाजिक कार्य से जोड़ता है, जिससे ज्यादा लोग इसमें भाग लेने को प्रेरित होते हैं। अभियान में आज कुड.ली, सिहासन, गुंगारा, सांगरवा, बाजौर, पिपराली सहित अनेक ग्राम पंचायतो में पेड. भेंट किए गए इस दौरान ग्रामवासी एवं श्री मानव सेवा संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजस्थान स्पिनिंग एवं वीविंग मिल मजदूर यूनियन सीटू का पांचवा सम्मेलन संपन्न

### दीपचंद बाजिया अध्यक्ष व सुभाष नेहरा महामंत्री चुने

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जिले के रींगस कस्बे में स्थित धागा मिल में मजदूर यूनियन सीटू का पांचवा सम्मेलन दीपचंद बाजिया व श्रवण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू के जिला महामंत्री बृजसुंदर जांगिड़ ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार मजदूर विरोधी कानून लाकर मजदूरों का शोषण करने की कारखाने के मालिकों को खुली छूट दे रहे हैं। मजदूरों ने अपने हकों के लिए संघर्ष करते हुए अनेकों बलिदान देने के बाद 8 घंटे का कार्यदिवस, यूनियन बनाने का अधिकार, बोनस का अधिकार व कारखाना अधिनियम जैसे 44 श्रम कानून को हासिल किया था। भाजपा की केंद्र सरकार ने इन 44 श्रम कानून को 2019 में 4 मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं में बदल दिया लेकिन भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू ने 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन व विभिन्न क्षेत्र में काम करने वाले फेडरेशन को साथ लेकर देशव्यापी आम हड़तालों का आयोजन करके इन मजदूर विरोधी कानून को लागू नहीं होने दिया है। हाल ही में 9 जुलाई को हुई देशव्यापी आम हड़ताल में 25 करोड़ लोगों ने भागीदारी की है। भाजपा की राजस्थान सरकार भी लगातार मजदूर विरोधी कदम उठा रही है और आने वाले विधानसभा सत्र में महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देने व कार्य दिवस 10 घंटे करने का प्रस्ताव ला रही है जिसकी सीटू कड़ी निंदा करती है। सम्मेलन को सीटू के उपाध्यक्ष रघुवीर बारेठ, अखिल भारतीय किसान सभा के नेता सूरजभान सिंह धायल, सुभाष नेहरा, दीपचंद बाजिया व रामप्यारी देवी सहित अन्य साथियों ने संबोधित किया। सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष दीपचंद बाजिया, महामंत्री सुभाष नेहरा तथा महेश कुमार सैनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में सूरजभान सिंह को संरक्षक, महादेव सिंह व श्रवण कुमार बाजिया को उपाध्यक्ष, सागर मल निठारवाल तथा बाबूलाल पावडा को संयुक्त सचिव एवं सुरेंद्र सिंह मील, राजकुमार, संतरा देवी, परमजीत, विवेक कुमार, पवन कुमार, इंद्र कुमार तथा दीपचंद निठारवाल को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया।



## माऊका अध्यक्ष नरेश सैन को बनाया प्रवक्ता

### दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर भूमि पूजन गुरुवार को

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** श्री शीतला सांस्कृतिक समिति सीकर की मीटिंग शाकंभरी में सुभाष भिंडा फतेहपुर वाले की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में समिति के चुनाव हुए जिसमें सर्व समिति से काशी प्रसाद माऊका को चौथी बार सर्व समिति से समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि मार्गदर्शक के रूप में दशरथ तिवाड़ी, विद्या प्रकाश शर्मा, व श्री राम जोशी को चुना गया। जबकि समिति के संरक्षक के रूप में कृष्ण कुमार मित्तल को चुना गया। समिति में सुरेश मिश्रा को महामंत्री बनाया गया। उपाध्यक्ष किशन सिंह चौहान, हनुमानदीक्षित, सतीश शर्मा, व कोषाध्यक्ष गिरधारी पारीक को बनाया गया। संगठन महामंत्री के रूप में अभिषेक तिवाड़ी को चुना गया। मंत्री के रूप में रितेश शर्मा,मंत्री सतीश माऊका, पवन टेलर, को बनाया गया ?। जबकि नरेश सैन को प्रवक्ता बनाया गया। कार्यकारिणी में दीनदयाल शर्मा, राज नारायण माथुर, महेश माथुर, विनोद टेलर, पुरुषोत्तम शर्मा, त्रिलोक सोनी,हरि चेजारा, त्रिलोक जांगिड़, बनवारी लाल सैनी, रामचंद्र चौधरी, झाबर मल सैन , दीनदयाल चौमाल ,कमल तोदी को शामिल किया गया।



## महिला मंगल गीत कार्यक्रम

**सीकर(निसं.)।** नानी गेट स्थित श्री जानकी वल्लभ मंदिर में जानकीनाथ महिला मंडल द्वारा भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दशमी पर मंदिर के महंत मधुसूदनाचार्य जी महाराज के सानिध्य में महिला मंगल गीत कार्यक्रम का आयोजन 2 अगस्त मंगलवार दोपहर 3.15 बजे महिला मंगल गीत का कार्यक्रम आयोजित होगा। बावड़ी गेट स्थित श्री रघुनाथ जी के मंदिर में महिला मंगल गीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीराम महिला मंडल अध्यक्ष रितु पारीक ने बताया कि रघुनाथ जी के मंदिर में महिला मंगल गीत आयोजित किया गया। जिसमें वंदना राठौड़,सरोज शर्मा व सुगनचंद पंवार , दिनेश सामरिया ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शालू अग्रवाल, सीता कंवर, संतोष कंवर, मंजू देवी,मंदिर के महंत अजय जी महाराज सहित श्री राघवेंद्र सेवा समिति के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राठौड़ मंत्री जानकी प्रसाद इंदौरिया, संयुक्त मंत्री नरेश सैन , सुभाष जोशी गणेश कुमार शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। मंगल गीत के पश्चात् श्री रघुनाथ जी महाराज की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

### गणपति बप्पा मोरिया-अगले बरस तू जल्दी आ

**सीकर(निसं.)।** शहर के डोलियों के बास में अष्टविनायक मित्र मंडल द्वारा चल रहें गणेश महोत्सव का विसर्जन किया गया। भक्तगण एक ही स्वर में गा रहें थे गणपति बप्पा मोरया-अगले बरस तू जल्दी आ व गणपति बप्पा के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। टाइगर फोर्स के अध्यक्ष पवन कासल्या ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान गणेश जी की प्रतिमा को जेसीबी के ऊपर बिठाकर डोलियों के बास से रवाना किया गया, जो बजाज रोड़, जाटिया बाजार, सूरजपोल गेट होते हुए बड़ा तालाब पहुंची। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ ही गणपति जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व हवन और प्रसाद का वितरण किया गया।

## जिला कलेक्टर रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का किया निर्धारण

**सीकर(निसं.)।** कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर सितम्बर माह में होनी वाली रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों का निर्धारण कर दिया है। उन्होंने बताया कि 3 सितम्बर को धोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जेरठी, 10 सितम्बर को नेछवा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नेछवा , 17 सितम्बर को पिपराली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत तारपुरा, 24 सितम्बर को फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ढांढण में रात्रि चौपाल व जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## सदस्यता की ग्रहण भाजपा में

**सीकर(निसं.)।** भाजपा जोन 3 मंडल में कार्यालय में कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंडल अध्यक्ष इंद्र शर्मा की अगुवाई में मोहल्ला व्यापारियान में टीम सद्दाम हुसैन वार्ड नं. 10 के सदस्यों ने भाजपा की राष्ट्रहित की भावना व पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। मंडल अध्यक्ष इंद्र शर्मा ने बताया कि भाजपा नेता सज्जन सैनी के नेतृत्व में रामचंद्र कुमावत, विष्णु कुमावत, आरिफ तंवर, इकबाल खोखर, तालिब खत्री, मो. आदिल, समीर, तारीफ खोखर, आदिल खत्री, समीर खोखर, सादिक, अफरीदी, अकरम, जुबेर, सोहैल, नवीद, आरिफ, असलम, सादिक, समीर चौहान, शहजाद खत्री, आफताब, आदिल पंवार, सोनू नारिया, अय्यान,उमेर, आमीन, जाकिर रंगरेज़, आसिफ, सहीद, मोहसिन खोखर, अजरुद्दीनआदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के नेताओं ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक- 1379-1386 दिनांक- 21/08/2025

**ई - निविदा सूचना सं. 12 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत ACJM quarter sardarshahar converted type iii to type ii H.Q for financial year 2025- 26 कार्य हेतु कुल 01 कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A2794 के UBN No. निम्न प्रकार है:-

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB10369 |

(राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर

DIPR/C/12344/2025

# बेतरतीब विकास कार्य से आई नाथो तालाब क्षेत्र की जनता पर आफत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ शहर के नाथोतालाब पर रहने वाले लोग इन दिनों बरसाती पानी के भराव के कारण या कहें कि निकास नहीं होने के कारण परेशान हैं। लोगों के घरों में बरसाती पानी पड़ा है और लोग चाहकर भी सामान्य जीवन नहीं जी पा रहे हैं। बरसाती पानी ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। हालांकि यह सर्वमान्य बात है कि बारिश इस बार हद से ज्यादा हो गई। लेकिन लोगों के घरों में आई इस आफत के लिए केवल ज्यादा बारिश जिम्मेदार हो, ऐसा कहना बिल्कुल बेमानी होगा। दरअसल सुजानगढ़ के बड़े हिस्से का पानी नाथोतालाब में जाकर स्टोर होता है। जिस नाथोतालाब से ये उम्मीद की जा रही है कि वो फटाफट मोहल्लों का पानी अपने अंदर समा ले, उस नाथोतालाब के साथ विकास के बेतरतीब कार्यों के साथ करोड़ों रूपयों का खर्चा करके खिलवाड़ किया गया है। सब लोगों को पता है कि दिनों-दिन घरों की संख्या बढ़ रही है, शहर की आबादी भी बढ़ रही है। लेकिन विकास का बहाना बनाकर जिस तरीके से शहर के जलाशयों की साईज को या जलभराव क्षेत्र को छोटा किया गया, वो अपने आप में इंजीनियरिंग का कुरूप चेहरा कहा का सकता है। नाथोतालाब के जलभराव क्षेत्र पर ग्रीन स्पेस का निर्माण किया गया और करोड़ों खर्च करके आम लोगों के घूमने, व्यायाम करने, शकून भरे पल बिताने का बन्दोबस्त विकास के नाम पर किया गया। लेकिन इससे तालाब का जलभराव क्षेत्र आधे से कम हो गया। हाल ही में इसके अंदर निर्माण कार्य चल रहा था और बरसात से पहले इसको खाली भी किया गया था, जो बताता है कि इसमें सौंदर्यीकरण के नाम पर पैसे लगा-लगाकर जलभराव क्षेत्र को सालों से कम किया जाता रहा है। नाथोतालाब का जलभराव क्षेत्र एक तिहाई हो गया है, जिससे यहां पर भरने वाला पानी अब लोगों के घरों में आकर जमा हो गया। चूंकि बाहर के स्थानों पर पानी निकासी जहां की जा रही है, वहां पर भी पानी ओवरलोड है। ऐसे में अब लोगों के घरों में बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। कारण साफ है कि नाथोतालाब के जलभराव क्षेत्र के साथ छेड़छाड़ की गई।




इस बारे में मोहल्ले में रहने वाले बनवारीलाल भार्गव ने कहा कि जिस प्रकार से नाथोतालाब के जलभराव एरिया को कम किया गया, उससे साफ जाहिर है कि मोहल्लों में पानी भरने का इंतजाम कर दिया गया और जनता के लिए आफत आमंत्रित कर दी गई। इस बेतरतीब विकास का नतीजा अब जनता भुगत रही है। पार्षद प्रतिनिधि राकेश प्रजापत ने बताया है कि पार्क के नाम पर जलाशय के साथ छेड़छाड़ करके पूरे मोहल्ले को खतरे में डाला गया। जिसके कारण आज मोहल्ले के 250 घर प्रभावित हो गए हैं और कई घरों में पानी जमा है। आज आठ दिन बाद प्रशासन की ओर से लोगों के लिए खाने के पैकेट मिले हैं। लेकिन फिर भी पीने के लिए पानी के कैंपर लोगों के घरों तक नहीं पहुंचाये जा रहे। जिन लोगों के घरों में गंदा पानी पड़ा है, उनको पीने का पानी प्रशासन को मुहैया करवाना चाहिए।
इस बारे में नूर मोहम्मद पहाड़ियान ने कहा कि प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ करके गार्डन का निर्माण किया गया। गार्डन बनना चाहिए अच्छी बात है, लेकिन तालाब के पानी की जगह गार्डन बनाकर ही जनता के साथ अन्याय कर दिया गया। आज नाथोतालाब मोहल्ले के लोगों को ये बेतरतीब विकास खून के आंसू रूला रहा है। बजरंगी गौ सेवा समिति के बबलू बजरंगी ने बताया कि तालाब की जमीन पर पार्क बनाने के साथ ही तालाब के गड्ढ़े भर्ती कर दिया गए। अब पानी लोगों के घरों पर आ रहा है। पार्क बनाने का आज आम जनता को दंड मिल रहा है। तालाब में खुदाई की बजाय भराई करवाई गई। जितना पानी तालाब में आज नहीं है, उससे ज्यादा पानी तो लोगों के घरों और गलियों में मौजूद है। तालाब की चौड़ाई को साजिशन कम करके जनता को खतरे में डाला गया। कांग्रेस नेता सिराज खान कायमखानी ने बताया कि विकास होना अच्छी बात है, लेकिन तालाब के जलभराव क्षेत्र में पार्क बनाने की बजाय दूसरी जमीन पर इसका निर्माण होना चाहिए। क्योंकि पानी अपना रास्ता और जगह कभी नहीं बदलता। सरकार और सरकारी नुमाईंदों को ये बात अच्छी तरह से पता है कि जनसंख्या बढ़ रही है और घरों की संख्या हर साल बढ़ रही है। ऐसे में तालाबों में जलभराव के क्षेत्र को कम किया जाना कोई बुद्धिमतापूर्ण इंजीनियरिंग नहीं कही जा सकती। आज बेतरतीब विकास कार्यों का दंड नाथोतालाब और इसके आस-पास रहने वाले लोग और यहां के निवासी भुगत रहे हैं। तालाबों के जलभराव क्षेत्र को बढ़ाए जाने की जरूरत होती है, क्योंकि तलभराव के लिए नीचले क्षेत्र हमेंशां निश्चित ही रहते हैं। इनके साथ छेड़छाड़ ही मानवीय सभ्यता की बड़ी भूल है।

## ब्रिक्स सीसीआई हेल्थकेयर समिट 2025 में डॉ सीके दीक्षित ने लिया भाग, आयुर्वेद पर गहनता से किया मंथन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** ब्रिक्स सीसीआई हेल्थकेयर समिट 2025 का नई दिल्ली स्थित होटल हयात रिजेंसी में गौरवमयी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मि प्रान शर्मा, बीबीएल मधुकर, मि हरवंश चावला, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, प्रतापराव जाधव राज्यमंत्री आयुष भारत सरकार, लोकसभा सदस्य अनुराग शर्मा, मि समीप शास्त्री, डॉ कौस्तुभ उपाध्याय सलाहकार आयुष मंत्रालय भारत सरकार, वैद्य राजेश कोटेचा सचिव आयुष भारत सरकार आदि शामिल हुए। समिट में वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ आचार्य रमानंद झा, संयुक्त निदेशक योजना विभाग, डॉ इन्द्रप्रकाश झा, नेपाल से विख्यात आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ राकेश सिंह एवं आल इण्डिया आयुर्वेद एक्सपर्ट एशोसिएशन एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के आजीवन सदस्य वरिष्ठ आयुर्वेद व मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ सीके दीक्षित ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर सहभागिता की। डॉ दीक्षित को आयुर्वेद सेवाकार्य पारिवारिक विरासत में मिला है। इनके पितामह स्वर्गीय वैद्यराज रामप्रसाद दीक्षित व पिताश्री वैद्यराज श्रीनिवास दीक्षित इस क्षेत्र के प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ रहे है। डॉ सीके दीक्षित पूर्व में भी सीएमईज अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय सेमिनार्स, कॉन्फ्रेंसेज, वर्कशॉप्स व वेबिनार्स मे भाग लेते रहे है। समिट में ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ विशेषज्ञों, रिसर्च स्कॉलर्स व डेलीगेट्स ने उत्साह से सहभागिता की।

## शेखसर के गोगाजी के मेले में कुश्ती प्रतियोगिता का खिताब पायल ने जीता



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** गांव शेखसर में सोमवार को गोगा नवमी के उपलक्ष्य में गोगा जी महाराज का मेला भरा। जनसेवी अमित मीणा ने बताया की मेले में आयोजित महिलाओं की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम विजेता के रूप में बगड़ की पायल को 5100 रुपए नगद तथा द्वितीय पुरुस्कार विजेता 3100रूपये सोनिया कुमारी बगड़ को मिला इसी प्रकार पुरुषों कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम विजेता 21हजार छगनलाल मीणा बगड़, द्वितीय विजेता 11हजार विजय टाई,तीसरा5100वैभव ढाका का बास विजेता रहे। इस दौरान शेखसर के गोगामेड़ी के भगत कल्याण डूडी,पुजारी सुरेंद्र काला,भगत सोवनलाल पीपल का बास,शीशराम सैनी,मंगलाराम निर्मल बाजीसर और साथ ही कई गांव के निशान आते हैं जैसे बाला का बास, दिलोई,पीपल का बास, मोतिसर,गुदडबास,तोलियासर ,मेहरादासी सहित अनेक गावों के ग्रामीण मौजूद थे।

## विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मंडावा स्थित विद्युत निगम कार्यालय में सोमवार को ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर सहायक अभियन्ता संदेश मील को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है की अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान है। कुहाडू के आमिर कुहाडू ने बताया कि मौजास फिडर में ग्रामीणों द्वारा लगातार रात को लगातार बिजली कटौती की जा रही है जिससे ग्रामीण जन बहुत परेशान है। सोमवार को बिजली विद्युत निगम कार्यालय में ग्रामीणजन पहुंच कर सहायक अभियंता को ज्ञापन दिया गया और बिजली कटौती को लेकर चेतावनी दी गई है की अगर ज्यादा बिजली कटौती की गई तो आंदोलन की चेतावनी दी गई है ग्रामीण मौजूद थे। इस मौके पर गफ्फार खान कुहाडू,हरफूल तिलोटिया, वाहिद खान, ओम प्रकाश जांगिड़, रामकुमार, आसिफ खान,मनीष पूनिया,अख्तर काजी, संदीप राव करणी सिंह फौजी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## श्रद्धालुओं ने गणपति के दरबार में लगाई धोक, सात दिवसीय महोत्सव का समापन आज



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)** श्री सम्राट सिध्दी विनायक मंदिर का सात दिवसीय गणेश महोत्सव व मेला का मंगलवार को समापन होगा। रविवार रात को भी श्रद्धालुओं ने गणेश मंदिर पहुंचकर गजानंद महाराज के हाजिरी लगाई, हालांकि मौसम खराब होने के चलते भक्तों की चहल-पहल कम रही और आयोजित होने वाले कार्यक्रम भी बाधित हुए। गणेश महोत्सव में मंडावा निवासी नरेश जांगिड़ कैंसर स्पेशलिस्ट जयपुर हॉस्पिटल भी परिजनों के साथ पहुंचे और गणपति महाराज के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान सुनील जांगिड़, देवेंद्र जांगिड़, अनिल जांगिड़, मुकेश बुडानिया, राजेश रणजीरोत, नगर पालिका अध्यक्ष नरेश सोनी, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुशील लुहारूवाला, सचिव विद्याधर सैनी, व्यवस्थापक अशोक शर्मा, चिरंजी लाल सैनी, विशाल सैनी, महेंद्र सैनी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंगलवार को गणेश महोत्सव का समापन होगा तथा मंदिर से आकर्षक झांकियों के साथ विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा।

## साजन ने लगायी बाबा रामदेवजी के धोक, धोक के पश्चात मेले का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)** झुंझुनू/नवलगढ बाबा रामदेवजी का लक्खी मेले का शुभारंभ हुआ जिसमें पूर्व में चल रही रीति रिवाज के अनुसार इस वर्ष बाबा रामदेव जी का लकी मेले का शुभारंभ साजन घोड़े की सवारी की धोक लगाकर व हजारों की संख्या में निशान लेकर श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ रावल साहब की कोठी से बाबा रामदेव जी के मंदिर प्रांगण में पहुंचे साजन घोड़े ने सोमवार को शाम 5.15 बजे मंदिर में धोक लगायी। नवलगढ़ में लगभग 500 साल पुराने लोकदेवता रामदेवजी मंदिर की दूर-दूर तक मान्यता है। यहां भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दशमी यानी मंगलवार से लक्खी मेला शुरू होगा। इसमें लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस मेले के शुरू होने की भी एक अनूठी परम्परा है। पहले दिन सोमवार को मंदिर में घोड़ा धोक लगाएगा, फिर जोत ली जाएगी। इसके बाद लक्खी मेला शुरू होगा। दरअसल नवलगढ़ के रामदेवजी मंदिर में रामदेवजी महाराज के घोड़े की समाधि है जिसका नाम लीलण था। हर साल भाद्रपद शुक्ल पक्ष की नवमी की शाम को नवलगढ़ के राज परिवार के रूप निवास पैलेस से करीब 3 किलोमीटर चलकर घोड़ा रामदेवजी के मंदिर में आता है और यहां धोक लगाता है। घोड़े के साथ कई सेवक सफेद ध्वज लेकर चलते हैं। इस ध्वज को मंदिर के शिखर पर लगाया जाता है। मंदिर में घोड़ा आने की यह परंपरा करीब 249 साल से चली आ रही है। मेले के दौरान करीब 5-7 लाख श्रद्धालु बाबा रामसा पीर के मंदिर में धोक लगाते हैं। इसमें निशान यात्रा कमेटी सदस्य के साथ मनोहर सिंह जाखल, गिरधारीलाल इंदोरिया, कैलाश चोटिया,राजेश कटेवा,बुलाखी शर्मा, सूर्यप्रकाश, राजेन्द्र सिंह सोलंकी,हरियंत जैन, गौतम खण्डेलवाल, विक्रम सिंह मझाऊ, प्रशांत शर्मा, बंटी दादा अन्य हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

## एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद जयंती पर चार दिवसीय खेल महोत्सव सम्पन्न

### योग, दौड़, बैडमिंटन, टी.टी. क्रिकेट व निबंध-चित्रकला प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों में उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में 29 अगस्त से 1 सितंबर तक विभिन्न खेलकूद एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत 29 अगस्त को प्राचार्य डॉ कविता शर्मा की अध्यक्षता में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। शारीरिक शिक्षक डॉ प्रभाकर दीक्षित ने विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम की महत्ता समझाते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। वहीं प्रो एमए खान ने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। चार दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। टी.टी. प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में रौनक पारीक प्रथम और संदीप भारती द्वितीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में गौतम कालवा विजेता और लोकेश सैनी उपविजेता रहे। जबकि छात्रा वर्ग में आरजू जांगिड़ विजेता और कांता सारण उपविजेता रहीं। शतरंज प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में मोनिका चौधरी और कांता स्वामी क्रमशः प्रथम और द्वितीय रही। वहीं छात्र वर्ग में धीरज सिंह विजेता तथा विक्रम उपविजेता रहे। दौड़ प्रतियोगिताओं में भी उत्साह देखने को मिला। 200 मीटर दौड़ में छात्रा वर्ग में सुलोचना प्रथम और पूजा नायक द्वितीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में अभिराज सिंह प्रथम तथा हयात खान द्वितीय स्थान पर रहे।क्रिकेट प्रतियोगिता में आज़ाद सदन विजेता और प्रताप सदन उपविजेता रहे। साथ ही खेल एवं स्वास्थ्य विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। निबंध में प्रेम लखारा ने प्रथम और अनुराधा पारीक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्या सैनी और सोनू सैनी क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर संकाय सदस्य शेर सिंह, डॉ गजानंद शर्मा, भवानीशंकर, डॉ सुनीता मीणा, डॉ देवीलाल रोझ, सुभाष दहिया, राजकुमार झाकल, महेश कुमार, जयरतन, सुमन, अलका जांगिड़, लता गुर्जर सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी प्रतियोगिताओं का सफल संचालन डॉ प्रभाकर दीक्षित के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## चूरू में झमाझम बारिश का दौर जारी, जगह-जगह भरे पानी से आमजन का हाल-बेहाल

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** प्रदेशभर में इन दिनों हो रही बारिश ने आमजन के हाल-बेहाल करके रख दिये हैं, क्योंकि निकासी के अभाव में जगह-जगह भरे बरसाती से आमजन का जीना दूभर हो गया है। जिला मुख्यालय पर सोमवार को दो-तीन बार बारिश हुई, जिसमें शाम 4.30 बजे जबरदस्त बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार प्रातः 8.30 से शाम 5.30 बजे तक 35.07 एम.एम. बारिश हुई। वहीं अधिकतम तापमान 29.3 व न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बारिश के बाद शहर में चप्पे-चप्पे भरा पानी शहरवासियों के गले की फांस बन गया, क्योंकि इस जमा गंदे पानी में से गुजरने पर वाहन चालक व राहगीर कई बार चोटिल हो गये हैं, फिर भी प्रशासन आंखे बंद करके बैठा है। शहर में पानी की पूर्णतया निकासी नहीं होने के कारण कई घरों के लोगों का तो घर से बाहर निकलना भी काफी मुश्किल हो गया है और कई निचली बस्तियों में बारिश का पानी घरों के अंदर घुस जाने से यहां के लोगों के हालात अत्यधिक खराब हो गये हैं। आपको बता दें कि शहर के बाबोसा मंदिर वाली गली करीब पिछले एक माह से गंदे पानी से अटी पड़ी है। यहां के निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह शहर के लोहिया कॉलेज, रेस्ट हाउस के पास, नेचर पार्क के सामने, नया बस स्टैण्ड, भरतिया अस्पताल के सामने, जौहरी सागर, सुभाष चौक क्षेत्र, चांदनी चौक, भाईजी चौक सहित कई प्रमुख स्थानों पर बारिश का पानी जमा होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## भोजासर गांव में दो व्यक्तियों के मकान गिरे, बड़ा हादसा टला

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निसं.)** भोजासर गांव में सोमवार अल सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गांव में राकेश पुत्र जगमाल के घर पर शौचालय व एक ढारा बारिश के कारण गिर जाने से काफी नुकसान हुआ है। दूसरी और जगदीश पुत्र गुगन राम मेघवाल के एक कमरा व रसोई की पट्टियां व दिवार टूट कर गिरने से नुकसान हुआ है तथा अल सुबह 4 बजे के लगभग कमरे की दीवार में हल्की दरार आते ही वहां से परिवार के सदस्य समय रहते कमरे से बाहर निकल गए जिसके कारण एक बड़ा हादसा टला गया। अगर थोड़ी देर भी परिवार के मौजूद सदस्य कमरे से बाहर नहीं निकलते तो जान जोखिम में पड़ सकती थी। दोनों ही परिवार के मुखिया मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक इनके घरों के आसपास बारिश का पानी भराव के कारण मकानों में सीलन आने एवं लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण मकान गिरने का कारण माना जा रहा है। ग्राम पंचायत की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण यहां से पानी की निकासी का कोई स्थाई समाधान नहीं है जिसके कारण इन दो परिवारों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा। गनीमत यह रहा की इनकी सूझबूझ व समय रहते यह कमरों से बाहर निकल गए जिसके कारण एक बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इन परिवारों को जो भी नुकसान हुआ है उनकी भरपाई करते हुए मदद करनी चाहिए ताकि दोबारा से अपने मकान को बनवा सके।

## घड़वा जोहड़ गोगामेड़ी में गूंजी भजनों की स्वर लहरिया

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम मुनीमजी की ढ़ाणी स्थित घड़वा जोहड़ गोगामेड़ी में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत रविवार को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोनासर झुंझुनूं के अभयनाथ महाराज, झारिया धाम के आकाश नाथ महाराज, मुरलीपुरा जयपुर के निवृत्ति नाथ महाराज व चूरू के सोनू हारित ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अभयनाथ महाराज ने आरती उतारूं म्हारा अलखजती..., आकाश नाथ महाराज ने जड़ चेतन के माली व सांसों का क्या भरोसा.....जैसे आकर्षक भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित स्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया। भगत धर्मपाल सैनी ने साधु संतों व आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। सोमवार को गोगामेडी परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें ऊंट घोड़ी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में सहजूसर, ढ़ाणी मुनीम जी, घंटेल, सहित आसपास के गांवों के गोगा भक्तों ने गोगामेड़ी पहुंचकर निशानों की धोक लगाई।

## रक्तदान शिविर में 81 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ

**मण्डावा(निसं.)।** ग्राम पीपल का बास की गोगा मेडी मंदिर में सोमवार को स्व0 शंकर लाल जांगिड की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और निशुल्क नेत्र जांच, रक्त संबंधित जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 81 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। ज्ञात रहे रक्तदान के लिए टीम समर्पण ब्लड सेंटर झुंझुनूं और नेत्र जांच के लिए टीम सेंटर फॉर साइट झुंझुनूं, मेडिकल चेकअप टीम आरुणि मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल झुंझुनूं की टीम आई थी। जिसका आयोजन ग्राम पीपल के बास के युवाओं जिसमें शीशराम बुरड़क, मुकेश गांवड़िया,अमित सिहाग,रंगलाल जांगिड,सुरेश



खीचड़,अनील सिहाग,कृष्ण जांगिड, नरेश सिलाईच अन्य समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न करवाया गया।

## सविता राठी को मिला राजस्थान गौरव पुरस्कार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी को पंचायत में किए गए कई नवाचार तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु राजस्थान गौरव अवार्ड राजस्थान के राज्यपाल महामहिम हरीभाऊ बागड़े के कर कमलों से प्रदान किया गया है। जयपुर के आईटीसी होटल में संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित हुए इस समारोह में साहित्य, शिक्षा, कला, प्रशासनिक सेवा, आध्यात्मिकता, समाज सेवा, पुलिस सेवा, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले देश के कुल 28 व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। प्रधान संरक्षक एडवोकेट एच सी गणेशिया, संरक्षक गोविंद पारीक, कार्यक्रम संयोजक सुनील खेतपालिया ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। गोपालपुरा के उप सरपंच गणपत दास स्वामी, विक्रम पंच, बजरंग, राधिका, भंवरी कंवर, दिनेश पीपलवा, अनिल शर्मा, रामानंद आदि ने सुजानगढ़ पहुंचने पर सविता राठी का स्वागत किया और उनको बधाईयां दीं।

## तहसीलदार महेश ओला ने ग्रहण किया पदभार

जयपुर टाइम्स



**रींगस(निसं.)।** तहसील में गंगानगर से स्थानांतरित होकर आए तहसीलदार महेश ओला ने सोमवार को भैरु बाबा की पूजा-अर्चना के बाद पदभार ग्रहण किया। तहसीलदार महेश ओला ने भैरु बाबा की विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। इससे पहले पटवारी राकेश निठारवाल सहित तहसील कर्मचारी राजेश चौधरी, सुरेन्द्र सिंह आदि ने तहसीलदार ओला का स्वागत किया। गौरतलब है कि तहसीलदार विवेक कटारिया के खेरथल-तिजारा की मुण्डावर तहसील में स्थानांतरण के बाद तहसीलदार महेश ओला को रींगस तहसीलदार नियुक्त किया गया है।

## श्रीमद्भागवत कथा का सैकड़ों भक्तों ने किया अमृतपान



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह द्वितीय दिवस पर सीकर शहर स्थित अनिरुद्ध रेसीडेंसी पालवास रोड में ऋषिकेश देवाचार्य गणेश दास बैरागी के सानिध्य मे चल रहे भागवत सप्ताह के द्वितीय दिवस पर कथा रसपान में व्यास पीठ विराजित श्री बृजभूषण महाराज के मुखारविंद से संकीर्तन के साथ चौबीस अवतारों का वर्णन सुनाया। महाराज ने परीक्षित सुकदेव संवाद के साथ ही कहा कि प्रकृति सबसे बड़ी गुरु है जो जैसा बोएगा वैसा ही काटना है फिर भी मानव कबूतर की जैसे आंखे बंद करके मिथ्या आचरण कर रहा , कथा में सालासर से पधारे बांसुरी वादक कलाकार श्री देवकीनंदन आचार्य द्वारा भजन रस गंगा व बांसुरी वादन किया गया। कार्यक्रम में यज्ञिक आचार्य विक्रम शास्त्री, श्रीमाधोपुर पंडित दीपक पाराशर, भगवान राम गुर्जर, वीरेन्द्र बाटड़, श्यामजी अग्रवाल, राजेश वर्मा, दशरथ सिंह, मोहन लाल शर्मा, महिला मंडल प्रमुख सरिता शर्मा एंड पार्टी द्वारारात्रि में सुंदर भजनों के साथ राधारानी का जन्मोत्सव मनाया राजकुमारी जांगिड़, संगीता स्वामी, पिंकी अग्रवाल, रचना बाटड़ सहित सैकड़ों भक्तों ने कथा का अमृतपान किया।

## रींगस में श्री पितृदेव एसोसिएट का हुआ शुभारंभ




जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर स्काई वे सिटी के सामने श्री पितृदेव एसोसिएट का शुभारंभ किया गया। विश्व पितृ शक्ति पीठ ढोढसर आश्रम के महंत संत श्री भगवान जी महाराज द्वारा फीता काट कर नव प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया और अपने कर्म को पूजा मानकर संपन्न करने और रोजगार प्रगति के लिए हर प्रकार के उतार-चढ़ाव को सहन कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले पंडित ललित शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई गई। श्री पितृदेव एसोसिएट के निदेशक शैतान सिंह आमेरा ने बताया कि एसोसिएट कंपनी में प्रोपर्टी, वाहन का क्रय-विक्रय सहित वाहन इंस्योरेंस सुविधा उपलब्ध रहेगी इसी के साथ वाहन और मकान पर ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। उद्घाटन समारोह के दौरान शारदा कंवर, भवानी सिंह, रघुवीर सिंह, जितेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, बलबीर सिंह, रामसिंह, रामस्वरूप कुमावत, सागर मल गुर्जर, विनोद गुर्जर, दुलीचंद कुमावत, मूलचंद निठारवाल, गोपीराम योगी, रामेश्वर सिंह आदि मौजूद थे।

# स्काउट गाइड का एक दिवसीय अधिवेशन संपन्न, अतिथियों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन सेठ बुद्धमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र सोनगरा, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड प्रीति सेवदा, सहायक जिला कमिश्नर स्काउट शिव भगवान सिद्ध, ओमप्रकाश स्वामी, बीरबलराम मेव, सहायक जिला कमिश्नर गाइड सरिता पारीक, मधु बैद वरिष्ठ स्काउटर, रामलाल नाई वरिष्ठ गाइडर, सरोज पारीक आदि के मुख्यातिथ्य में अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सोनगरा ने कहा कि स्काउट गाइड संगठन एक अनुशासित एवं निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने वाला संगठन है। वर्तमान परिदृश्य में समाज को ऐसे संगठन की आवश्यकता है। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने सत्र 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। गत सत्र की उपलब्धियों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा ने सत्र 2024 25 का आय व्यय विवरण प्रस्तुत किया एवं सत्र 2025-26 का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया। जिसको सदन में ध्वनि मत से पारित किया। इस अवसर पर प्रीति सेवदा ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधि बालकों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। इस गतिविधि से बालकों में अनुशासन श्रम के प्रति निष्ठा स्वावलंबन समर्पण समाज व राष्ट्र सेवा की भावना का बिजारोपण होता है। इस अवसर पर ट्रेनिंग काउंसलर सुरेश कुमार घोटड़, विनोद कुमार मीणा, रतनलाल घींटाला, योगेश खींची, शिवराज सिंह चारण, मदन सिंह रायका, इंदु बाला वर्मा, अरुणा शर्मा, कृतिका गौड़, निशा माली, मीनाक्षी अग्रवाल, कृष्णा प्रजापत, अनीता सारण आदि ने गतिविधि के बारे में जानकारी प्रदान की। संयुक्त सचिव अरुणा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बाबा मोतिगिरि कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ, उद्घाटन मैच सवाई बड़ी टीम ने जीता

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव सवाई बड़ी में नवयुवक मंडल एवं श्री करणी मेडिकोज द्वारा बाबा मोतिगिरि कब्बड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता का रविवार रात्रि में अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नृत्यांगना लाडो बिटिया और बाल कलाकार राजवीर ने मनमोहक नृत्य से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि नवयुवक मंडल द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीन शेड व लाइब्रेरी निर्माण की मांग की गई थी। जिसमें से टीन शेड बनकर तैयार हो गया है। लाइब्रेरी निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। जिस पर मंडल अध्यक्ष लीलाधर राजपुरोहित ने आभार व्यक्त किया। उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, डेयरी चेयरमैन लालचंद मुंड, समाजसेवी राकेश मारोठिया, युवा विकास मंच के प्रमोद राजपुरोहित पातलीसर, विप्र फाउंडेशन नगर अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने किया। इस अवसर पर जिप सदस्य गिरधारीलाल पारीक, दशरथ सिंह राठौड़, मोहनलाल बाना, रामनिवास पारीक, एडवोकेट चैनप्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। संचालन जाकिर कालिया ने किया। उद्घाटन मैच सवाई बड़ी और गोमटीया के बीच खेला गया। जिसमें सवाई बड़ी की टीम विजेता रही। रैफरी की भूमिका पीटीआई योगेश खींची ने निभाई। प्रायोजक करणी मेडिकोज ने अपनी सेवाएं दी।

## हर्षिनी कुलहरी आज पाटोदा आयेंगी



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** जिला प्रमुख व भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी आगामी मंगलवार को गावं पाटोदा आयेंगी । दो दिवसीय बाबा रामदेवजी के भव्य मेंले का आयोजन पाटोदा में बाबा रामदेव सेवा समिति एवं पाटोदिया परिवार की ओर से आयोजित होगा। मंदिर पुजारी रामलाल एवं समिति सदस्य जुगल किशोर शास्त्री ने बताया कि 1 सितंबर को सुबह 10 बजे कबड्डी प्रतियोगिता उद्घाटन बाबा की जोत के साथ हुआ। रात्रि में भव्य जागरण में कलाकार हनीफ भाई नागोरी, सिंगर खुशी पालावत लक्ष्मणगढ़, डांसर सानिया व तारा जोधपुर आदि ने शानदार प्रस्तुतियां दी , 2 सितंबर को चौथमल पाटोदिया, सुनील पाटोदिया फाउंडेशन डूंगरमल पाटोदिया चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई द्वारा दिनभर भंडारा होगा। कबड्डी प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 21हजार एवं द्वितीय 11 हजार रुपये नगद होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र खींचड़ पूर्व सांसद एवं हर्षिनी कुलहरी जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रमुख भाजपा होंगी। विशिष्ट अतिथि श्री श्री 108 सोमनाथजी महाराज टांई धाम होंगे। फाइनल मैच के तुरंत बाद विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

# सरदारशहर के सोनपालसर गांव में अचानक धंस गई जमीन

### 60 फीट से अधिक गहरा गड्ढा बना, ग्रामीणों में बना दहशत का माहौल

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के गांव सोनपालसर में गांव से तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित गुसाईं जी महाराज की ओरण बणी धाम में सोमवार को सुबह जमीन अचानक धीरे-धीरे धंस रही है जो 60 फीट से अधिक अंदर धंस चुकी है। गांव के उम्मेदसिंह राठौड़ ने बताया कि जमीन के अन्दर बड़ा गड्ढा पड़ गया है। हमारे द्वारा प्रशासन को सूचना दी गई है। गड्ढा किस कारण पड़ा है। इससे पूरे गांव में आसपास के क्षेत्र में भय का माहौल देखा जा रहा है। एसडीएम डॉ द्विव्या चौधरी ने बताया कि जमीन धंसने की सूचना मिली है। मौके पर विकास अधिकारी सहित राजस्व विभाग की टीम को रवाना कर दिया है। कैसे जमीन धंसी है इसका पता लगा रहे है। नायब तहसीलदार प्रहलादराय पारीक ने बताया कि सरपंच सहित गांव के जिम्मेदार ग्रामीणों को पाबंद करते हुए इस गड्ढे से काफी दूर रहने का निर्देश दिया गया है। आस पास के इलाके में यह गड्ढा पड़ने के बाद में दहशत का माहौल बना हुआ है। सरपंच पूर्णनाथ सिद्ध ने बताया कि अभी सूचना मिलते ही आसपास के लोगों को अलर्ट कर दिया है। इधर एसडीएम चौधरी ने कहा कि कैसे जमीन धंसी है इसके बारे में हम कुछ कह नहीं सकते है। जांच होने के बाद में पता चलेगा।

## राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने एक बार फिर ज्ञापन देकर करवाया अवगत, मांग नहीं मानी तो सड़कों पर उतरेंगे कार्यकर्ता

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी ने उपखंड अधिकारी और पुलिस थाना अधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया है कि समय रहते कार्य नहीं किया गया तो फिर दो-चार दिन में मुख्य बाजार की रोड पर जाम लगाकर पार्टी एवं एक झंडा एक डंडा संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। संगठन संयोजक रुपचन्द सहारण ने बताया विभाग के अधिकारियों के बार-बार अवगत करवाने के बाद कानों में जू तक नहीं रेंगी हैं। जिनकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी और नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन देकर बार-बार अवगत करवाने के बाद भी कार्य नहीं हो रहा है। अर्जुन क्लब व्यामशाला एवं आशापूर्णा मंदिर के सामने काफी दुकानें स्थित है। हाल ही में नगर परिषद द्वारा इस क्षेत्र में सड़क निर्माण कराया गया। लेकिन काफी दुकानों के आगे निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया। दुकानों के आगे बड़े नाले बनाई गये जो वर्तमान में खुली पड़े है। खुले नाले हादसे को चुनौती दे रही है। जिस पर कोई जाली या पट्टिया नहीं लगाई गई है और ना ही उसे ढका गया है। उक्त नाले खुलें रहने से यहां से गुजरने वाले राहगीरों व विशेष रूप से विकलांग एवं विद्यालय जाने वाले बच्चे कई बार नाले में गिर जाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। इसके साथ खुले नाले के कारण क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। जिसे मच्छर पैदा होने से बीमारी की संभावना बढ़ रही है। सड़क पर एक डेयरी बुथ हैं एक ट्रांसफार्मर जो यातायात को प्रभावित करता है। बारिश के चलते कई बार ट्रांसफार्मर से जमीन के अंदर करंट दौड़ने से हादसे होने की संभावना रहती है। यातायात वाहनों को साइड देने में काफी परेशानी होती है। कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसलिए अर्जुन क्लब के घरों के लोग और दुकानदार, व्यापारी तीन-चार दिन में मुख्य सड़क जाम करेंगे। जिनकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## स्वामी गंतव्य राष्ट्रीय सम्मान 2025 से सम्मानित, गणमान्यजनों ने दी बधाईयां



**सरदारशहर(निसं.)।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं बरड़ासर निवासी गणेशदास स्वामी को रविवार को कांस्टिट्यूशन कल्ब ऑफ इण्डिया नई दिल्ली में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए गंतव्य राष्ट्रीय सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री पूर्व केंद्रीय मंत्री, मंगतराम सिंघल पूर्व मंत्री दिल्ली, संजीव पटजोशी आपीएस कर्नाटक, प्रदीप अग्रवाल चेयरमैन पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली, अजेन्द्रसिंह लोधी सांसद हमीरपुर उप्र व अन्य अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया। चयन समिति द्वारा 1039 में से 62 महिलाओं को राष्ट्रीय स्त्री शक्ति सम्मान एवं 15 समाज सेवा से जुड़े व्यक्तियों को गंतव्य राष्ट्रीय सम्मान 2025 एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर गंतव्य संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार त्यागी, अर्चना त्यागी तथा संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खेल प्रतियोगिताओं में विजेताओं को किया पुरस्कृत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** समीप के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मीठड़ी में खेल दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य रुड़मल महरिया ने कहा कि खेलों से व्यक्तित्व का विकास होता है तथा विद्यार्थी टीम भावना, संघर्ष तथा अनुशासन का महत्व सीखते है। खेल प्रभारी डॉ शंकरलाल आलडिया व सहीराम मेघवाल ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी-ऊंची कूद तथा सतोलिया जैसे पारंपरिक जबकि म्यूजिकल चैयर, बिस्किट रन, चील-झपट्टा तथा सैट ग्लास जैसे रोचक खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश राठी व राजेश कुमार ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अध्यापक विक्रम सिंह, ममता चौधरी, महेन्द्र वर्मा, प्रवीण नारनौलिया, देवीलाल मांजु, रामचंद्र मीणा, बसंती सारण, सुमन बाजिया, सज्जन कंवर, जगदीश, सुनीता कुमारी तथा मनीषा भी मौजूद थे।

## गोगावास में कलशयात्रा निकाली गई



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करते हुए गोगावास में सोमवार को श्री बाबा रामदेव जी महाराज के मन्दिर से पुजा अर्चना करते हुए श्री तुलसी दास जी महाराज की समाधी स्थल (श्री कृष्ण गौशाला) तक कलश यात्रा निकाली गई। जानकारी देते हुए श्रृद्धालुओं ने बताया कि इस कलशयात्रा में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पुजारी श्रीराम कामड़ व अन्य गोपाल लाल सांई, माली राम साँई, रूडा राम काला, जगदीश काला, नारायण लाल मलिंडा, माला राम मलिंडा, हनुमान साँई, सांवर मल, सुशील, रघुवीर सिंह, गोपाल कुमावत, फत्ता राम कुमावत, करण सिंह, मांगी लाल, ओमेंद्र सिंह सहित बच्चो, महिलाओं, गणमान्य लोग सहित अन्य लोग भी शामिल रहे।

## दांता में संत निरंकारी सत्संग समागम का हुआ आयोजन



### सीकर चुरू झुंझुनूं जिलों से आए महात्मा व सत्संगी

जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** दांता में संत निरंकारी सत्संग समागम का विशाल आयोजन हुआ। जानकारी देते हुए दांता निरंकारी संयोजक भंवरलाल कुमावत ने बताया कि निरंकारी समागम दांता में जीणमाता रोड़ पर स्थित करणीकोट में रविवार को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुआ। यह सत्संग हिंदी और अंग्रेजी में हुआ। इस सत्संग में सीकर चुरू झुंझुनूं जिलों के पांच दर्जन के महात्मा, सत्संगियों ने भाग लिया। सत्संग समागम के मुख्य वक्ता महात्मा नरेशजी दिल्ली रहे जिन्होंने महात्माओं, सत्संगियों को बताया कि गुरु वचन मानने से जीवन आनंद से भर जाता है, तथा जिस प्रकार हम अपने बच्चों का ध्यान रखते हैं उसी प्रकार प्रभु परमात्मा भी अपने बच्चों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि निरंकारी सेवा, सुमिरन व सत्संग की सीख देता है। सत्संग समागम के बाद लंगर प्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें सभी सत्संगियों महात्माओं ने प्रसादी ग्रहण की। दांता निरंकारी संयोजक भंवर लाल कुमावत ने सभी का आभार जताया।

## शिक्षित युवा राजपूत महासभा का जनजागरण अभियान



**मण्डावा(निसं.)** झुंझुनू युवा राजपूत महासभा द्वारा सोमवार को शिक्षित युवा राजपूत जन जागरण अभियान की शुरुआत दुराना से की इस अभियान के अंतर्गत दुराना कुमास हेतमसर लुमास लुमास के बास में संपर्क किया इस अभियान के अंतर्गत सिर्फ ग्रेजुएशन किया हुए युवाओं को ही सदस्य बनाया जाएगा । दुराना में अमीत सिह राठौड़ यशविंदर सिंह राठौड़ दर्शन सिंह राठौड़ कुमास मेचंद्रपाल सिंह शेखावत मान सिंह शेखावत संदीप सिंह शेखावत हेतमसर मे सुरेंदर सिंह शेखावत श्रवण सिंह शेखावत को सदस्य बनाये दलीप सिंह वाहिदपुरा के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान को युवाओं का जबरदस्त समर्थन मिल रहा हैं ।

# जमकर बरसे बादल, जगह, जगह भरा आम रास्ते में बरसात का पानी

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में सोमवार सुबह से ही करीब 2 घंटे जमकर बरसात हुई जिस कारण आम रास्तों, सड़क मार्ग पर पानी का भराव हो जाने के कारण आवागमन पूर्ण रूप से बाधित रहा। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह से ही रिमझिम बरसात का दौर शुरू हुआ देखते देखते ही मूसलाधार बरसात शुरू हो गई जो करीब 2 घंटे तक जारी रही बरसात के कारण आवागमन पूर्ण रूप से बाधित रहा साथ ही बाजारों व बस स्टैंड पर सुनसान का माहौल बना रहा, जानकारी के अनुसार तेज बरसात के कारण गढटकनेत से ढाणी हनुमान सागर, रामचंद्र वाली ढाणी एवं दिवराला जाने



वाले आम रास्ते, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढटकनेत से लेकर शिव मंदिर तक के आम रास्ते, नीमकाथाना सड़क मार्ग पर स्थित निजी शोरूम के सामने, अजीतगढ़ के शाहपुरा सड़क मार्ग स्थित अग्रवाल पेट्रोल पंप से लेकर मडुस्या मोड तक, चौधरी कॉलोनी, डेसरी मोहल्ला सेंट्रल बैंक के सामने का रास्ता, अजीतगढ़ के मुख्य बाजार में स्थित पुरानी उप तहसील से रीको जाने वाले रास्ते, मुख बाजार, मुख्य बाजार से कुसुमपुरा जाने वाले आम रास्ते समेत कई आम रास्तों में बरसात के पानी का भारी भराव हो जाने के कारण आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहा जिस कारण जगह-जगह पानी भर जाने के कारण नगर पालिका की पोल खुल गई तो दूसरी तरफ लोगों ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत एवं विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा केबल डालते समय तोड़े गए सीसी सड़क मार्गों के कारण पड़े गड्ढों मे पानी भर जाने के कारण आवागमन पूर्ण रूप से बाधित रहा। बरसात के कारण कस्बे समेत क्षेत्र के गांव में स्थित छोटे बड़े जोहड़े, तालाब,बाधे, बांधों में पानी की बढ़ोतरी हुई। भारी बरसात के कारण अजीतगढ़ ब्लॉक की कई सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की जल्दी छुट्टी कर देनी पड़ी। फोटो कैप्शन फोटो नंबर एक अजीतगढ़ की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने भर पानी में से होकर गुजरते लोग वह वाहन। फोटो नंबर दो गढटकनेत की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से शिव मंदिर तक के आम रास्ते में भरा पानी।

## 26 टीबी के मरीजों को वितरित किए गए टीबी दवाई के किट



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे के बाबा नारायण दास राजकीय उप जिला चिकित्सालय को श्री श्याम कमेटी खाटूश्यामजी द्वारा निशुल्क वितरित टीबी दवाई के किट वितरित किए हैं। जिस कारण चिकित्सालय ने 26 टीबी के मरीजों को ये दवा के किट वितरित किए। उपजिला अस्पताल अजीतगढ़ के टीबी रोग प्रभारी डॉ राजेश बाजिया ने बताया कि खाटूश्यामजी की श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा टीबी सेंटर सीकर को अजीतगढ़ के उप जिला चिकित्सालय के लिए 30 पोषण टीबी दवा के कीट निशुल्क वितरित किए थे जिस कारण सोमवार को टीबी सेंटर सीकर द्वारा ये किट अजीतगढ़ चिकित्सालय को भेजे गए जिस कारण अजीतगढ़ अस्पताल में टीबी के 30 मरीज का उपचार चल रहा है जिस कारण सोमवार को 26 मरीजों को ये दवा के कीट निशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉक्टर बाजिया, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सुगन सैनी, सुनील मंगावा समेत कई चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

## रींगस में महज दो घंटे की बारिश से स्टेशन बाजार जलमग्न, गंदे पानी से गुजरने को मजबूर श्याम श्रद्धालु



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** शहर में महज 2 घंटे की बारिश ने ही प्रशासन के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है। शाम 6 बजे से 8 बजे तक हुई झमाझम बारिश ने स्टेशन बाजार को जल मग्न कर दिया। रेलवे स्टेशन बाजार में करीब 2 फीट तक पानी भर गया जिससे श्याम भक्तों को गंदे पानी से गुजरने को मजबूर होना पड़ा। स्थानीय नगर निकाय को कोसते हुए श्याम भक्त गंदे पानी से गुजरे। वही सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों और महिलाओं को हुई। वाहन भी जल भराव के चलते बीच सड़कों पर बंद हो गए। जिनको वाहन चालक घसीटते हुए नजर आए। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा हाल ही में गंदे पानी निकासी के नाले डलवाए गए हैं जिनके बाद सड़क की मरम्मत भी नहीं करवाई गई जिसके चलते चैंबरों के पास गहरे गड्ढे हो गए। जो पानी में दिखाई भी नहीं दे रहे जिससे बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है।

## लाटा बनी स्टेटजूडो चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता



जयपुर टाइम्स

**कांवट(निसं.)।** लोहागढ़ भरतपुर में आयोजित जूडो चैंपियनशिप स्टेट के जूनियर और क्रेडिट की जूडो प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें गांव खेड़ी जाजोद की रौनक लाटा ने राज्य स्तर स्तर कांस्य पदक जीत कर परचम लहराया। लाटा को इस बारे में जब पूछा गया है तो उन्होंने इसका श्रेय मैं चैंपियंस ग्रुप के डायरेक्टर आशुतोष जी को देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे खेल के लिए प्रेरित किया एवं मेरी कोच कविता जी को देना चाहती हूं जिन्होंने मेरे को अल्प समय में प्रशिक्षित करने की कड़ी मेहनत की। पदक जीतने पर जूडो संघ के जिला अध्यक्ष महेश खोकर, जिला सचिव नारायण कुमावत, नन्द किशोर जांगीड़, रंगलाल स्वामी, आशुतोष कुमावत, रमेश कुमार शर्मा ने बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## भामाशाह ने स्कूल में फर्श डलवाने एवं चार दिवारी बनाने की घोषणा



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम दिवराला की ढाणी मालियों वाली में स्थित महात्मा गांधी राजकीय इंग्लिश विद्यालय में भामाशाह ने स्कूल में पक्की फर्श डलवाने एवं चारदीवारी बनाने की घोषणा की जिस कारण विद्यालय प्रशासन ने इन भामाशाह का सम्मान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गजानंद शर्मा ने बताया कि दिवराला के भामाशाह सरोज कुमार सैनी उर्फ़ पप्पू मिस्त्री, पूरणमल सैनी समेत कई ग्रामीण सोमवार को विद्यालय में उपस्थित होकर पढ़ाई के स्तर की जांच की एवं पढ़ाई का स्तर अच्छा पाए जाने विद्यालय प्रशासन की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य शर्मा ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थी तीन टीन शैडो के नीचे बैठकर पढ़ाई करते हैं जिस कारण नीचे जो फर्श है वह कच्ची होने के कारण विद्यार्थियों को बैठाने में परेशानी होती है जिस कारण इन भामाशाहों ने विद्यालय प्रशासन के सामने घोषणा करते हुए कहा कि अक्टूबर माह तक के उनके नीचे पक्की फर्श बना दी जाएगी साथ ही 5-5 फीट की दीवार भी बनाई जाएगी साथ ही घोषणा की गई की विद्यालय विकास के लिए अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रशासन की तरफ से भामाशाह पप्पू मिस्त्री का शाल, सापा, दुपट्टा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया।

## केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नायक का सांवलपुरा तंवरान के ग्राम किशनपुरा पहुंचने पर किया स्वागत

### धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में पहुंचे थे मंत्री



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम पंचायत सांवलपुरा तवरान के ग्राम किशनपुरा में स्थिति जीण माता और पितरों के मंदिर में पहुंचे केंद्रीय मंत्री श्रीपद नायक का ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर एक ग्रामीणों ने स्कूल में विकास कार्य करने एवं मंदिर में सौर ऊर्जा लगाने की मांग का ज्ञापन भी दिया जिस कारण मंत्री ने आश्वासन दिया कि दोनों काम जल्दी ही करने की कोशिश की जाएगी। टोडा, चीपलाटा भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि मंत्री नायक सोमवार को सांवलपुरा तंवरान ग्राम पंचायत के ग्राम किशनपुरा में स्थित जीण भवानी मंदिर एवं पीतरो के मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने आए थे इस दौरान मंदिर कमेटी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री ने जीण भवानी एवं पितरों के मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की एवं मन्नत मांगी मंत्री करीब 1 घंटे तक मंदिर में पूजा अर्चना की उसके बाद ग्रामीणों ने मंत्री से ग्राम की स्कूल में विकास के कार्य करवाने एवं मंदिर परिसर में सौर ऊर्जा लगाने की मांग का ज्ञापन दिया जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही उनकी यह मांग राज्य सरकार को भेज कर पूरी कराई जाएगी साथ ही केंद्र सरकार से भी जो सहायता होगी वह उपलब्ध करवाई जाएगी इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि जब से केंद्र में मोदी की सरकार आई तब से धार्मिक स्थलों का भारी विकास होना शुरू हो गया है हर धार्मिक स्थल की सुरक्षा हो रही है साथ ही धार्मिक स्थलों का विकास भी हो रहा है उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वेद धार्मिक स्थलों के विकास में खुद भी सहयोग करें एवं सरकार से भी सहयोग ले साथ ही जहां भी धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं वहां शामिल हो। इस अवसर पर दौलत राम गोयल, टोडा, चीपलाटा भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा, बाबूलाल धुंधला, रोहिताश वर्मा, अभीर सिंह, गीगराज मीणा, किशन सिंह समेत विद्युत विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रतापपुरा में तेजा दशमी पर्व पर मेला भरेगा आज भंडारा लगेगा

### लोक कलाकारो द्वारा तेजा गायन की प्रस्तुति होगी

**कांवट(निसं.)।।** तेजा दशमी पर्व पर मंगलवार को श्री वीर तेजाजी धाम प्रतापुरा में विशाल मेला भरेगा एवं भंडारा आयोजित होगा। इस मौके पर भजन गायक कलाकारो द्वारा तेजा गायन लोक गीतो की प्रस्तुति होगी जिसमें दर्जनभर लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम आयोजकों ने आस पास के गांवो में प्रचार प्रसार कर तेजाजी महाराज के मंदिर पर विशेष सजावट कर मंदिर परिसर पर लोगों के ठहराव की व्यवस्थाएं कर की है।

## भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने की जनसुनवाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने सोमवार को अपने निज निवास पर जनसुनवाई की एवं आमजन से मुलाकात कर समस्याएं सुनी। ग्रामीण व शहर से आये लोगों ने पानी, बिजली, जल भराव, आपसी विवाद आदि की समस्याओं से जांगिड़ को अवगत करवाया तो वहीं जांगिड़ ने आमजन से रूबरू होकर इनकी समस्याओं को सुनकर समाधान करने का प्रयास किया जांगिड़ ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में तारानगर परिवार की सेवा के लिए सम्पूर्ण भाजपा टीम के साथ कृतसंकल्पित हूं। इस दौरान तारासिंह राठौड़, मोहरसिंह राठौड़, कप्तान करणीसिंह, रणजीत सिंह तंवर, पप्पूसिँह राठौड़, पार्षद नरेश सैनी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## रींगस में रामलीला मंचन को लेकर किया बली मुहुर्त



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** कस्बे के आजाद चौक में श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले रामलीला मंचन को लेकर सोमवार को बली का मुहुर्त किया गया। मंडल के मंत्री श्रवण सैन ने बताया कि 22 सितंबर से आयोजित होने वाली 11 दिवसीय रामलीला मंचन से पूर्व आजाद चौक में पंडित गोपाल शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवा कर बली का मुहुर्त किया गया। मुहुर्त के दौरान यजमान राजीव नरेड़ी द्वारा पूजा कार्य संपन्न किया गया। गौरतलब है कि रींगस में पिछले कई सालों से भगवान राम के जीवन पर आधारित रामलीला का जीवंत मंचन किया जाता है जिसको देखने के लिए शहर सहित आसपास के गांवों से हजारों लोग पहुंचते हैं। रामलीला मंचन में भागीदारी निभाने वाले पात्रों को रिहर्सल करवाया जा रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरिप्रसाद बलौदा, उपाध्यक्ष पोखर मल कुमावत, कैलाश चंद बींवाल, कैलाश छीपा, मोहनलाल जांगिड़, बजरंग बुल्ला, केसी राजा, गौरव जांगिड़, हिमांशु पारीक, मनोज जांगिड़, अरुण बावड़ीका,अनीस जांगिड़, आदित्य शर्मा, मिलन पारीक, भानू जोशी, नाहर सिंह वर्मा आदि मौजूद थे।

## रींगस के सामोता ने तैराकी में जीते 9 स्वर्ण पदक, बेस्ट तैराक का अवार्ड भी किया हासिल



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 7 के राजेश कुमार सामोता ने बीएसएफ फ्रंटियर तैराकी प्रतियोगिता में 9 स्वर्ण पदक हासिल करके क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बेस्ट तैराक का अवार्ड भी राजेश को मिला। सीमा सुरक्षा बल के जवान राजेश सामोता ने बताया कि दिल्ली में आयोजित हुई बीएसएफ फ्रंटियर तैराकी प्रतियोगिता में जम्मू फ्रंटियर की ओर से भाग लेकर पदक जीते। तैराक सामोता ने अपनी सफलता का श्रेय कोच बारूराम की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन को दिया है। गौरतलब है कि राजेश सामोता 53 वीं बटालियन में कार्यरत हैं।

# देवनगरी मडुस्या मे भरा मेला, आयोजित हुआ भंडारा एवं भजन

### करीब 5 दर्जन से ज्यादा मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम देवनगरी मडुस्या मैं स्थित देवनारायण भगवान, शंकर भगवान, हीरामल जी, तेजाजी, हनुमानजी एवं कालस महाराज की असीम कृपा से सोमवार को मेले का आयोजन किया गया साथ ही भंडारा एवं भजनों का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ इसके अलावा करीब पांच दर्जन मेधावी विद्यार्थियों को त्रिवेणी के संत राम रिछपालदास महाराज अपने हाथों से सम्मान किया। जानकारी के अनुसार इस मंदिर परिसर में रविवार की रात गोपीयों व महासियो द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने भजन संध्या का आनंद लिया इसके बाद सोमवार को मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया एवं विभिन्न



देवताओं की पूजा अर्चना करें मन्नत मांगी इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर सोमवार सुबह से ही मंदिर परिसर में नेहडा भजन कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई इसके बाद मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास महाराज ने करीब 5 दर्जन विद्यार्थियों को भगवान की फोटो, प्रशन्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि



लगातार लोगो का धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति मोह बढा है। उन्होंने कहा कि जहां भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है लोग उन धार्मिक कार्यक्रमों में जाकर लाभ उठाएं ताकि उनको पुण्य की प्राप्ति हो सके। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों में अपनी मेहनत की कमाई में से कुछ राशि खर्च करें एवं रोजाना मंदिरों में जाकर सुबह-शाम भगवान के दर्शन कर पूजा अर्चना करें ताकि उनको शांति मिल सके। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री पूरणमल गुर्जर, युवा कांग्रेसी नेता मनोज गुर्जर, सीताराम गुर्जर, श्रवण कुमार गुर्जर, बाबूलाल, कालूराम, पूर्व सरपंच जगदीश गुर्जर, सुभाष चंद्र, कालू यादव, छीतर नेता, रामजीलाल गुर्जर समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे। तो दूसरी तरफ गढटकनेत के आसपुरा मोड पर स्थित कालिदास महाराज के मंदिर में सोमवार को मेले का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंच कर मेले का आनंद लिया एवं कालिदास महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजनों का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग करीब 5 घंटे बैठ कर भजनों का आनंद लिया। दूसरी तरफ सांवलपुरा शेखावतान गांव में स्थित गुडला वाले हनुमान मंदिर में 6 सितंबर को मेले का आयोजन होगा साथ ही 5 सितंबर की रात्रि बाहरी भजन कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा साथ ही हनुमान जी की झांकी भी सजाई जाएगी। यह जानकारी मंदिर के पुजारी हजारीलाल शर्मा ने दी है।